

अखबार जो बदल दे नजरिया
# राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 344 epaper.rashtriyakhabar.com मार्गशीर्ष, शुक्लपक्ष अष्टमी, विक्रम संवत 2080

## विदुर नीति

दृश्यन्ते हि महात्मनो बध्यमानाः स्वकर्मभिः।
इन्द्रियाणामनीशत्वाद्राजानो राज्य विभ्रमैः॥

भावार्थ : इंद्रियों को वश में न कर पाने के कारण बड़े बड़े संत महात्मा भी अपने कर्मों से और महाराजा भी भोग-विलासों से बंधे हुए देखे जाते हैं।



रांची पारा अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 21.00 °c | 09.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 17.07 बजे
सूर्योदय (कल) ›› 06.25 बजे

## बंगलादेश में उपद्रवियों ने ट्रेन में आग लगाई चार की मौत

**ढाकाः** बंगलादेश की राजधानी ढाका में मंगलवार तड़के उपद्रवियों ने एक ट्रेन के तीन डिब्बों में आग लगा दी जिससे चार लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। यहां की स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। बंगलादेश के रेल मंत्री नुरुल इस्लाम सुजान ने पत्रकारों को बताया कि अगले महीने होने वाले राष्ट्रीय चुनाव से पहले सरकार से इस्तीफा देने की मांग पर दबाव बनाने के लिए देश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी द्वारा बुलाए गए देशव्यापी हड़ताल के बीच आज तड़के करीब पांच बजे यह घटना घटी। सूचना मिलते ही, तीन अग्निशमन इकाइयां घटनास्थल पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद तीन डिब्बों मे लगी आग पर काबू पाया। इस बीच, ट्रेन से बाहर निकलने के दौरान कई लोगों को चोटें आई। बंगलादेश की मुख्य विपक्षी पार्टी बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और उसके सहयोगियों ने सात जनवरी के आम चुनाव को देखते हुए आज सुबह से शाम तक हड़ताल का आह्वान किया है।

## चीन में भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 105

**जिशीशानः** चीन के उत्तर-पश्चिमी प्रांत गांसु के जिशीशान काउंटी में आए तेज भूकंप के झटकों से मरने वालों की संख्या बढ़कर 105 हो गयी है। प्रांतीय आपातकालीन प्रबंधन विभाग के प्रवक्ता हान शुजुन ने मंगलवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। स्थानीय समयानुसार सोमवार देर रात करीब 11:59 बजे आया था जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.2 मापी गयी। भूकंप का केन्द्र जमीन से 10 किमी गहराई में गांसु के एक काउंटी से लगभग आठ किमी दूर था। घटना में 199 लोग घायल हुए हैं और 6,381 घरों को नुकसान पहुंचा है। तेज भूकंप के झटकों से सड़कें क्षतिग्रस्त हो गयीं और कुछ क्षेत्रों में बिजली तथा दूरसंचार ठप हो गया है। क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचों की मरम्मत के लिए कार्य जारी है।

## वायुसेना ने बाढ़ में फंसी ट्रेन से चार यात्रियों को बचाया

**थुथुकुडीः** भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर ने मंगलवार को टूडुकुडी जिले के श्रीवेंकुटम रेलवे स्टेशन भारी बाढ़ में फंसी तिरुचेंदुर-चेन्नई एगमोर चेंदूर एक्सप्रेस रेलगाड़ी से एक डेढ़ साल के बच्चे और उसकी गर्भवती मां सहित चार लोगों को बचाया। रेलवे सूत्रों ने बताया कि ट्रेन तिरुचेंदुर से रविवार को रात आठ बजकर 25 मिनट पर 800 यात्रियों को लेकर रवाना हुई। ट्रेन को रात में नौ बजकर 19 मिनट पर श्रीवेंकुटम रेलवे स्टेशन पर रेलवे पटरियों पर पानी भरे होने के कारण रोक दिया गया। बचाव कर्मियों की सहायता से फंसे हुए लगभग 300 यात्रियों को तेजी से नजदीकी सरकारी स्कूल में स्थानातंरित कर दिया गया। शेष पांच सौ यात्रियों को मार्ग में पुल पर भारी बारिश के कारण बचाव कार्य बाधित हो गया। एनडीआरएफ सहित बचाव टीमें सड़कों पर पानी भरे होने के कारण फंसे हुए यात्रियों तक नहीं पहुंच पाए। राज्य सरकार ने वायुसेना से बचाव और सहायता अभियान चलाने में मदद मांगी।

## नक्सलियों का विशालकाय स्मारक ध्वस्त

**सुकमाः** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के सलातोंग गांव में नक्सलियों द्वारा बनाये गए विशालकाय स्मारक को पुलिस द्वारा आज ध्वस्त कर दिया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण के निर्देशन में एएसपी नक्सल ऑपरेशन प्रभात कुमार के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पुलिस जवान सुबह सलातोंग गांव पहुंचे और गांव के बीच बने नक्सली स्मारक को जेसीबी के माध्यम से ध्वस्त कर दिया। पूरे जिले में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। दरअसल, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश के परिपालन में पुलिस एवं सुरक्षा बलों द्वारा राज्य में नक्सलियों के विरुद्ध कार्रवाई तेज कर दी गयी है। नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत बस्तर अंचल के सुदूर इलाकों में एरिया डामिनेशन और काम्बिंग शुरू कर दी गई है।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**निलंबन** › भारत के संसदीय इतिहास में नया कीर्तिमान स्थापित

# संसद से विपक्ष के 141 सांसद निलंबित

- अगले तीन दिन तक चलेगा संसद
- गैर भाजपा वाले सत्ता के साथ हैं
- सिर्फ सवाल पूछने का यह नतीजा



राष्ट्रीय खबर

**नईदिल्लीः** मंगलवार को लोकसभा के 49 सांसदों के निलंबन के बाद, मौजूदा सत्र में संसद के दोनों सदनों में कुल 141 विपक्षी सांसद निलंबित हो गए। क्या संसद में एकल बहुमत के शासन से विपक्षी दल थोड़ा सहज हो गए हैं? क्योंकि मंगलवार को 49 लोकसभा सांसदों के निलंबन के बाद मौजूदा सत्र में संसद के दोनों सदनों में कुल 141 विपक्षी सांसद निलंबित हो गए हैं।
संसद का शीतकालीन सत्र शुक्रवार तक चलने वाला है। जाहिर तौर पर शीतकालीन सत्र के बचे तीन दिनों में 100 से भी कम विपक्षी सांसद संसद के ऊपरी सदन राज्यसभा में सत्ता पक्ष से सवाल पूछने वाले हैं। निचले सदन लोकसभा में करीब 100 विपक्षी सांसद हैं। इन विपक्षी सांसदों में आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ जगनमोहन रेड्डी की पार्टी वाईएसआर कांग्रेस के सांसद भी शामिल हैं। इस सूची में ओडिशा की सत्तारूढ़ पार्टी नवीन पटनायक की बीजेडी के राज्यसभा और लोकसभा सदस्य भी शामिल हैं। हालाँकि वे खटायकलाम में विपक्षी खेमे का हिस्सा हैं, लेकिन इन दोनों दलों के सांसदों को हाल के दिनों में कई बार विभिन्न बहसों या विधेयकों को पारित करने में सत्तारूढ़ भाजपा के साथ खड़े देखा गया है। उस संख्या को ध्यान में रखते हुए, संसद में विपक्षी खेमा अधिक अल्पसंख्यक होगा। हालांकि, लोकसभा में भाजपा और एनडीए गठबंधन के 300 से ज्यादा सदस्य हैं। इस सत्र में सत्ता पक्ष के किसी भी सांसद को निलंबित ›› पेज 2 भी देखें

किसान मारोट्टीपराम्बिल प्रजीश की मौत के 10वें दिन जानवर को पिंजरे में बंद कर दिया गया

## वायनाड का आदमखोर बाघ जाल में पकड़ा गया



राष्ट्रीय खबर

**तिरुअनंतपुरमः** सुल्तान बाथरी के पास वेकेरी, कूडाल्लूर का आदमखोर बाघ सोमवार को कई दिनों की प्रतीक्षा के बाद वन विभाग द्वारा बिछाए गए जाल में फंस गया। कूडाल्लूर के डेयरी किसान मारोट्टीपराम्बिल प्रजीश की मौत के 10वें दिन जानवर को पिंजरे में बंद कर दिया गया। वन विभाग ने उन स्थानों पर कई जाल बिछाए थे जहां जानवर के पैरों के चिह्न पाए गए थे। बाघ कोलानिकवाला में एक कॉफी बागान में लगाए गए पिंजरे में फंस गया था, उस स्थान के पास जहां जानवर ने 9 दिसंबर को किसान को मार डाला था। डॉ अरुण जकारिया के नेतृत्व में पशु चिकित्सा टीम वन पशु चिकित्सकों के साथ जानवर की जांच कर रही है। सूत्रों ने कहा कि जानवर को जल्द से जल्द सुल्तान बाथरी में वन्यजीव वार्डन के कार्यालय के पास पशु धर्मशाला में स्थानांतरित कर दिया जाएगा।
इस बाघ ने इससे पहले मवेशियों को मार डाला था। उसे पकड़ने के लिए लगाये गये पिंजरों में पुलपल्ली में पिंजरे में यह बाघ अंततः फंसा। इस बाघ के पकड़े जाने के बाद किसानों की घेराबंदी खत्म हो गयी है। जो इसी मुद्दे प? आंदोलन कर रहे थे। अब विभाग के मुताबिक बाघ को त्रिशूर चिड़ियाघर में स्थानांतरित किया जाएगा कुडाल्लूर में एक कॉफी बागान में पिंजरे में बंद बाघ के साथ वन विभाग की टीम की किसानों की घेराबंदी बाघ के जाल में फंसने के छह घंटे बाद रात 8 बजे खत्म हो गई।
वैसे बाघ के पकड़े जाने के बाद क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने सड़क अवरुद्ध कर दी, वन विभाग के कर्मियों को बाघ को स्थानांतरित करने से रोक दिया और मांग की कि उसे मार दिया जाए, जैसा कि वन मंत्री ने पहले वादा किया था। वायनाड वन्यजीव वार्डन दिनेश कुमार और ›› पेज 2 भी देखें

## ईडी ने केजरीवाल को पूछताछ के लिए फिर बुलाया



राष्ट्रीय खबर

**नई दिल्लीः** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने शराब नीति मामले में पूछताछ के लिए बुलाया है। श्री केजरीवाल को गुरुवार को बुलाया गया है। यह दूसरी बार है जब केंद्रीय एजेंसी ने आम आदमी पार्टी प्रमुख को तलब किया है; पहला 2 नवंबर को था। श्री केजरीवाल ने मध्य प्रदेश में अपनी पार्टी के लिए प्रचार करने का विकल्प चुनते हुए, उस सम्मन को छोड़ दिया था। इसके बाद आप नेता ने ईडी को पत्र लिखकर कहा कि वह मध्य प्रदेश में चुनाव प्रचार में व्यस्त होने के कारण इसमें शामिल नहीं हो सके। उस दिन उन्हें गिरफ्तार किए जाने की अटकलों के बीच, श्री केजरीवाल ने समन को अवैध और राजनीति से प्रेरित बताया था और इसे वापस लेने की मांग की थी। समन में यह निर्दिष्ट नहीं किया गया है कि मुझे एक व्यक्ति के रूप में या मेरी क्षमता के रूप में बुलाया जा रहा है। दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में, या आप के राष्ट्रीय संयोजक के रूप में, उन्होंने केंद्रीय एजेंसी को लिखा।
नियम कहता है एक व्यक्ति तीन बार समन छोड़ सकता है, जिसके बाद एजेंसी एक गैर-जमानती वारंट सुरक्षित कर सकती है। अप्रैल में, सीबीआई ने श्री केजरीवाल से एक गवाह के रूप में नौ घंटे तक पूछताछ की, जिसके बाद उन्होंने एजेंसी की आलोचना की। लोधी रोड कार्यालय में पूछताछ के बाद उन्होंने कहा, सीबीआई ने मुझसे 56 सवाल पूछे लेकिन सब कुछ फर्जी है। मुझे यकीन है कि उनके पास हमारे बारे में कुछ भी नहीं है, सबूत का एक भी टुकड़ा नहीं। श्री केजरीवाल इस मामले में अपनी पार्टी को भी आरोपी बनाए जाने की बात फिर से दोहराएंगे, जो भारतीय राजनीति में अभूतपूर्व पहली घटना होगी। सुप्रीम कोर्ट ने अक्टूबर में प्रवर्तन निदेशालय से यह सवाल किया था - राजनीतिक दल को अभी तक आरोपी क्यों नहीं बनाया गया। वैसे अब तक जांच एजेंसिया वाकई कोई ऐसा सबूत सामने नहीं ला पायी हैं, जिसे देखकर आम आदमी को भरोसा हो कि कोई गड़बड़ी हुई है।

## अल कायदा ने दक्षिण अफ्रीका बंधक को छह साल बाद छोड़ा



**केप टाउनः** दक्षिण अफ़्रीकी बंधक गेरको वैन डेवेंटर को अल-कायदा आतंकवादियों ने रिहा कर दिया है।एक धर्मार्थ संस्था ने कहा है कि अल-कायदा से जुड़े उग्रवादी इस्लामवादियों ने छह साल से अधिक समय पहले लीबिया में बंधक बनाए गए एक दक्षिण अफ़्रीकी अर्धसैनिक को मुक्त कर दिया है। गिफ्ट ऑफ द गिवर्स ने कहा कि इसने गेरको वैन डेवेंटर की बिना शर्त रिहाई की सुविधा प्रदान की है। चैरिटी ने वैन डेवेंटर को सबसे लंबे समय तक बंधक बनाए रखा गया दक्षिण अफ़्रीकी बंधक बताया। इसमें कहा गया है कि उसे 2017 में लीबिया में एक अज्ञात समूह द्वारा जब्त कर लिया गया था, एक साल बाद माली में आतंकवादी इस्लामवादियों को बेच दिया गया और अल्जीरिया में छोड़ दिया गया। माली के एक सुरक्षा सूत्र ने समाचार एजेंसी एएफपी से पुष्टि की कि 48 वर्षीय वैन डेवेंटर को रिहा कर दिया गया है। इसने एक मानवीय स्रोत के हवाले से कहा कि पैरामेडिक को माली और अल्जीरिया के बीच सीमा पर मुक्त कर दिया गया था। 2011 में नाटो समर्थित बलों द्वारा लंबे समय से शासन कर रहे शासक मुअम्मर गद्दाफी को उखाड़ फेंकने और मारने के बाद से लीबिया के बड़े हिस्से में अराजकता है, जबकि माली उत्तर में इस्लामी विद्रोह और अलगाववादी ताकतों के विद्रोह से जूझ रहा है। दक्षिण अफ्रीका स्थित चैरिटी गिफ्ट ऑफ द गिवर्स ने कहा कि अल्जीरिया की सुरक्षा एजेंसियां वैन डेवेंटर को उनकी रिहाई के बाद जांच के लिए अस्पताल ले गईं थीं।

अटकलबाजियों पर विराम लगाते हुए ममता का खेला होबे

## पीएम पद के लिए खडगे का नाम बढ़ाया

राष्ट्रीय खबर



**नईदिल्लीः** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इंडिया गठबंधन की बैठक में फिर से खेला कर दिया। उन्होंने तमाम अटकलबाजियों को दरकिनार करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे को गठबंधन के प्रधानमंत्री पद का चेहरा वाला प्रस्ताव पेश कर दिया। उन्होंने कहा श्री खड़गे एक अनुभवी राजनेता हैं। वह पिछड़े वर्ग से आते हैं। इसलिए उन्हें प्रधानमंत्री बनने दीजिए और 2024 का चुनाव लड़ने दीजिए।
ममता ने सीधे तौर पर प्रधानमंत्री के चेहरे के तौर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़ग का नाम प्रस्तावित किया। उन्हें आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल का समर्थन प्राप्त था, जिन्हें कांग्रेस के मजबूत प्रतिद्वंद्वी के रूप में जाना जाता है। हालांकि मंगलवार की गठबंधन बैठक में इस संबंध में कोई अंतिम निर्णय नहीं हुआ। हालांकि खड़गे ने बाद में कहा, वह गरीब लोगों के कल्याण के लिए काम करने आये हैं। और ये सब पहले से करने की कोई जरूरत नहीं है। चुनाव जीतने के बाद ये मामले तय हो जाएं।
हालांकि यह सच है कि केजरीवाल ने ममता के प्रस्ताव का समर्थन किया, लेकिन यह भी सच है कि बाकी पार्टियों ने इस प्रस्ताव पर ज्यादा उत्साह नहीं दिखाया। संयोग से, सोमवार दोपहर को तृणमूल नेता ममता बनर्जी की केजरी से मुलाकात हुई। मंगलवार की बैठक में चर्चा किए गए विषयों में से एक राज्य-दर-राज्य सीट समझौते के मुद्दे को अंतिम रूप देना था। लेकिन इस बैठक से भी कोई अंतिम निर्णय नहीं निकल सका। हालांकि, शुरूआती तौर पर पता चला है कि ह्यभारतह्ल ने तय कर लिया है कि इस बार राज्य में संयुक्त अभियान चलाया जाएगा। और वक्त नहीं। हालाँकि, राजनीतिक हलकों में कई लोगों को इस बात पर संदेह है कि सभी राज्यों में गठबंधन की छवि कितनी मजबूत होगी।

**विकसित** › तंत्रिका विकारों से उबरने में कारगर साबित होगी यह तकनीक

# पहनने योग्य रोबोटिक बांह का प्रयोग

- शरीर के साथ जुड़कर काम करता है
- इसे पहनना बहुत सरल बनाया गया
- विकलांगों के लिए काफी मददगार

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** पहनने योग्य, रोबोटिक भुजा के साथ शरीर को बढ़ाने के लिए संज्ञानात्मक रणनीतियाँ बनायी गयी हैं। इनके इस्तेमाल से खास तौर पर वैसे लोगों को फायदा होगा जो किसी कारण से ऐसे विकार से परेशान है।



न्यूरोइंजीनियर सिल्वेस्ट्रो मिसेरा ने लोगों को दर्दनाक घटनाओं या तंत्रिका संबंधी विकारों के कारण खो गए संवेदी और मोटर कार्यों को पुनः प्राप्त करने में मदद करने के लिए उन्नत तकनीकी समाधान विकसित किए हैं। अब तक, उन्होंने प्रौद्योगिकी की मदद से मानव शरीर और अनुभूति को बढ़ाने पर पहले कभी काम नहीं किया था। साइंस रोबोटिक्स में प्रकाशित एक अध्ययन में, मिकेरा और उनकी टीम ने रिपोर्ट दी है कि कैसे एक अतिरिक्त हाथ के सफल नियंत्रण के लिए डायाफ्राम आंदोलन की निगरानी की जा सकती है, अनिवार्य रूप से एक स्वस्थ व्यक्ति को तीसरे - रोबोटिक - हाथ के साथ बढ़ाया जा सकता है।
ईपीएफएल में बायोइलेक्ट्रॉनिक्स के प्रोफेसर मिकेरा कहते हैं, यह अध्ययन नए और रोमांचक अवसरों को खोलता है, जिससे पता चलता है कि अतिरिक्त हथियारों को बड़े पैमाने पर नियंत्रित किया जा सकता है और दोनों ›› पेज 2 भी देखें

### उपयोगकर्ता एक बेल्ट से लैस है

वृद्धि की संज्ञानात्मक बाधाओं का पता लगाने के लिए, शोधकर्ताओं ने सबसे पहले एक स्वस्थ उपयोगकर्ता की उसके डायाफ्राम की गति का उपयोग करके आभासी बांह को नियंत्रित करने की क्षमता का परीक्षण करने के लिए एक आभासी वातावरण बनाया। उन्होंने पाया कि डायाफ्राम नियंत्रण किसी की शारीरिक भुजाओं को नियंत्रित करने जैसी क्रियाओं में हस्तक्षेप नहीं करता है। उपयोगकर्ता एक बेल्ट से लैस है। वर्चुअल रियलिटी हेडसेट पहनने पर, उपयोगकर्ता को तीन भुजाएँ दिखाई देती हैं। दाहिना और बायाँ हाथ के बीच एक तीसरी भुजा जिसमें एक सममित, छह-उँगलियाँ वाला हाथ होता है।आभासी वातावरण में, उपयोगकर्ता को बाएं हाथ, दाएं हाथ या बीच में सममित हाथ से पहुंचने के लिए प्रेरित किया जाता है। वास्तविक वातावरण में, उपयोगकर्ता दोनों भुजाओं से एक एक्सोस्केलेटन को पकड़ता है, जो आभासी बाएँ और दाएँ भुजाओं को नियंत्रित करने की अनुमति देता है। डायाफ्राम के चारों ओर बेल्ट द्वारा पता लगाए गए आंदोलन का उपयोग आभासी मध्य, सममित भुजा को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है। इस सेटअप का 150 से अधिक सत्रों में 61 स्वस्थ विषयों पर परीक्षण किया गया था।

यूरोप में लोकप्रिय होता जा रहा है अब रेल का सफर

## एकतरफ की टिकट की कीमत साढ़े आठ हजार डॉलर

राष्ट्रीय खबर

**पेरिसः** पेरिस से इटली तक की लक्जरी ट्रेन की यात्रा में एक तरफ के टिकट की कीमत 8,500 डॉलर होगी। ओरिएंट एक्सप्रेस ने 2024 की गर्मियों के लिए लिगुरियन समुद्र तट की यात्रा निर्धारित की है। यह ट्रेन - जिसका पूरा नाम वेनिस सिम्पलोन-ओरिएंट-एक्सप्रेस, ए बेलमंड ट्रेन, यूरोप है - जून में दो दिनों में पेरिस से पोर्टोफिनो तक चलेगी। नवंबर में, कंपनी ने अपनी ब्रिटिश पुलमैन सेवा को चलाना बंद कर दिया जो पेरिस-वेनिस मार्ग को लंदन से जोड़ती थी। नाम के बावजूद, यह नया मार्ग वेनिस के आसपास कहीं नहीं जाएगा। वीएसओई, जैसा कि ज्ञात है,



दोपहर 3 बजे पेरिस में शुरू होगा, फ्रांस से होते हुए डिजॉन, ल्योन और एविग्नन से गुजरेगा, और फिर इटली में प्रवेश करने से पहले कोटे डी जूर के साथ चलेगा।
इस यात्रा का अंत दोपहर 1 बजे पोर्टोफिनो के प्रवेश द्वार शहर सांता मार्गेरिटा लिगुर में होगा। अगले दिन मेहमानों को पोर्टोफिनो में स्थानांतरित किया जाएगा और प्रसिद्ध स्प्लेंडिडो होटल में दो रातों के लिए ›› पेज 2 भी देखें

शहर >> अपडेट

## बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण

रांची :मौलाना आजाद ह्यूमेन इनिशिएटिव (माही) ने 52 स्कूली बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया। बता दें कि माही संस्था के नाम से अभियान चला रही है। इसके तहत कई चरण में बच्चों को स्वेटर दिया जाना है। आज हिंदपीढ़ी छोटा तालाब स्थित मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के 52 छात्रों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया। इस दौरान क्विज सत्र का आयोजन कर बच्चों के सवाल भी पूछे गये। माही के सदस्यों ने मौके पर बच्चों को सर्दी से बचने के उपाय बताये। इस मौसम में किस तरह के भोजन और सावधानी की जरूरत होती है, इसकी जानकारी बच्चों को दी गयी। कार्यक्रम में बच्चों का उत्साह देखते ही बना। इस दौरान मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के शिक्षकों ने भी अहम भूमिका निभाई।

खुलासा

निजी कंपनियों में सिर्फ 6 हजार को मिली है नौकरी

# झारखंड में 7.74 लाख नौजवानों ने रोजगार के लिए कराया है रजिस्ट्रेशन

राष्ट्रीय खबर




**रांची:** झारखंड में नौकरी के लिए पढ़े-लिखे नौजवान मारे-मारे फिर रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि राज्य में बेरोजगारी का क्या हाल है। 15 नवंबर 2023 तक के डाटा के मुताबिक नियोजनालयों में 7.74 लाख युवक युवतियों ने रजिस्ट्रेशन करा रखा है। इनको रोजगार दिलाने के लिए राज्य सरकार ने झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 को विधानसभा से पारित कराया था।

सरकार ने दावा किया था कि 40 हजार रुपए वेतनमान तक की 75 प्रतिशत सीटों पर स्थानीयों को नियोजन मिलेगा। इसके लिए नियमावली 2022 भी बनाई गयी। खुद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 17 मार्च 2023 को झारनियोजन पोर्टल का उद्घाटन भी किया था। लेकिन निजी कंपनियों में नियोजन को लेकर आए आंकड़े चौंकाने वाले हैं।

इस सवाल को कांग्रेस की विधायक दीपिका पांडेय सिंह और उमाशंकर अकेला ने उठाया था। श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग ने जो जानकारी दी है, उससे साफ लगता है कि राज्य में निजी कंपनियां ऊंट के मुंह में जीरा के बराबर नौकरी दे रहीं हैं। अबतक सिर्फ 6,596 नियोजकों ने निबंधन कराया है। इन कंपनियों ने 10,627 पोस्ट की डिमांड दी है। इसकी तुलना में 11,030 युवक-युवतियों को ऑफर लेटर दिया गया है। लेकिन सिर्फ 6,047 बेरोजगारों ने ही नौकरी ज्वाइन की है।सरकार ने स्पष्ट कर रखा है कि 75 प्रतिशत आरक्षण वाले नियमों का उल्लंघन करने वाली कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

इसको लेकर विभाग की ओर से अब 2,420 नियोजकों को नोटिस जारी हुआ है। इनमें से 134 नियोजक नियम की अवहेलना करते पाए गये हैं। इनसे बतौर जुमार्ना 10.50 लाख रुपए वसूले जा चुके हैं। खास बात है कि आज की तारीख तक निजी कंपनियों में सिर्फ 49 पद रिक्त पड़े हैं। इन्हें हासिल करने के लिए निबंधित बेरोजगार युवक-युवतियां आवेदन दे सकते हैं। इससे साफ है कि सरकार की यह प्लान उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पा रहा है।

## कश्मीरी युवाओं ने सीखे झारखंडी खान-पान के गुर

राष्ट्रीय खबर




**रांची:**नेहरु युवा केंद्र संगठन झारखंड, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित 6 दिवसीय कश्मीरी युवा आदान प्रदान कार्यक्रम का पांचवा दिन युवा आपस में खान-पान की तरीके आदान प्रदान किये। पांचवा दिन कश्मीरी और झारखंड युवा के समूह पतरातू डैम के सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने झारखंडी खान-पान की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही मेहमान-नवाजी के बारे में भी बताया एवं उनसे कश्मीरी खानपान तरीके को भी जाना। अंत मे कश्मीरी युवाओं ने भी अपनी कश्मीरी संस्कृति को दशार्या। इस कार्यक्रम को सफल बनाने लिए उपनिदेशक ने प्रचार्य डॉ भूपेश कुमार एवं उनके पूरी टीम ने सहयोग किया। मौके पर रंगारंग संस्कृति कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। सभी ने इसका भरपूर लु?त उठाया। पांचवे दिन कश्मीर के छः जिले से 122 युवाओं ने पतरातू रिसोर्ट में क्रूज का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में एनवाईकेएस ओम प्रकाश कुशवाहा, नेहरू युवा केंद्र के उपनिदेशक, सर्वेंद्र प्रताप सिंह, वाई बी एन के डीन, डॉ अंजनी कुमार सिंह, डॉ शमीकेश रॉय, कॉर्डिनेटर कौशल किशोर, डॉ ब्रजेश कुमार ,विवेकानंद यूथक्वेक फाउंडेशन के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल ,एन वाई के से गौरव चुघ ,वाई बी एन से डॉ संजय कुमार, डॉ आर एन बिरंची आदि लोग उपस्थित थे।

28 दिसंबर को करेंगे मुख्यमंत्री आवास का घेराव

# विधानसभा का घेराव करने पहुंचे पारा शिक्षकों को प्रशासन ने रोका

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** राज्य में काम कर रहे 62 हजार पारा शिक्षक अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सरकार के समक्ष विरोध जाता रहे हैं। इसी को लेकर मंगलवार को राज्य भर के सभी पारा शिक्षक संगठन एकजुट होकर विधानसभा का घेराव करने पहुंचे। विधानसभा के पास प्रदर्शन स्थल कूटे मैदान में लगभग हजारों की संख्या में राज्य भर से पारा शिक्षक पहुंचे और विधानसभा घेराव करने की तैयारी में जुटे। पारा शिक्षकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। रांची के धुर्वा थाना इलाके के डीएसपी राजा कुमार मित्रा के नेतृत्व में पुलिस बलों की विशेष तैनाती की गई थी।पारा शिक्षकों की मांगों को देखते हुए उनके समर्थन में विधायक विनोद सिंह और अमित यादव पहुंचे। पारा शिक्षकों के विरोध प्रदर्शन का समर्थन करते हुए विधायक विनोद सिंह ने कहा कि जो भी मांग है उसके लिए सदन में आवाज उठाई जाएगी। 18 से 19 हजार रूपए प्रति माह के वेतन पर काम कर रहे पारा शिक्षकों की मांग जायज है, यदि सरकार उनकी मांगों पर विचार नहीं करती है तो उनके प्रदर्शन के साथ वह खुद भी मौजूद रहेंगे।वहीं अमित कुमार यादव ने भी पारा शिक्षकों का समर्थन करते हुए कहा कि यदि सरकार उनकी मांगों पर जल्द से जल्द विचार नहीं करती है तो आने वाले दिनों में सभी पारा शिक्षकों के विरोध प्रदर्शन की आवाज वे सदन तक पहुंचाएंगे। बता दें कि विधायक अमित कुमार यादव और विनोद सिंह के आने के बाद पर पारा शिक्षकों ने विधानसभा घेराव को स्थगित किया है, लेकिन प्रदर्शन करने पहुंचे पारा शिक्षकों ने कहा कि उनका प्रदर्शन जारी रहेगा। पलामू क्षेत्र से आए पारा शिक्षक बबलू सिंह ने कहा कि यदि सरकार आज के प्रदर्शन के बाद ठोस कदम नहीं उठाती है तो 28 दिसंबर को मुख्यमंत्री आवास घेरने का काम राज्य भर के पारा शिक्षक करेंगे। पारा शिक्षकों ने कहा कि उनकी जो मांग है वह सरकार से लेकर रहेंगे नहीं तो आने वाले दिनों में वोट की चोट से सरकार को जवाब देने का काम करेंगे।

# झारखंड में हर साल 30 पायलट तैयार किए जाएंगे

राष्ट्रीय खबर



**रांची:**झारखंड में हर साल 30 पायलट तैयार किए जाएंगे। इस संबंध में नगर विमान विभाग द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। इनमें से 15 को निशुल्क ट्रेनिंग दी जाएगी वहीं शेष 15 को निर्धारित शुल्क देकर ट्रेनिंग लेनी होगी। बता दें कि सरकार प्रतिवर्ष निःशुल्क छात्रवृति देने के लिए 15 छात्रों के प्रति प्रशिक्षु लिए 60.73 लाख रुपये खर्च करेगी। इस संबंध में नगर विमान विभाग द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। जारी अधिसूचना के आधार पर एयरबस 320 में भी पायलट की ट्रेनिंग दी जायेगी, यह प्रशिक्षण दुमका के अलावा गुड़गांव व यूपी के गौतमबुद्ध पायलट ट्रेनिंग संस्थान में दिलाया जायेगा। झारखंड सरकार इसके लिए भारत सरकार से वार्ता कर स्वीकृति लेने का प्रयास कर रही है। प्रशिक्षण दिलाने के लिए नये ट्रेनर की बहाली भी होगी।जो भी लोग ट्रेनिंग में भाग लेना चाहते हैं उन्हें लिखित परीक्षा,पायलट एप्टीट्यूड, साइकोमेट्रिक टेस्ट, वाइवा, इंटरव्यू इत्यादि से गुजरना होगा। प्रवेश परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम का निर्धारण तथा प्रवेश परीक्षा का आयोजन इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी के तर्ज पर होगा। इन टेस्ट के आधार पर ही मेधा सूची तैयार की जाएगी। कोर्स ज्वाइन करने के समय न्यूनतम उम्र सीमा 17 वर्ष होनी चाहिए। वहीं10 प्लस टू या इसके बराबर भौतिकी, गणित और अंग्रेजी के साथ 50 प्रतिशत मार्क्स न्यूनतम होना चाहिए। इसपर पांच प्रतिशत छूट आरक्षित वर्ग को मिलेगा।

## रांची के सुशांत मिश्रा को गुजरात ने 2.20 करोड़ में खरीदा

राष्ट्रीय खबर

**रांची:**आईपीएल के 17वें सीजन का मिनी ऑक्शन दुबई के कोका-कोला एरिना में दोपहर 1 बजे से चल रहा है। इस मिनी ऑक्शन में रांची के सुशांत मिश्रा को गुजरात ने 2.20 करोड़ में खरीदा है। इस साल सुशांत गुजरात टाइटन्स की ओर से खेलते नजर आएंगे। सुशांत का बेस प्राइस 20 लाख रुपए था। बता दें कि सुशांत मिश्रा भारत के गेंदबाज हैं। ये बाएं हाथ से बल्लेबाजी भी करते हैं। आईपीएल 2022 में सुशांत ने हैदराबाद की ओर से खेला था।आईपीएल के 17वें सीजन के लिए आज मिनी ऑक्शन जारी है। इस बार मल्लिका सागर ऑक्शन होस्ट कर रही हैं। उन्होंने विमेंस प्रीमियर लीग में दोनों सीजन के ऑक्शन होस्ट किए। इसमें घरेलु सहित इंटरनेशनल के 333 खिलाड़ियों की निलामी लग रही है। कुल 10 फ्रेंचाइजी आज इस मिनी ऑक्शन में बोली लगा रही है। बता दें कि 10 टीमों में कुल 77 खिलाड़ियों की जगह खाली है। जिनके लिए वह 262.5 करोड़ रुपए खर्च कर सकती हैं। कोलकाता में सबसे ज्यादा 12 प्लेयर्स की जगह खाली है।

कार्यक्रम

पीएलवी सत्यम कुमार एवं राजेंद्र महतो ने फ्री-लिगल-एड के बारे में जानकारी दी

# अकेले नहीं हैं आप के तहत डालसा का कांके क्षेत्र में कार्यक्रम

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** न्यायामूर्ति एस. चंद्रशेखर, कार्यकारी अध्यक्ष, झालसा के द्वारा परिकल्पित आउटरिच योजना जो कि 100 दिनों तक होना सुनिश्चित हुआ है। इसी कड़ी में आज कांके प्रखंड के कस्तुरबा गांधी आवासीय विदयालय में विधिक जागरूकता कार्यक्रम एवं लिगल लिट्रेसी क्लास का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एलएडीसी अधिवक्ता, राजेश कुमार सिन्हा, सत्यम कुमार, राजेंद्र महतो, भारती शाहदेव, संगीता देवी, शारदा देवी एवं राजा वर्मा उपस्थित थे। अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने बच्चों से संबंधित कानूनों जैसे जे.जे एक्ट, पोक्सो एक्ट इत्यादि की जानकारी दी।

जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित लोगों एवं बच्चों के बीच अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने प्रकाश डाला उन्होंने बाल विवाह के रोकथाम के विषय पर विस्तार से चर्चा की एवं बाल विवाह अधिनियम के बारे में बतायी। पीएलवी शारदा देवी ने बाल श्रम एवं बाल संरक्षण पर प्रकाशा डाला। इसके अलावा दहेज प्रथा कानून के बारे में विस्तार से बताया गया। भारती शाहदेव ने एमएसीटी एक्ट के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।

भारती शाहदेव एवं संगीता देवी ने सड़क दुर्घटना में से संबंधित कानून की जानकारी दी। इसके अलावा लोगों को बाल श्रम के प्रति जागरूक किया गया।

पीएलवी संगीता देवी ने वृद्धा पेंशन एवं विधवा पेंशन की जानकारी दी और पेंशन से संबंधित लाभ लेने की बातें कहीं उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची में इससे संबंधित आवेदन दे सकते हैं।

यह भी ज्ञात हो कि कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कांके में कानूनी जागरूकता कार्यक्रम के साथ ही साथ चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली प्रतिभागियों के बीच प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार विजेता के साथ ही साथ प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी प्रतिभागियों को भी सांत्वना पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिता का थीम पर्यावरण संरक्षण था। सभी प्रतिभागियों ने पूरी निष्ठा के साथ पर्यावरण संरक्षण को चित्र के माध्यम से प्रदर्शित करने का प्रयास किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में डीएलएसए के राजेश कुमार सिन्हा, इंटर्नशिप के लिए सिंबायोसिस लॉ स्कूल,नागपुर की अनघा दुबे, भारती विद्यापीठ पुणे से अनिकेत राज, सीएनएलयू पटना से वासिफ अनवर और छोटनगपुर लॉ कॉलेज से निकेत कुमार गुप्ता ने भी कानूनी जानकारी दी।पीएलवी ने घरेलू विवाद एवं जमीन संबंधी विवाद के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। मौंके पर डालसा के पीएलवी ने उपस्थित लोगों के बीच पम्पलेट और लिफलेट का वितरण भी किया। इस अवसर पर एलएडीसी अधिवक्ता, राजेश कुमार सिन्हा, सत्यम कुमार, राजेंद्र महतो, भारती शाहदेव, संगीता देवी, शारदा देवी एवं राजा वर्मा उपस्थित थे।

# न्यूज फटाफट

## रियाल्टो कंपनी ने किया सीआईटी के 37 विद्यार्थियों का कैंपस सिलेक्शन

**रांची:** कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के अलग अलग ब्रांचो में अध्यनरत कुल 37 विद्यार्थियों का कैंपस सेलेक्शन रियाल्टो इंटरप्राइजेज प्रा। लि। कंपनी ने किया है। सभी चयनित विद्यार्थी 2024 (पासिंग ईयर) बैच के हैं। चयनित विद्यार्थियों में 6 ईसीई ब्रांच, 13 विद्यार्थी इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग ब्रांच व 18 विद्यार्थी मैकेनिकल इंजीनियरिंग ब्रांच के शामिल हैं। कंपनी के एच आर मैनेजर एन कार्थी एवं जे जयकरण ने विद्यार्थियों को ऑफर लेटर सौंपा। मौके पर चीफ कोर्डिनेटर (मार्केटिंग) प्रो अंकित सिंह, प्रो मंजूर आलम, कौसिक चटेर्जी आदि मौजूद थे। संस्थान के प्रो इंचार्ज ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट,डॉ के पी दत्ता ने बताया कि कंपनी पीएनजी क्षेत्र में नामचीन ओरल बी। के प्रोडक्टओं के निर्माण से जुडी है। विद्यार्थियों को शुरूआती दौर में 2।4 लाख का सालाना पैकेज मिलेगा। और इनका जॉब लोकेशन चेन्नई होगा। बता दें कि विद्यार्थी नये वर्ष में कंपनी ज्वाइन करेंगे। संस्थान के प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दिया है।

## ग्लोबस एजुकेशन फाउंडेशन की ओर से एजुकेशन एक्सपो का आयोजन

**रांची:** ग्लोबस एजुकेशन फाउंडेशन की ओर से आज रांची के होटल रेन्ड्यू में एजुकेशन एक्सपो का आयोजन किया गया। इस एक्सपो में करीब 40 यूनिवर्सिटी ने हिस्सा लिया। छात्रों के लिए यह एक बेहतर मौका था, अच्छी गाइडलाइन के लिए। इस एक्सपो में मुख्य अतिथि के तौर पर रांची के विधायक सीपी सिंह, डीएवी बरियातु के प्रिंसिपल, जेवीएम श्यामली के प्रिंसिपल, फिरायलाल स्कूल के प्रिंसिपल, गोल इंस्टीट्यूट के काली प्रसाद सिंह मौजूद थे। कार्यक्रम के उद्घाटन के बाद ग्लोबस फाउंडेशन एजुकेशन के फाउंडर गौरव राजपूत ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से छात्रों को एक बेहतर प्लेटफार्म मिलता है जहां उनकी बेहतर तरीके से काउंसलिंग होती है। आज इस मौके पर करीब 40 यूनिवर्सिटीज के लोग यहां मौजूद हैं। एक से बढ़कर एक शिक्षक यहां हैं जो छात्रों को गाइड करते हैं कि उनके भविष्य के लिए बेहतर क्या है। यह कार्यक्रम छात्रों के लिए एक सुनहरे अवसर के रूप में रहता है, ताकि ज्यादा से ज्यादा छात्र इसका लाभ ले सकें। हमारा लक्ष्य है कि हम छात्रों को उनके भविष्य के प्रति बेहतर और सही गाइड कर सकें। वहीं मौके पर सभी अतिथियों ने भी अपने विचार साझा करते हुए कहा कि इस तरह का कार्यक्रम समय समय पर आयोजित होना चाहिए ताकि छात्रों को उनका बेहतर भविष्य चुनने में परेशानी न हो। रांची विधायक सीपी सिंह ने इस खास आयोजन के लिए बधाई भी दी। वहीं इस एक्सपो में मानव रचना यूनिवर्सिटी से अभिषेक जी आईसीएफएआई यूनिवर्सिटी से सुमित राठौड़, एमिटी यूनिवर्सिटी से सुमित सिंह , जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी , चितकारा यूनिवर्सिटी, एबीबीएस, प्रेसीडेंसी यूनिवर्सिटी ,प्रेस्टीज यूनिवर्सिटी ,नागरजुना यूनिवर्सिटी, देवभूमि यूनिवर्सिटी, श्री श्री यूनिवर्सिटी से लोग मौजूद थें। वहीं छात्र भी इस अवसर पर उत्साहित नजर आये।

## मखमंदरो में भला चरवाहा गिरजाघर का उद्घाटन, वर्षों का सपना हुआ पूरा

**रांची:** मखमद्रो में नवनिर्मित भला चरवाहा गिरजाघर की आशीष एवं उद्घाटन रांची महाधर्मप्रांत के महाधर्माध्याक्ष फेलिक्स टोप्पो एस जे के कर कमलों से संपन्न हुआ। ज्ञात है कि 37 वर्ष से इस गिरजेघर को बनाने का सपना यहां के कैथोलिक विश्वासी देखते आए हैं। यह सपना आज पूरा हुआ। नवनिर्मित भला चरवाहा गिरजेघर की आशीष एवं उद्घाटन समारोह का आरंभ गिरजे घर के प्रांगण में हुआ, सर्वप्रथम सभी विश्वासी गिरजेघर के मुख्य द्वार पर जमा हुए जहां गिरजेघर का इतिहास पढ़ सुनाया गया, तत्पश्चात रांची महाधर्मप्रांत के महाधर्माध्याक्ष फेलिक्स टोप्पो एस जे ने रिबन काटा और बिशप थेयोदोर मस्करेन्हास एस एफ एक्स ने स्मृति चिन्ह का अनावरण किया। मिस्सा बलिदान के दौरान रांची महाधर्मप्रांत के महाधर्माध्याक्ष फेलिक्स टोप्पो एस जे ने सभी को विश्वास में बढ़ते जाने का आह्वान किया। मिस्सा के अंत में फा बिपीन बिलुंग मखमंद्रो पल्ली के पल्ली पुरोहित ने और बिशप थियोदोर मस्करेन्हास ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। इस उद्घाटन समारोह में रांची महाधर्मप्रांत के महाधर्माध्याक्ष फेलिक्स टोप्पो एस जे, बिशप थेयोदोर मस्करेन्हास एस एफ एक्स के अलावा बंधु तिर्की, पूर्व विधायक, विजय कांग्रेस सदस्य, 50 से ज्यादा कैथोलिक पुरोहितगण, धर्मबहनें एवं विश्वासीगण मौजूद रहे।

## इडेन इंग्लिश मीडियम स्कूल मे क्रिसमस गैदरिंग

**रांची:** इडेन इंग्लिश मीडियम स्कूल सुरूंदा मुरहू में सेलीब्रेशन वार्षिक उत्सव एवं क्रिसमस सेलीब्रेशन का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खूंटी युवा कांग्रेस के जिला कार्यकारी अध्यक्ष अरुण सांगा उपस्थित थें। इस अवसर पर जन्मपर्व पर आधारित क्रिसमस कैरोल, गीत एवं नाटकों की प्रस्तुति दी। हिंदी और मुंडारी में गीतों की प्रस्तुति दी गयी। अरुण सांगा ने अपने संबोधन में कहा कि गांव के बच्चों स्कूल के द्वारा अच्छी शिक्षा दी जा रही है। बच्चें शिक्षा और खेल में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांव के बच्चें शिक्षित होंगे तो समाज में पिछड़ापन दूर होगा। गांव भी विकास की ओर अग्रसर होगा। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों और शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल की प्राचार्य सहाय टोपनो, खूंटी चेंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्य शशांक राज सहित अन्य उपस्थित थे।

## झारखंड के अनीत उरांव को 80 मीटर हार्डल में गोल्ड

**रांची:** गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से लखनऊ में आयोजित 67 वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल 2023-24 आयोजित हुआ। जिसमें अंडर 14 एथलेटिक्स के 80 मीटर हार्डल स्पर्धा में झारखंड के अनीत उरांव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता। अनीत का चयन खेलो झारखंड के अंतर्गत राज्य स्तारीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के द्वारा राज्य टीम में किया गया था। गुमला जिला के लूथरें स्कूल के छात्र अनीत ने 11।31 सेकेंड का टाइम निकालते हुए स्वर्ण पदक जीता है। अनीत ने इससे पहले इसी प्रतियोगिता 100 मीटर में ब्रॉन्ज मेडल जीता था।

इस मौके पर शिक्षा सचिव के रवि कुमार, राज्य परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी, शिक्षा परियोजना के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद कोषांग के सदस्य समेत शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों ने खिलाड़ी और उनके कोच को बधाई दी।

## मांडर कॉलेज के 54 छात्र परीक्षा दिए ही हुए प्रमोट

रांची :मांडर कॉलेज के 54 विद्यार्थियों का रिजल्ट प्रमोट हो गया है। 54 छात्रों का प्रैक्टिकल लिए बिना ही परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। इन छात्रों का प्रैक्टिकल परीक्षा रांची विश्वविद्यालय को लेना था। लेकिन विश्वविद्यालय ने प्रैक्टिकल की परीक्षा ली ही नहीं। ये सभी छात्र स्नातक सेमेस्टर 1 के हैं। इन छात्रों को स्टॉक मार्केटिंग विषय में प्रमोट कर दिया गया है। नियमत: परीक्षा दो चरण में होती है, पहले एक बार इंटरनल या प्रैक्टिकल परीक्षा होती है और एक एक्सटर्नल परीक्षा होती है। इन दोनों परीक्षाओं का नंबर जोड़कर रिजल्ट जारी किया जाता है। इंटरनल परीक्षा कॉलेज या विभाग स्तर से लिया जाता है। वहीं प्रैक्टिकल के लिए विश्वविद्यालय तिथि जारी करता है। इन दोनों परीक्षाओं का अंक जोड़कर रिजल्ट जारी किया जाता है। दोनों में से किसी एक में फेल होने पर उसे फेल या प्रमोट किया जाता है। मांडर कॉलेज से मिली जानकारी के अनुसार, 54 छात्रों का प्रैक्टिकल परीक्षा लेना था। लेकिन विश्वविद्यालय परीक्षा के लिए बिना ही इसका रिजल्ट जारी कर दिया गया है। इस वजह से इतने बच्चों का प्रमोट लग गया है। एक्सटर्नल परीक्षा हो गया था। छात्रों ने इसे लेकर विश्वविद्यालय से कहा भी था, लेकिन फिर भी परीक्षा नहीं ली गयी।

## शहर >> अपडेट

### भाजयुमो ने मंडल सशक्तीकरण को लेकर की बैठक

**तमाड :** भारतीय जनता युवा मोर्चा की मंडल सशक्तीकरण को लेकर एक आवश्यक बैठक तमाड़ के देवरी ग्राम में एवं रड़गांव मंडल के रुगड़ी में भारतीय जनता युवा मोर्चा का बैठक तमाड़ में महावीर सोनी की अध्यक्षता में किया गया । वहीं रड़गांव मंडल में संजय महतो के अध्यक्षता में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रांची जिला ग्रामीण युवा मोर्चा अध्यक्ष विवेकानंद जायसवाल और विशिष्ट अतिथि रांची जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष श्री लक्ष्मण सिंह मुंडा उपस्थित हुए । इस बैठक में बूथ को कैसे सशक्त किया जाए और केंद्र सरकार की चल रही योजनाओं की जानकारी जन जन तक कैसे पहुंचे इस पर विस्तार से अतिथियों द्वारा दिया गया ।कार्यक्रम का संचालन युवा मोर्चा महामंत्री विवेक गुप्ता ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री दिनेश साहू द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय जनता युवा मोर्चा के सुरेंद्र साहू,अंगद महतो,मुकेश मुंडा , शंकर सोनी, जयपाल जोगी ,संजय दास,राजकुमार गुप्ता,चंदन गुप्ता ,गणेश कुम्हार,काली साहू,हरे कृष्णा प्रमाणिक,रमेश मछुआ,संकर मुंडा , किंकर महतो, अंकित मांझी,निर्मल महतो, शैलेन्द्र महतो, राजा महतो, अरुण पुरान,रुमित मांझी मदन सिंह मुंडा,हरि सिंह मुंडा, काली साहु आदि युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**उपलब्धि** सपाहीटांड में महिला फुटबॉल प्रदर्शनी एवं कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

# महिलाएं हर क्षेत्र में लहरा रही परचम : योगेंद्र प्रसाद महतो

- सीएलएफ की टीम किया खिताब पर कब्जा
- सरकार महिलाओं उत्थान के लिये कर रही काम



राष्ट्रीय खबर

**कसमार :** कसमार प्रखंड के सपाहीटांड मैदान मे जेएसएलपीएस की ओर लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध राष्ट्रीय अभियान के तहत मंगलवार को महिला फुटबॉल प्रदर्शनी मैच का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कसमार प्रखंड मंजूरा खैराचातर सीएलएफ एवं मधुकरपुर कसमार सीएलएफ फुटबॉल टीमों के बीच प्रदर्शननी मैच आयोजित की गयी। इस दौरान मंजूरा सीएलएफ, कसमार सीएलएफ, मधुकरपुर सीएलएफ एवं खैराचातर सीएलएफ के कबड्डी टीमों के बीच प्रतियोगिता आयोजन भी हुआ। इस दौरान राज्य समन्वय समिति सदस्य योगेंद्र प्रसाद महतो प्रमुख नियोति कुमारी, विधायक प्रतिनिधि कौशल्या देवी, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष दिलीप कुमार हेंब्रम ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फुटबॉल एवं कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते मुख्य अतिथि मंत्री दर्जा प्राप्त सह राज्य समन्वय समिति सदस्य योगेंद्र प्रसाद महतो ने कहा कि अब कबड्डी खेल हो या फुटबॉल खेल, हर खेल में महिलाएं सफलता हासिल कर रही है। अब महिलाएं जिला, राज्य से लेकर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता का परचम लहरा रही है कि पढ़ाई हो या खेल। महिलाएं हर जगह पर अपनी काबिलियत दिखा रही है। वे न सिर्फ इन कार्यों में सक्रिय दिख रही है बल्कि अपनी योग्यता की डंका भी बजा रही है। आवश्यकता है इसी तरह से हर एक काम में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी निभाने की और अवसर को अपने नाम करने की। सरकार भी महिलाओं के उत्थान एवं विकास के लिए काफी बड़े-बड़े कार्य कर रही है।

जिसे सिर्फ एक ही मकसद है कि पुरुषों के मुकाबले महिलाएं भी बराबर दिखें। उन्होंने आवाम से भी अपील किया कि आप सभी अपने-अपने बच्चियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल के प्रति भी जागरूक करें। प्रमुख नियोति कुमारी ने कहा कि हर क्षेत्र में महिलाएं खेल में बेहतर प्रदर्शन कर अपना एवं क्षेत्र का नाम रौशन करेंगी। कहा कि खेल को सिर्फ मनोरंजन ही नहीं, बल्कि कैरियर के रूप में देखने एवं नजरिया बदलने की जरूरत है। समाज और परिवार में बेटियों को भी आगे बढ़ने के लिए हर क्षेत्र में समान अवसर मिलना चाहिए। प्रदर्शनी मैच में खैराचातर मंजूरा सीएलएफ की टीम ने मधुकरपुर कसमार सीएलएफ की टीम को 4 गोल से पराजित किया। वहीं कबड्डी प्रतियोगिता में मधुकरपुर कसमार सीएलएफ की टीम ने खैराचातर मंजूरा सीएलएफ को पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। मौके पर बीएपी यशोदा देवी, सीसी बिशेश्वर महतो, कपिल महतो, अशोक कुमार महतो, कविता कुमारी पीआरपी सविता कुमारी, कुंती देवी, निम्मी कुमारी, पूर्व मुखिया सिंकदर कपरदार,नरेश कुमार महतो,अशोक कुमार महतो, लक्ष्मण लाल कपरदार, शेरए आलम,द्वारिका प्रसाद महतो,रवि शंकर मेहता, हरेंद्र कुमार महतो आदि उपस्थित थे।

## न्यूज फटाफट

### असीम कुमार दुबे को मिला विप्र गौरव सम्मान



बोकारो : समाजसेवी मृणाल कांत चौबे के भांजे असीम कुमार दुबे को उनकी गरिमामयी विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय उपलब्धियों के लिए संपूर्ण विप्र समाज की ओर से विप्र गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। इनके पिता आलोक कुमार दुबे जोकि एनसीबी रिसर्च सेंटर, फरीदाबाद में संयुक्त निदेशक के पद पर हैं तथा माता दुर्गा दुबे उच्च शिक्षित गृहणी हैं। इनकी दीदी डॉ. रितुपर्णा दुबे मेडिकल की पढ़ाई के बाद मास्टर ऑफ हेल्थ एडमिनिस्ट्रेशन कर कांग्नीजेंट में अपनी सेवा दे रही हैं। मालूम हो कि असीम कुमार दुबे विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान स्वर्ण पदक प्राप्त कर देश का नाम रौशन किया। इन्होंने केवीपीवाई परीक्षा में अच्छे स्थान से उत्तीर्ण होकर आईआईएससी बंगलौर में दाखिला लिया। उसके बाद कई प्रकार के रिसर्च में ऑस्ट्रेलिया तथा युएसए में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। अभी वे स्विट्जरलैंड में बायो इंजीनियरिंग एवं बायो टेक्नोलॉजी विषय पर रिसर्च (पीएचडी) कर रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से संपूर्ण विप्र समाज सह संयुक्त भारतीय धर्म संसद के प्रदेश अध्यक्ष मुकुल ओझा, संपूर्ण विप्र समाज के प्रदेश महासचिव सह मानवाधिकार मिशन के प्रदेश उपाध्यक्ष मृणाल कांत चौबे, जिलाध्यक्ष विष्णु शंकर मिश्र, कार्यकारी अध्यक्ष दिवाकर दुबे, प्रदेश समिति के बिमलेश पांडेय, प्रदेश संगठन सचिव शैलेंद्र तिवारी, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष राजेश्वर द्विवेदी, आकाश कुमार, अभिषेक कुमार सहित कई महत्वपूर्ण व्यक्ति उपस्थित रहे।

### शिविर में 549 आवेदनों का निष्पादन



**बेड़ो :** प्रखंड के पुरियो पंचायत में मंगलवार को आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू और अंचल अधिकारी प्रताप मिंज के द्वारा ग्रामीणों द्वारा समर्पित किए गए दर्जनों आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए तत्काल स्वीकृत दी गई। वहीं दर्जनों लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का भी वितरण अतिथियों के हाथों से किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू और अंचलाधिकारी प्रताप मिंज ने अबुवा आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार श्रृजन योजना, मनरेगा, सावित्रीबाई फुले महिला समृद्धि योजना, कंबल, धोती साड़ी सहित कई कल्यणकारी योजना के बारे में जानकारी दिये। प्रखंड प्रमुख विनीता कच्छप ने कहा कि सरकार के द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का आप अधिक से अधिक लाभ ले सकें इसके लिए हमारे पंचायत प्रांगण में सभी विभाग के पदाधिकारी शिविर में बैठे हैं। आप योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बन सकते हैं। मौके पर जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष सत्येन्द्र साहु, पूर्व मुखिया शैलबाला तिर्की, विधायक प्रतिनिधि संजय कच्छप, ग्राम प्रधान जयराम उराँव, बीपीओ संजय तिर्की ने सभा को संबोधित करते हुए लोगों से योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### विनोद बिहारी महतो की पुन्यतिथि मनायी

**चांडिल :** झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति के ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के प्रधान कार्यालय सुकसारी में समिति के सक्रिय सदस्य ने स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो के 32 वे पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित किया। राज्य के निर्माण हुए 23 वर्ष हो गए परंतु दुर्भाग्य की बात है समानता, लोगों की बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करना, राज्य के खनिज संपदाओं पर यहां के आदिवासियों मूलवासियों पर अधिकार, ईमानदारी के राह पर चलकर ही राज्य और देश का कल्याण हो सकता है ।जेबीकेएसएस के सक्रिय सदस्य गोपेश महतो ने जानकारी देते हुए बताया स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो के वाणी पढ़ो और अपने हक और अधिकार के लिए लड़ो। परंतु वर्तमान स्थिति भारत के संविधान अनुच्छेद 21 क शिक्षा के अधिकार जिससे बंचित रखा जा रहा है।

# कांग्रेस के सदस्यों ने लोगों को आवेदन जमा करने की सहायता



राष्ट्रीय खबर

**पिस्का नगड़ी:** नगड़ी सोमवार को नगड़ी प्रखण्ड के नारो पंचायत में टिकरा टोली स्कूल प्रांगण में कैंप लगाकर झारखंड सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वपूर्ण जन कल्याणकारी योजनाएं,आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार का शिविर लगाकर पंचायत के ग्रामीणों से विभिन्न योजनाओं का आवेदन प्राप्त किए गए। अबुआ आवास ,वृद्धा पेंशन, राशनकार्ड ,सामाजिक सुरक्षा पेंशन ,जमीन से संबंधित समस्याएं ,और कई अन्य योजनाओं के लिए लोंगो ने अपना अपना फॉर्म भर कर जमा किया। कैंप में बहुत सी समस्याओं का समाधान भी किया गया। शिविर में वृद्ध असहाय लोगों के बीच में साड़ी धोती एवं कंबल का वितरण किया गया। छात्राओं को साइकिल खरीदने हेतु चेक द्वारा राशि प्रदान की गई। शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी दीपाली भगत , प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अरुण सिंह, पशु चिकित्सा विभाग के डॉक्टर अभिमन्यु प्रसाद और अन्य विभाग के अधिकारी कैंप में उपस्थित थे। समस्याओं के निवारण हेतु नगड़ी पंचायत के लोगों ने संबंधित विभाग ?के स्टॉल में आकर आवेदन जमा किया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य पूनम देवी ,नगड़ी प्रमुख मधुवा कच्छप, उप प्रमुख अफसाना परवीन, नगड़ी प्रखंड कांग्रेस के अध्यक्ष सहाबीर लोहरा, रांची जिला कांग्रेस महासचिव शाहिद अहमद, सांसद प्रतिनिधि केदार महतो, झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष बिनोद तिर्की,महिला कांग्रेस अध्यक्ष उषा देवी,झामुमो महिला प्रखंड अध्यक्ष राखी देवी मुखिया आशा किस्पोट्टा,पंचायत समिति अनिता देवी, उप मुखिया बालमुनि उरांव, मनीता देवी वार्ड सदस्य, मास्टर शाहिद अंसारी, समाजसेवी बजरंग महतो, मणिकांत ओझा नगड़ी कांग्रेस के मंडल अध्यक्ष अख्तर अंसारी बांदे उरांव, धुचु उरांव, अशोक ठाकुर, सोमारी देवी, तस्लीम अंसारी, रवि राम, सद्दाम अहमद रियाजुल अंसारी उपस्थित थे।

# एकदिवसीय जिला कुश्ती चयन प्रतियोगिता का सफल आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**बोकारो :** मंगलवार को सुबह सिटी पार्क अखाड़ा में बोकारो जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष धर्मवीर सिंह के मार्गदर्शन में एकदिवसीय जिला कुश्ती चयन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस मौके पर श्री सिंह ने कहा कि 22 से 24 दिसंबर तक झारखंड स्टेट रेसलिंग चैंपियनशिप का आयोजन रांची खेल गांव के गणपत राय इंडोर स्टेडियम में आयोजित होने वाला है। इस निमित्त राज्य प्रतियोगिता में शामिल होने वाले पहलवानों के लिए जिला कुश्ती संघ के द्वारा चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न वेट कैटेगरी में दर्जनों पहलवान चयनित हुए जो स्टेट रेसलिंग चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे। चयन प्रतियोगिता को सफल बनाने में पहलवान मृत्युंजय नाथ चौधरी, चिंटू कुमार, उत्तील यादव, सरोज चौधरी, विकास कुमार, सुजीत कुमार, आनन्द सिंह, धन्नजय यादव, रवि कुमार, महिला गर्ल्स पहलवान रिद्धि कुमारी एवं सिद्धी कुमारी तथा कृष्णा कुमार, विजय कुमार, आदित्य कुमार मुलायम आदि मौजूद थे।

### नहर संरक्षण समिति ने की बैठक



**तमाड़ :** तमाड कांची मुख्य नहर संरक्षण समिति की एक बैठक तमाड़ में समाजसेवी सत्यनारायण स्वांसी की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। कार्यक्रम बतौर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार से सेवानिवृत पूर्व अभियंता प्रमुख सिंगराय टूटी उपस्थित हुए बैठक मैं तमाड़,अड़की,बुंडू के किसान शामिल थे किसानों ने एक स्वर में कांची सिंचाई योजना के तहत बाराज बनाने का मांग रखा गया है जिससे कांची नहर में सालों भर पानी उपलब्ध हो बैठक के उपरांत श्री सिंहराय टूटी के नेतृत्व में संरक्षण समिति वह किसानों का एक दल चुर्गी बियर व रीमिक्स फोल का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान पाया गया कि यदि रीमिक्स फोल के समीप बाराज बनने से पानी का भंडारण काफी मात्रा में हो सकता है, उपस्थित समिति और किसानों को आश्वत करते हुए श्री टूटी ने कहा कि आप लोगों के मांगों को लेकर मैं बहुत जल्द सरकार वह आला अधिकारियों से भेंट करूंगा और बाराज स्वीकृत करने का मांग रखूंगा जिससे तमाड़,बुंडू,अड़की के किसानों को सालों भर पानी उपलब्ध हो सकेगा ।

# झारखंड क्रांतिकारी मजदूर यूनियन की ओर से ठेका मजदूरों की समस्याओं को लेकर बैठक



राष्ट्रीय खबर

**बोकारो :** मंगलवार को बोकारो स्टील प्लांट के हॉट स्ट्रिप मिल में झारखंड क्रांतिकारी मजदूर यूनियन की ओर से ठेका मजदूरों की समस्याओं को लेकर बैठक की गई। यूनियन के महामंत्री डीसी गोहाई ने मजदूरों के हक अधिकार व उनके बीच जागरूकता लाने को लेकर प्लांट के विभिन्न विभागों के ठेका मजदूरों के बीच जनजागरण अभियान के तहत हॉट स्ट्रिप मिलकर के ठेका मजदूरों को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि ठेका मजदूरों का हालात दिनोंदिन खराब होते जा रहा है। प्रबंधन और ठेकेदार उनके उचित मांगों को नजरअंदाज कर रहे हैं। ठेका मजदूरों को किसी के ऊपर भरोसा किए बगैर अपने अधिकार के लिए अपनी लड़ाई खुद ही लड़ना होगा। तभी इनके हालात में सुधार हो सकता है। ठेका मजदूरों के इन्हीं कमजोरी के कारण इन्हें न्यूनतम मजदूरी से भी वंचित होना पड़ रहा है। बाकी बुनियादी हक अधिकार तो दूर की बात है। ठेका मजदूरों से अपील है कि अपनी हालत को सुधारने के लिए अपने आप को मजबूत करें।

# वन अधिकार कानून को लेकर की बैठक



राष्ट्रीय खबर

**चांडिल :** चांडिल प्रखंड के चौका पंचायत भवन के समीप मंगलवार को विभिन्न ग्राम सभा के वन अधिकार समितियों एवं सामाजिक कार्यकताओं की एक बैठक हुई। जिसमें वन अधिकार कानून को तत्परतापूर्वक से लागू न करने पर अफसोस व्यक्त किया गया। इस संबंध में बोलते हुए बनाधिकार कार्यकर्ता बृहस्पति सिंह सरकार ने कहा कि चांडिल प्रखंड में 26 गांव के लोगों ने सामूहिक वन अधिकार का दावा किया है लेकिन केवल चार गांवो का ही दावा मंजूर किया गया है। इसी तरह से नीमडीह में 29 गांव ने दावा किया है और सिर्फ 9 को अधिकार मिला है। बैठक में वरिष्ठ कार्यकर्ता डोमन वास्के ने बताया कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस कानून को लागू करने के लिए निजी तौर पर दिलचस्पी ले रहे हैं और प्रशासनिक अधिकारियों को समुचित निर्देश भी दिया गया है। लेकिन ये पदाधिकारी अपने दायित्व से भाग रहे हैं। विभिन्न गांवों के प्रतिनिधियों ने तय किया कि इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी चांडिल से मिलकर कानून को लागू करने का अनुरोध किया जाएगा ।

# रचनागोष्ठी में साहित्यकारों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

राष्ट्रीय खबर



**बोकारो :** विवाह पंचमी के अवसर पर रविवार की शाम चर्चित साहित्यिक संस्था साहित्यलोक की मासिक रचनागोष्ठी वरिष्ठ साहित्यकार विजय शंकर मल्लिक सुधापति के सेक्टर 8 स्थित आवास पर आयोजित हुई। कवयित्री नीलम झा की अध्यक्षता व साहित्यलोक के संयोजक अमन कुमार झा के संचालन में आयोजित इस रचनागोष्ठी की शुरूआत अरुण पाठक द्वारा प्रशस्ति वाचन व मिथिला वर्णन गीत की सुमधुर प्रस्तुति से हुई। पिछले दिनों हजारीबाग में बोकारो के साहित्यकार विजय शंकर मल्लिक सुधापति को त्रिवेणीकान्त ठाकुर भाषा साहित्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया था, उस समारोह पढ़े गये प्रशस्ति वाचन को आज की गोष्ठी में श्री पाठक ने प्रस्तुत किया। सभी साहित्यकारों ने इस सम्मान के लिए सुधापति जी को बधाई दी। तत्पश्चात कवि राजीव कंठ ने अपनी मैथिली सभ सं पैघ काज व बेवस सूरज, सतीश चन्द्र झा ने अस्तित्व व हमर आखरि शब्द, मुकेश कुमार सिंह ने स्कूलों में प्लस टू में नन स्कूलिंग की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण बच्चों की घटती संख्या, अमन कुमार झा ने मैथिली नाटक के अंश, विजय शंकर मल्लिक ने सत्य की शक्ति व सुधापतिक सलाह, शंभु झा ने शैलजा झा की कविता सांस्कृतिक स्वांग, नीलम झा ने हिन्दी कविता ऐसा ही होगा व मैथिली कविता प्राणनाथ के पत्र सुनाकर सबकी प्रशंसा पाई। डॉ सन्तोष कुमार झा (कोलकाता) ने ऑनलाइन इस रचनागोष्ठी में धारदार मैथिली कविता सुनाकर सबकी वाहवाही ली। गोष्ठी में साहित्यालंकार स्व विजय नारायण मिश्र, प्रवासीजी व की जीवनी पर दिल्ली से ऑनलाइन वरिष्ठ साहित्यकार गिरिजा नंद झा अर्द्धनारीश्वर ने प्रकाश डाला। वहीं हाल ही में दिवंगत हुए बोकारो के संगीतज्ञ सूर्यनरायण झा को श्रद्धांजलि देते हुए वरिष्ठ शिक्षाविद तुलानंद मिश्र ने संगीत के क्षेत्र में उनके योगदान को याद किया।

**Government of Jharkhand**
**Directorate of Food & Consumer Affairs**
**4th Floor, JSFC Bhawan, Kadru, Ranchi -834002**
**JHARKHAND, RANCHI**

Reverse e- Auction Notice Tender Ref No: Kha.up.Ni-01-(JSFSS)-01/23:- 2082 Dated:-18/12/2023
Supply of Common Rice (parboiled) As Per FSSAI Norms under JSFSS For June 2023 to August 2023 of Financial Year 2023-24 through reverse e-auction platform of NCDEX e Markets Limited

| Bid Details | |
|---|---|
| Name of the Client | Directorate of Food & Consumer Affairs 4th Floor, JSFC Bhawan, Kadru, Ranchi -834002 DIRECTORATE OF FOOD AND CONSUMER AFFAIRS GOVERNMENT OF JHARKHAND, RANCHI |
| Date of Tender published on website | 19/12/2023. |
| Bidding Document Cost | Rs.10,000/-(Rupees Ten Thousand Only) (Non -Refundable & non -Adjustable) as a Demand Draft in favour of " Director, Directorate of Food and Consumer Affairs, Jharkhand Ranchi " in the office of Directorate of Food and Consumer Affairs, Jharkhand, Ranchi, 4th Floor, JSFC Bhawan, Kadru, Ranchi – 834002 before last date of submission of bid documents by 05:00 PM. |
| Earnest Money Deposit (EMD) | 2 % (Two percent) of the quoted bid value/Tender Value. |
| Quantity (In MT) | 22,500 MT(Approximately) for three Months |
| NCDEX e Markets Limited (NeML) registration fee | Rs 5000/-only (Non-refundable) +18 % GST i.eRs 5900 (as applicable) |
| Availability of tender documents | www.neml.in&http://jharkhand.gov.in/food |
| Last Date of Uploading Document on https://jtenders.neml.in | 09/01/2024 by 17:00 (05:00 PM) IST |
| Date of Reverse e- Auction | Will be published after technical evaluation. |
| Pre-Bid Meeting | On 22/12/2023 at 15.00 IST through Google meet. https://meet.google.com/woz-ejmt-avb |
| Name and concerned person for Correspondence | Ritesh Kumar-9470396902 |

1. All eligible individuals or partnership firm, Registered Company or Co-operative society or any legal organization should mandatorily register with NCDEX e Markets Ltd for participation in Reverse Auction Registration Fee Rs. 5,000/- (Five Thousand) + 18% GST ieRs 5900.
2. Any changes/modification in the Tender documents will be posted on website http://jharkhand.gov.in/food&https://www.neml.in
3. The schedule of Reverse e- auction to be conducted will be posted on website- http://jharkhand.gov.in/food.
4. Any changes/ modification in the Tender documents in the tender documents will be posted on website- http://jharkhand.gov.in/food

Sd/-
Director
(Directorate of Food & Consumer Affairs)

PR 313760 Directorate of Food and Consumer Affairs(23-24)D

शहर ›› अपडेट

### नहर में डूबे पिछरी निवासी अधेड़ का शव मिला

**बेरमो:** पेटरवार थाना क्षेत्र के पिछरी महतो कुल्ही निवासी 58 वर्षीय जीवन महतो उर्फ खाड़ू महतो रविवार शाम को धधकीडीह स्थित तेनु बोकारो नहर में नहाने के क्रम में पैर फिसलने से डूब गया था। जिसका शव सोमवार को करनडीह के समीप नहर में मिला। सूचना पाकर पेटरवार पुलिस दलबल के साथ करनडीह पहुंचा और ग्रामीणों के सहयोग से शव को नहर से बाहर निकाला।

शॉर्ट न्यूज अपडेट्स ››

### वाटर प्लांट सुपरवाइजर पर सीसीएल कर्मियों से व्यक्तिगत काम करवाने का आरोप

**सिरका** : वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट (डब्ल्यूटीपी) अरगड्डा में कार्यरत सुपरवाइजर राणा प्रताप सिंह पर सोमवार को अपने घर रांची रोड में तीन कर्मियों से व्यक्तिगत काम करवाने का आरोप लगा है। इस संबंध में सिरका पीओ श्रीकांत शर्मा ने अनिभिज्ञता जहीर करते हुए जांच पड़ताल के बाद आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। इस संबंध में यूनियन प्रतिनिधि प्रदीप रविदास ने सिरका पीओ को पत्र सौपा है। जिसमें डब्ल्यूटीपी के सुपरवाइजर राणा प्रताप के द्वारा अपने निजी घर रांची रोड में सीसीएल कर्मी मनोज कुमार (मैकेनिकल फीटर),विजय पांडे (ड्रिलमैन), लाजरुस सोरेन (जनरल मजदूर) से घर में बुलाकर व्यक्तिगत पाइपलाइन का काम करवाया जा रहा है। और वो भी सीसीएल में ड्यूटी के दौरान करवाया गया है। कहा है कि आए दिन डब्ल्यूटीपी के मजदूरों से व्यक्तिगत घरेलू कार्य सुपरवाइजर राणा करवाया द्वारा करवाया जाता रहा है। इन सभी तथ्यों को लेकर विभागीय कार्रवाई की मांग की गई है। इधर प्रबंधन भी शिकायत पर जांच में जुट गया है।

संक्षिप्त ›› अपडेट्स

### शिविर में 201 मामलों का हुआ निष्पादन

गिद्दी : झारखण्ड सरकार द्वारा चल रहे जन कल्याणकारी योजना शिविर डाड़ी प्रखंड के रेलीगढ़ा पश्चिमी पंचायत सचिवालय में आपकी योजना, आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रेलीगढ़ा पश्चिमी पंचायत सचिवालय में आयोजित शिविर के मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमती अन्नू प्रिया एवं सीओ निशांत अंबर, मुखिया ,प्रखंड प्रमुख दीपा देवी,जीप सदस्य डाड़ी भाग 02 श्रीमती पिंकू देवी द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया।इसमें प्रखंड के तमाम कर्मियों, पदाधिकारियों सहित इससे जुडे लोगों द्वारा अपने अपने विभाग के कई स्टॉल लगाए गए। सरकार के द्वारा चलाए जा रहे कई कल्याणकारी योजनाओं के प्रदर्शन के साथ साथ परिसंपत्तियों का वितरण आन स्पॉट पर ही किया गया । शिविर में मनरेगा, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन, समाज कल्याण, कृषि, प्रधानमंत्री आवास/अबुवा आवास योजना,वन विभाग, आय,जाति,आवासीय, भूमि सुधार, जेएसएलपीएस, बाल विकास परियोजना, ई श्रमयोजना, शिक्षा, बिजली, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन,पेयजल उद्योग विभाग के स्टॉल आदि शामिल किए गए हैं। शिविर में कई योजनाओं के कुल 260 आवेदन प्राप्त किए गए।जिसमें 201 का निष्पादन किया गया। जबकि 159 पेंडिंग हैं। 02 अबुवा आवास योजना के लिए आवेदन प्राप्त किए गए।परिसंपत्तियों के वितरण में साड़ी, धोती, लुंगी 39,कम्बल 71तथा 11 क्लस्टर सदस्यों को आईडी कार्ड एवं गुरूजी क्रेडिट कार्ड 60लाभुकों के बीच वितरित किए गए। इस मौके पर नोडल पदाधिकारी उज्वल किशोर बीपीओ, अजित कुमार तिवारी जीपीएस,देवेंद्र कुमार,बीरेंद्र कुमार रवि,अभिषेक पन्ना, गुलाम मुस्तफा, रौशन कुमार,आशीष कुमार, अनिल सिन्हा, महेश प्रसाद, बजरंग मिस्त्री, वासुदेव गंझू आदि उपस्थित थे।

आयोजन

## सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

# सरकार तमाम सरकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए प्रतिबद्ध : लक्ष्मी सुरेन

राष्ट्रीय खबर




**जमशेदपुर:** किरीबुरु पूर्वी पंचायत अंतर्गत बराईबुरु फुटबॉल मैदान में सोमवार को बीडीओ अनुज बाण्डों की अगुआई में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में सैकड़ों लोग विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने पहुंचे कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सुरेन, विशिष्ट अतिथि नोवामुण्डी प्रखंड प्रमुख पूनम गिलुवा, उप प्रमुख ज्योति दास, जिप सदस्य देवकी कुमारी, मुखिया मंगल सिंह गिलुवा, किरीबुरु पश्चिम की मुखिया पार्वती किरो, उप मुखिया सुमन मुंडू, समिति के अध्यक्ष बुधराम पुरती ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। जिला परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सोरेन ने कहा कि मुख्यमंत्री का प्रयास है कि हर वर्ष ऐसा शिविर के माध्यम से झारखंड के प्रत्येक पंचायत में ऐसा शिविर आयोजित कर लोगों को तमाम प्रकार के सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाय ।

जिप सदस्य देवकी कुमारी ने कहा कि जो ग्रामीण जिला व प्रखंड कार्यालय तक अपनी समस्याओं का समाधान हेतु नहीं जा पाते हैं, उस अंतिम व्यक्ति तक इस कार्यक्रम के माध्यम से योजनाओं का लाभ दिलाना सरकार का उद्देश्य है ।प्रमुख पूनम गिलुवा ने कहा कि सरकार द्वारा जितनी भी योजना आम जनता के लिये प्रारम्भ की है घर तक पहुंचाने हेतु यह कार्य किया जा रहा है। सरकार की सभी विभाग का स्टॉल आपके गांव में लगा है, जिसका लाभ जनता उठायें।

उप प्रमुख ज्योति दास, किरीबुरु पश्चिम की मुखिया पार्वती किरो ने भी संबोधित किया। मुखिया मंगल सिंह गिलुवा ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम स्थल पर नेटवर्क नहीं होने के कारण आधार से संबंधित शिकायतों का समाधान नहीं हो सका। ऑनलाइन की जगह लगभग 200 लोग ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन कराया। कार्यक्रम स्थल पर अव्यवस्था का भारी समस्या देखा गया. मंच संचालन करने वाला उपलब्ध नहीं था. चिकित्सा शिविर का लोगों ने लाभ उठाया। इस दौरान जरुरतमंदों के बीच कंबल वितरण, 8 वीं के तीन छात्राओं को साईकल हेतु 4500 रुपये का डेमो चेक दिया गया। बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना के तहत दो को प्रमाण पत्र, 7 लोगों को धोती-साडी, 2 बच्चों का मुंह जुठ्ठी एवं तीन का गोदभराई किया गया ।इस कार्यक्रम में सभी विभागों के कुल 22 स्टॉल लगे थे. इसमें निबंधन, सर्वजन पेंशन योजना, मनरेगा,आबुआ आवास, 15 वे वित्त आयोग, डीएमएफटी, खाद्य आपूर्ति/धोती साडी/लुंगी वितरण, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना/दवा वितरण, कृषि, धान अधिप्राप्त एवं बैंक से संबंधित कार्य,स्वास्थ्य/ मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना,फूलो झानों आशीर्वाद योजना एवं जेएसएलपीएस, आईसीडीएस/ सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, गुरुजी क्रेडिट कार्ड, वन विभाग, कल्याण/ वन अधिकार पट्टा, बिजली विभाग,पेयजल एवं स्वच्छता,भू-लगान रसीद एवं भू-राजस्व,सेवा का अधिकार/जाति/ आय/ स्थानीय प्रमाण पत्र, ई श्रम/सीएससी से संबंधित व आधार के स्टॉल शामिल थे। कार्यक्रम की अगुवाई करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी अनुज बाण्डो हर जगह लोगों के सहयोगी के रूप में देखे गए।

### जरूरतमंदों को सेवा करना ही मानवता: आर उनेश

**बेरमो:** कड़कती ठंड के बीच सड़क के किनारे किसी भी तरह सो कर अपनी रात गुजारने वालों के लिए फुसरो व्यवसाई संघ की तरफ से तीन दर्जन जरूरतमंदों को कंबल वितरण किए गए, जिसका नेतृत्व फुसरो व्यवसाई संघ के आर उनेश ने किया। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों को सेवा करना ही असली मानवता है। भाजपा फुसरो मंडल महामंत्री टुनटुन तिवारी ने कहा कि आर उनेश की जितनी प्रशंसा की जाए कम है।

## गोमिया में बंद पड़े रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य शीघ्र चालू करने की मांग

राष्ट्रीय खबर



**बेरमो:** सोमवार को विस्थापित संघर्ष समिति गोमिया का एक प्रतिनिधिमंडल पूर्व मध्य रेलवे के उप-मुख्य अभियंता से हजारीबाग स्थित उसके कार्यालय में मुलाकात किया। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने गोमिया में निमार्णाधीन रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य शीघ्र चालू कराने को लेकर मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में कहा है कि गोमिया में रेलवे ओवर ब्रिज गोमिया की जनता की वर्षों पुरानी मांग है। पूर्व मध्य रेलवे द्वारा कुछ दिन पूर्व ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य शुरू किया गया था। इस कारण गोमिया वासियों के बीच खुशी की लहर थी। ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य शुरू हुए मात्र तीन दिन हुआ था कि अचानक निर्माण कार्य को रोक दिया गया। पत्र में कहा गया है कि ओवरब्रिज के निर्माण कार्य को रोके जाने के कारणों का खुलासा किया जाए। इसका निर्माण कार्य अविलंब चालू किया जाए। साथ ही ओवरब्रिज के विस्थापितों और स्थानीय मजदूरों को नियोजन में प्राथमिकता दी जाए। प्रतिनिधि मंडल में सूरज कुमार,चमन प्रजापति, अश्विनी कुमार, रोहित पासवान, नरेश कुमार, सरजू ठाकुर आदि शामिल थे।

## नि:शुल्क चिकित्सा जांच शिविर आयोजित



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो** : सीसीएल के बोकारो एवं करगली प्रक्षेत्र के सीएसआर के तहत मंगलवार को बेरमो कोयलांचल के जरीडीह बाजार स्थित गुजराती धर्मशाला में निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर और दवा का वितरण किया गया । इस शिविर में सूगर, ब्लड प्रेशर की जांच सहित अन्य बीमारियों का भी इलाज किया गया और मुफ्त में दवइयां वितरित की गई । शिविर का उद्घाटन अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सह समाजसेवी अनिल अग्रवाल, भाजपा के वरीय नेता डॉक्टर प्रहलाद बरनवाल, समाजसेवी गिरीश भाई कोठारी और डॉक्टर एस के भारतीय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर डॉक्टर भारतीय ने कहा बोकारो एवं करगली प्रक्षेत्र सिर्फ कोयला उत्पादन ही नहीं करता है बल्कि ग्रामीणों, गरीबों एवं श्रमिकों के विकास के लिए समय-समय पर मेडिकल शिविर के माध्यम से जांच के उपरांत इलाज किया जाता है और दवा भी मुफ्त दिया जाता है ताकि गरीब ग्रामीण भी अपने परिवार के भविष्य को आगे बढ़ा सके। यहा सीसीएल के सीएसआर के तहत समय-समय पर सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में मेडिकल कैंप लगाया जाता है जिसमें गरीबों के सर्वांगीण विकास के लिए सूगर, ब्लड प्रेशर या अन्य कोई भी बीमारी हो उनका यहां मुफ्त में इलाज किया जाता है और दवाईयां दी जाती है। शिविर में करगली रिजनल अस्पताल के सीनियर डॉक्टर एस के भारतीय, डॉक्टर ए .ए. कुजूर, डॉ मुकेश रामू दास, डॉक्टर प्रिया रानी सहित अस्पताल कर्मी नागेश्वर कुमार भारती, धनेश्वर महतो, नागेंद्र सिंह, जितेंद्र कुमार, विनीता प्रसाद, संजय कुमार महतो, शंकर प्रसाद साव, जितेंद्र तांती मुख्य रूप से मौजूद थे।

## लोकसभा और विधानसभा चुनाव में हमारी बहनों की



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो:** फुसरो स्थित उर्वशी होटल मे मंगलवार को महाराष्ट्र महिला मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह राष्ट्रीय प्रवासी डॉक्टर शालिनी डोगरे का बोकारो जिलाध्यक्ष गिरिजा देवी के नेतृत्व मे जोरदार स्वागत किया गया। भारतीय जनता पार्टी महाराष्ट्र महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष सह राष्ट्रीय प्रवासी श्रीमती डॉक्टर शालिनी डोगरे ने कहा कि लोकसभा और विघानसभा चुनाव में हमारी बहनों की भूमिका बहुत ही अहम है। महिला मोर्चा पूरी शिद्दत के साथ काम कर रहा है। देश में महिला मोर्चा की ओर से कई प्रोग्राम चलाए जा रहे हैं। महिला मोर्चा पूरी शिद्दत जिनमें एक करोड़ सेल्फी प्रोग्राम भी जोरों-शोरों से चल रहा है। कमल मित्र प्रोग्राम बडी संख्या में बहने जुड़ रही हैं। जल्द ही हर लोकसभा क्षेत्र से 200 कमल मित्र बहने बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि ट्रांसजेंडर और किन्नर समाज को साथ जोड़ने का क्रम शुरू हो चुका है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम हो या फिर महा जनसंपर्क अभियान किसी भी प्रोग्राम में महिला मोर्चा की बहने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती हैं। 33% आरक्षण बिल को लेकर बहनों में काफी उत्साह है। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद करती हूं जिन्होंने बहनों के बारे में सोचा और उन्हें सशक्त बनाया। आगामी लोकसभा चुनाव में महिला मोर्चा की भूमिका अग्रणी होगी। यहां फुसरो मंडल के महामंत्री टुनटुन तिवारी ने भी डॉक्टर शालिनी डोगरा को स्वागत किया।

## ढ़ोरी में वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह मनाया गया

# खदानों में काम करने वालों को सुरक्षा नियमों का पालन करना चाहिए:जीएम

- जिंदगी काफी महत्वपूर्ण है
- घर से ड्यूटी जाने तक सुरक्षा का पालन करें

राष्ट्रीय खबर



**बेरमो:** सीसीएल ढोरी प्रक्षेत्र अंतर्गत ढ़ोरी खास भूमिगत परियोजना में वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह मंगलवार को मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सुरक्षा ध्वज फहरा कर व सुरक्षा शपथ के साथ किया गया। यहां अधिकारियों व कामगारों को सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। यहां पीओ रंजीत ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि सुरक्षा का पालन मन से करें। मौके पर जीएम मनोज कुमार अग्रवाल ने कहा कि खदानों में काम करने वालों को सुरक्षा नियमों का पालन करना चाहिए। जिंदगी काफी महत्वपूर्ण है। इसएिल घर से ड्यूटी जाने तक सुरक्षा का पालन करें तो आपके बच्चे भी सुरक्षा को अपनाएंगे। उन्होने कोयला उत्पादन पर बल देते हुए कहा कि देश के लिए कोयला जितना जरुरी है, उतना ही अपने जीवन की रक्षा करना भी आवश्यक है। कन्वेनर सह चूरी परियोजना के कन्वेयर शैलेश कुमार, सेफ्टी ऑफिसर सह मैनेजमेंट रिपर्जेंटिव खिवराज, प्रोजेक्ट इंजीनियर जॉर्ज लोंगा, सर्वे ऑफिसर अरुण कुमार, डबल्यूआई माइनिंग दीपक कुमार मंडल, डबल्यूआई इलेक्ट्रिकल मनीष कुमार, सीसीएल आईएसओ बीपी सिंह ने सुरक्षा की बारीकियों से कर्मियों को अवगत कराया। इस दौरान सुरक्षा उपकरणों का निरीक्षण किया। कहा कि नशा नाश का जड़ है, जिसने नशा का सेवन किया वह नाश हुआ है। उसका किया गया काम बेकार होता है। इतना ही नहीं वह जान से भी हाथ धो डालता है, इसलिए कार्य के दौरान शराब का सेवन ना करे। यहा कुशल कामगारों के बीच पुरस्कार वितरण करके उन्हें सम्मानित किया गया। इसके बाद कन्वेनर टीम में आए अधिकारियों ने भूमिगत खदान व बिजली घर का निरीक्षण किया। मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए। इसका संचालन असिस्टेंट मैनेजर माइनिंग अंकित कुमार ने किया। यहां के मजदूरों ने सुरक्षा गीत प्रस्तुत कर लोगों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

इस अवसर पर एसओ माइनिंग अमिताभ तिवारी, एसओपी प्रतुल कुमार, सेफ्टी ऑफिसर गोपाल सिंह मीणा, क्षेत्रिय सुरक्षा पदाधिकारी सीताराम उड़के, एसओसी उज्जवल कुमार सिंह,मैनेजर मृत्युंजय कुमार पीई मनोज साह, यूनियन प्रतिनिधि हीरालाल रविदास, प्रदीप सिंह, तुलसी महतो, मनोज ठाकुर आदि मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

### दहेज व हत्या के आरोपी को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा

तेनुघाट:तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के जिला जज दितिय अनिल कुमार ने दहेज हत्या के आरोपी राजु कुमार महतो को सिद्ध दोषी पाने के बाद दस वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। मालूम हो कि नावाडीह थाना अंतर्गत अरगामो निवासी सूचक अनंत लाल चौधरी ने बेरमो थाना प्रभारी के समक्ष बयान दर्ज कराया कि उसकी पुत्री भारती देवी की शादी गांधी नगर थाना अंतर्गत वेदकारो निवासी राजु कुमार महतो के साथ हुई थी। शादी के बाद ससुराल में कुछ दिन ठीक से रही उसके बाद उसे पति एवं ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। 30 सितंबर 2020 को सूचक की पुत्री के देवर ने फोन कर बताया कि आपकी पुत्री ढोरी रिजनल अस्पताल करगली में भर्ती है। आप लोग यहां आइए। जब करगली रीजनल अस्पताल ढोरी पहुंचे तो देखा की सूचक की पुत्री मृत अवस्था में मर्चरी हाउस में पड़ी हुई है। उसके गला, कान, नाक में चोट के निशान है। जिससे पूरा विश्वास है। कि उनकी पुत्री भारती देवी को उसके पति राजू कुमार महतो एवं ससुराल वालों ने मिलकर जान से मार कर अस्पताल में भर्ती कराया। उक्त बयान के आधार पर बेरमो थाना में मामला दर्ज किया गया। मामला दर्ज होने के बाद मामला स्थानांतरण होकर जिला जज दितीय अनील कुमार के न्यायालय में आया। न्यायालय में उपलब्ध गवाह एवं दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के बहस सुनने के बाद अनिल कुमार ने दहेज हत्या के मामले में राजु कुमार महतो को वे दोषी पाते हुए दस साल की सश्रम कारावास की सजा सुनाई। सजा सुनाए जाने के बाद अभियुक्त राजु कुमार महतो को तेनुघाट जेल भेज दिया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक अपर लोक अभियोजक विजय कुमार साहू ने बहस किया।

### पंचायत सचिवालय में सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

गिद्दी : झारखण्ड सरकार द्वारा चल रहे जन कल्याणकारी योजना शिविर डाड़ी प्रखंड के रेलीगढ़ा पश्चिमी पंचायत सचिवालय में आपकी योजना, आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रेलीगढ़ा पश्चिमी पंचायत सचिवालय में आयोजित शिविर के मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमती अन्नू प्रिया एवं सीओ निशांत अंबर, मुखिया ,प्रखंड प्रमुख दीपा देवी,जीप सदस्य डाड़ी भाग 02 श्रीमती पिंकू देवी द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया।इसमें प्रखंड के तमाम कर्मियों, पदाधिकारियों सहित इससे जुडे लोगों द्वारा अपने अपने विभाग के कई स्टॉल लगाए गए। सरकार के द्वारा चलाए जा रहे कई कल्याणकारी योजनाओं के प्रदर्शन के साथ साथ परिसंपत्तियों का वितरण आन स्पॉट पर ही किया गया । शिविर में मनरेगा, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन, समाज कल्याण, कृषि, प्रधानमंत्री आवास/अबुवा आवास योजना,वन विभाग, आय,जाति,आवासीय, भूमि सुधार, जेएसएलपीएस, बाल विकास परियोजना, ई श्रमयोजना, शिक्षा, बिजली, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन,पेयजल उद्योग विभाग के स्टॉल आदि शामिल किए गए हैं। शिविर में कई योजनाओं के कुल 260 आवेदन प्राप्त किए गए।जिसमें 201 का निष्पादन किया गया। जबकि 159 पेंडिंग हैं। 02 अबुवा आवास योजना के लिए आवेदन प्राप्त किए गए।परिसंपत्तियों के वितरण में साड़ी, धोती, लुंगी 39,कम्बल 71तथा 11 क्लस्टर सदस्यों को आईडी कार्ड एवं गुरूजी क्रेडिट कार्ड 60लाभुकों के बीच वितरित किए गए। इस मौके पर नोडल पदाधिकारी उज्वल किशोर बीपीओ, अजित कुमार तिवारी जीपीएस,देवेंद्र कुमार,बीरेंद्र कुमार रवि,अभिषेक पन्ना, गुलाम मुस्तफा, रौशन कुमार,आशीष कुमार, अनिल सिन्हा, महेश प्रसाद, बजरंग मिस्त्री, वासुदेव गंझू, अर्जुन कुमार, मिथुन कुमार, राजू प्रजापति, बबन कुमार, मो।एकलाख, राजेश्वर प्रजापति, राहुल राज, अरुण यादव, बिनोद प्रजापति, प्रकाश कुमार, सीडीपीओ डाड़ी/ अप्सरा परवीन,अमित कुमार, पुष्पा कुमारी, निशा कुमारी, सभी विभाग के कम्प्यूटर ऑपरेटर,अप्पू कुमार सिन्हा अनुसेवक सहित तमाम विभाग के कर्मी आदि लोग मौजूद थे।

### बीएंडके के प्रतिनिधियों ने दिया इस्तीफा



बेरमो : झाकोमयू बीएंडके क्षेत्र के दर्जनो प्रतिनिधियो ने अपने पद से सामूहिक इस्?तीफा दे दिया है। इसमें उपस्थित सभी लोगो ने जोनल सचिव जयनारायण महतो पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। बीएंडके एरिया निवर्तमान अध्यक्ष ?झरिलाल हांसदा और एरिया सचिव आभाष चन्द्र गांगुली ने केंद्रीय अध्यक्ष को भेजे इस्?तीफा पत्र में कहा है कि बहुत दिनों से हमलोग जोनल सचिव द्वारा प्रताड़ित हो रहे थे। इसकी सूचना समय-समय से केन्द्रीय पदाधारियों को अवगत कराता रहा हूं। किसी के द्वारा मुझे आश्वासन एवं सांत?वना के आलावा रचनात्मक सहयोग नहीं किया गया। कहा कि संगठन मे गुटबाजी चरम पर है। कहा कि अपनी क्षमता के अनुरूप हमलोग संगठन को आत्मसेट कर चलने का प्रयास करता रहा हूं। काफी चिंतन के बाद इस नतीजे पर पहुंचा हूं कि? हमलोग की संगठन मे आवश्यकता ही नहीं है, तब हमलोग को इस दायित्व से त्याग पत्र दे देना चाहिए। सोच विचार के बाद 19 दिसंबर को यूनियन के सभी पदो के दायित्व से मुक्त हो रहा हूं। इस अवसर पर गोपाल गुप्ता,गणेश सतनामी,रीतलाल महतो,जगन पासवान ,गणेश श्रीवास्तव, रविकांत कश्यप उर्फ सोनू कश्यप, सुमित कुमार रवानी, शशि पासवान, कजरी देवी ,लक्ष्मी देवी, मोहन तुरी, पंकज कुमार, राजेश कुमार, पर्वतीया, सुशील मांझी, भुवनेश्वर महतो, परमेश्वर साहू, मोहम्मद सरफुद्दीन, नूर अहमद, दीपक कुमार रजवार, राजू कुमार, मोहन ढाकुर,मनोहर रजवार, संतोष कुमार, प्रमोद कुमार शर्मा ,मनोज कुमार मुंडा, आकाश यादव ,सुरेंद्र सिंह, शांति कुमारी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### कोलियरी में खान सुरक्षा सप्ताह का आयोजन

बेरमो :कथारा- केंद्र सरकार द्वारा आयोजित सुरक्षा सप्ताह के मद्देनजर कोल इंडिया प्रबंधक द्वारा भी अपने अनुसंगी इकाइयों में खान सुरक्षा सप्ताह का आयोजन कर रही है। इसी के तहत सीसीएल के विभिन्न कोलियरी क्षेत्रो में भी खान सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 19 दिसंबर को सीसीएल का कथारा क्षेत्र के कथारा कोलियरी परिसर में 66वां खान सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता क्षेत्र के महाप्रबंधक डीके गुप्ता ने किया तथा संचालन कोलियरी मैनेजर कृष्ण मुरारी ने किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कोलियरी के दर्जनों कामगारों को सम्मानित किया गया साथ ही लघु नाटक का आयोजन किया गया। लघु नाटक में सुरक्षा संबंधी जरूरी उपाय तथा उसे नहीं अपने की स्थिति में होने वाले दुर्घटना की जानकारी दी गई। वही लघु नाटक में कलाकार जारंगडीह के सीनियर ओवरमेंन राजेश कुमार, मोहम्मद जाहिद आलम उर्फ मोटे, मोहम्मद नौशाद, राहुल कुमार सिंह एवं सौरभ कुमार ने अपने किरदारों को बेहतरीन ढंग से प्रस्तुत किया। जिस कारण उपस्थित अतिथिगण काफी प्रभावित हुए इस अवसर पर बोलते हुए निर्देशक खान सुरक्षा विद्युत बाल कृष्णा ने कहा कि आमतौर पर कोलियरी क्षेत्र में कामगार कार्य के दौरान अचानक हेलमेट कामगारों के सर से गिर जाने से बड़ी दुर्घटना हो जाती है। इसलिए इस पर ध्यान देने की ज्यादा जरूरी है।

## संपादकीय

# सवालों से भागती मोदी सरकार

यह धीरे धीरे स्पष्ट होता जा रहा है कि मूल सवालों के उठने की स्थिति में नरेंद्र मोदी की सरकार खुद को असहज स्थिति में पाती है। अडाणी मुद्दे पर उठे प्रश्नों के परिणाम में हम पहले राहुल गांधी और बाद में महुआ मोइत्रा की सदस्यता जाने को देख रहे हैं। इसके बीच ही सरकार ने कुछ ऐसी स्थिति बना दी, जिसे देखकर पूरा देश अवाक है। विपक्ष और सरकार के बीच तनाव बढ़ने पर सोमवार को संसद के दोनों सदनों से 78 सांसदों को निलंबित कर दिया गया, जिससे इस सत्र में निलंबित सांसदों की कुल संख्या 92 हो गई, दोनों आंकड़े भारतीय संसद के इतिहास में अभूतपूर्व हैं। विपक्षी नेताओं ने इसे लोकतंत्र की हत्या करार दिया। निलंबित किए गए लोगों में लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी, डीएमके के फ्लोर लीडर टी.आर. शामिल हैं। बालू, पूर्व केंद्रीय मंत्री दयानिधि मारन और तृणमूल कांग्रेस नेता सौगत रॉय शामिल हैं। राज्यसभा में विपक्ष की करीब 50 फीसदी ताकत खत्म हो चुकी है. गुरुवार को 14 सांसदों को



निलंबित कर दिया गया था, जिनमें 13 लोकसभा से और एक राज्यसभा से था। लोकसभा में सोमवार को दोपहर करीब तीन बजे 33 सांसदों को निलंबित कर दिया गया. सदन की कार्यवाही बार-बार स्थगित होने के बाद, और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को सभी सांसदों को लिखा एक पत्र पढ़ा, जिसमें कहा गया था कि उनका कार्यालय संसद भवन परिसर की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार था और उन्होंने 13 सांसदों को पहले ही निलंबित कर दिया था। हालाँकि, विपक्षी सांसदों ने विरोध जारी रखा और श्री बिड़ला ने सदन को दोपहर तक के लिए स्थगित कर दिया। चूंकि सदन दोबारा शुरू होने के बाद भी सांसदों का विरोध प्रदर्शन जारी रहा, पीठासीन अधिकारी राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि यह व्यवहार सभापति की ओर से कार्रवाई को आमंत्रित करना था। दोपहर 3 बजे, एक और स्थगन के बाद, संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने 33 सांसदों को निलंबित करने का प्रस्ताव पढ़ा, जिसे ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। जबकि लोकसभा में 30 सांसदों को शीतकालीन सत्र की अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया था, कांग्रेस के तीन सदस्यों - के. जयकुमार, विजय वसंत और अब्दुल खालिक - को विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट लंबित रहने तक निलंबन का सामना करना पड़ा, क्योंकि वे अध्यक्ष के मंच पर चढ़ गए थे। लोकसभा और राज्यसभा दोनों में, प्रदर्शनकारी विपक्षी सांसद पिछले हफ्ते लोकसभा में सुरक्षा उल्लंघन पर गृह मंत्री अमित शाह से बयान की मांग कर रहे थे, जिसके कारण छह लोगों की गिरफ्तारी हुई। राज्यसभा में परेशानी सुबह शुरू हुई, जब सभापति जगदीप धनखड़ ने सुरक्षा उल्लंघन पर बहस के लिए विपक्ष द्वारा दिए गए 22 नोटिसों को खारिज कर दिया। राज्यसभा को कई बार स्थगित करना पड़ा. पहला स्थगन रात 11:10 बजे आया; सदन रात 11:30 बजे दोबारा शुरू हुआ, लेकिन चार मिनट के भीतर फिर से स्थगित कर दिया गया। दोपहर में, विरोध के शोर-शराबे के बीच, सदन ने जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2023 और केंद्र शासित प्रदेश सरकार (संशोधन) विधेयक, 2023 को मंजूरी दे दी, दोनों विधेयक 15 मिनट के भीतर पारित हो गए। सदन में व्यवस्था के लिए श्री धनखड़ की दलीलों को नजरअंदाज कर दिया गया, क्योंकि विपक्ष ने सुरक्षा उल्लंघन पर बहस की अपनी मांग पर नरमी बरतने से इनकार कर दिया। इसके बजाय, विपक्षी सांसदों ने विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे को बोलने की अनुमति देने का अवसर मांगा। सदन फिर से स्थगित कर दिया गया, और जब यह शाम 4:00 बजे फिर से शुरू हुआ, तो यह पांच मिनट से अधिक नहीं बैठ सका। शाम 4:30 बजे, जब सदन दोबारा शुरू हुआ, तो पीयूष गोयल ने 45 सदस्यों को निलंबित करने का प्रस्ताव पेश किया। निलंबन आदेश पढ़ते हुए, श्री धनखड़ ने कहा कि, उनके बार-बार अनुरोध के बावजूद, कुछ माननीय सदस्यों ने अध्यक्ष के निर्देशों की जानबूझकर अवहेलना और सदन के नियमों के उल्लंघन का अपना कार्य जारी रखा। एक ही दिन में 78 विपक्षी सांसदों के निलंबन ने 1989 में बड़े पैमाने पर सांसदों के निलंबन के पिछले उदाहरण को पीछे छोड़ दिया है, जब 63 सांसदों को निलंबित कर दिया गया था। निरंकुश मोदी सरकार द्वारा सभी लोकतांत्रिक मानदंडों को कूड़ेदान में फेंक दिया जा रहा है, श्री खड़गे ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा। श्री खड़गे ने कहा कि विपक्ष की दो सरल मांगों - श्री शाह द्वारा सुरक्षा उल्लंघन पर बयान देने और संसद में इस विषय पर विस्तृत चर्चा कराने - पर विचार करने के बजाय, सांसदों को निलंबित किया जा रहा है। निलंबन के बीच, लोकसभा में दूरसंचार विधेयक, 2023 पेश किया गया और डाकघर विधेयक, 2023 पारित किया गया। इससे स्पष्ट है कि संसद का सत्र सिर्फ विधेयक पारित कराने का कानूनी मंच हो गया है और सरकार असली सवालों से लगातार भाग रही है।

# भाजपा का मुख्यमंत्री चयन : योग्यता नहीं 'वफादारी' पैमाना

चारा घोटाला के आरोप में जब 1997 में राष्ट्रीय जनता दल नेता व तत्कालीन मुख्यमंत्री बिहार,लालू यादव पर जेल जाने की तलवार लटकने लगी तो उन्होंने अपने उत्तराधिकारी के रूप में बिहार जैसे बड़े राज्य के मुख्यमंत्री पद की कमान अपनी पार्टी के किसी शिक्षित व अनुभवी नेता को सौंपने के बजाये अपनी पत्नी राबड़ी देवी के हाथों सौंप कर राजनैतिक जगत के लोगों को आश्चर्य में डाल दिया था। उस समय 25 जुलाई 97 से लेकर 11फरवरी 99 तक राबड़ी देवी पहली बार इस विशाल राज्य की मुख्यमंत्री बनी थीं। उसके बाद उन्होंने तीन बार मुख्यमन्त्री का पद सम्भाला। यहाँ तक कि अपने दूसरे और तीसरे कार्यकाल में मुख्यमंत्री के तौर पर उन्होंने अपना पाँच साल का कार्यकाल पूरा किया। राबड़ी देवी के मुख्यमंत्री पद पर बैठने के बाद पूरे देश में इस बात की चर्चा बलवती थी कि लालू यादव ने आखिर किस योग्यता के आधार पर राबड़ी देवी को इतने विशाल राज्य का मुख्यमंत्री बना दिया ? जबकि उस समय उनके पास न ही राजनैतिक व प्रशासनिक सूझ बूझ थी न ही कोई शैक्षिक योग्यता। बस एक ही योग्यता थी कि वे लालू यादव की पत्नी होने के नाते बिना खयानत के उनकी सबसे वफादार प्रतिनिधि के रूप में राजद का सत्ता नेतृत्व संभाल सकती थीं और समय आने पर उसे हस्तानांतरित भी कर सकती थीं। और वही उन्होंने किया भी। जबकि वक़्त पड़ने पर नितीश कुमार द्वारा जीतन राम मांझी को मुख्यमंत्री बनाना नितीश को रास नहीं आया। ऐसे और भी कई उदाहरण हैं। इसी तरह भाजपा ने उत्तरांचल में मार्च 2021 में एक प्रयोग कर तीर्थ सिंह रावत को राज्य का मुख्यमंत्री मनोनीत किया था। 10 मार्च 2021 को मुख्यमंत्री पद पर बैठने के बाद रावत ने अपने कार्यकाल के चार महीने भी पूरे नहीं किये और भाजपा द्वारा 4 जुलाई 21 को ही उन्हें पद से हटा दिया गया। पुष्कर सिंह धामी भी भाजपा का एक ऐसा ही प्रयोग थे जो न केवल भाजपा बल्कि संघ के लिये भी इतने लाभदायक साबित हुये कि पार्टी ने एक जगह से चुनाव हारने के बावजूद उन्हें दूसरे निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़वाकर पुनः मुख्यमंत्री बनाया। कुछ ऐसी ही स्थिति पिछले दिनों मध्य प्रदेश,राजस्थान व छत्तीसगढ़ राज्यों में भाजपा के मुख्यमंत्री चयन को लेकर देखी गयी। देश यही समझ रहा था कि राजस्थान में वसुंधरा राजे सिंधिया की अनदेखी कर पाना भाजपा के लिये आसान नहीं होगा। या फिर यू पी में योगी आदित्य नाथ की तर्ज पर राजस्थान में भी भाजपा योगी बालक नाथ के हाथों राजस्थान की बागडोर सौंप सकती है। अथवा गजेंद्रसिंह शेखावत,अर्जुन मेघवाल जैसे एक दो केंद्रीय मंत्रियोंअथवा स्पीकर ओम बिड़ला के नाम की चर्चा चल रही थी। परन्तु भाजपा नेतृत्व ने सभी कयासों पर विराम लगते हुये एक ऐसे नेता को राजस्थान का मुख्यमंत्री मनोनीत किया जिसके नाम की कोई कल्पना भी नहीं कर सकता था। पार्टी ने जयपुर की सांगानेर सीट से पहली बार जीत दर्ज करने वाले विधायक भजन लाल शर्मा को जोकि चार बार भारतीय जनता पार्टी के राज्य महासचिव के रूप में भी कार्य कर चुके हैं, को राज्य का मुख्यमंत्री पद सौंप दिया। पार्टी के प्रति उनकी वफादारी की सबसे बड़ी योग्यता यही थी कि वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े हैं। अपने छात्र जीवन से ही वे विद्यार्थी परिषद् से भी सक्रिय रूप से जुड़े थे और संघ व परिषद् के निर्देशों के अनुसार पूरी वफादारी,मेहनत व सक्रियता से काम करते थे। मध्य प्रदेश में जहां लोगों की नजरें शिवराज सिंह चौहान, नरेंद्र सिंह तोमर,कैलाश विजयवर्गीय या ज्योतिरादित्य सिंधिया जैसे नेताओं में मुख्यमंत्री तलाश रही थीं। उस राज्य में शिवराज चौहान की सरकार में शिक्षा मंत्री रहे मोहन यादव को मुख्य मंत्री घोषित कर दिया गया। यहाँ भी मोहन यादव की सबसे बड़ी योग्यता यही है कि वे शुरू से ही संघ से भी जुड़े रहे और छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्धार्थी परिषद की राजनीति में भी सक्रिय भूमिका निभाते रहे। मुख्यमंत्री के पद की शपथ लेते ही मोहन यादव के साम्प्रदायिकतावादी बयान भी वीडिओ पर वायरल होने लगे हैं। इसी तरह छत्तीसगढ़ में भी आर एस एस व जनसंघ से खानदानी तौर पर जुड़े रहे नेता विष्णुदेव साय को राज्य के मुख्य मंत्री पद की लगाम सौंप दी गयी। विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री बनने के बाद एक वीडिओ तेजी से वायरल हुआ जिसमें साय के चुनाव प्रचार के दौरान एक सभा को सम्बोधित करते हुये गृह मंत्री अमित शाह जनसमूह से यह कहते सुनाई दे रहे हैं कि आप विष्णुदेव साय को विधायक चुनें मैं इनको 'बड़ा आदमी'बनाऊंगा। वैसे भी राम कोविंद को राष्ट्रपति बनाने से लेकर आदिवासी समुदाय की द्रोपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाने और अब विष्णुदेव साय को छत्तीसगढ़ का मुख्य मंत्री बनाने तक के भाजपा के फैसले इस निष्कर्ष पर पहुँचने के लिये काफी हैं कि समाज के सवर्ण में अपनी पैठ जमाने की पहचान रखने वाली भाजपा अब दलितों और आदिवसियों पर भी अपनी पैनी नजर बनाये हुये है। भाजपा रणनीतिकारों का अनुमान है कि विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनाने का प्रभाव झारखण्ड,ओड़ीसा,मध्य प्रदेश सहित अच्छी आदिवासी आबादी रखने वाले अन्य राज्यों पर भी दिखाई देगा।



**तनवीर जाफरी**
वरिष्ठपत्रकार

वैसे तो भाजपा में काबिल लोगों की भी कोई कमी नहीं है। मिसाल के तौर पर सुब्रमणयम स्वामी को ही ले लें। बावजूद इसके कि डॉ॰ सुब्रह्मण्यम् स्वामी हिन्दू राष्ट्रवादी नेता तथा सनातन धर्म के प्रचारक हैं। वे सांसद के अतिरिक्त 1990-91 में वाणिज्य, कानून एवं न्याय मंत्री और बाद में अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार आयोग के अध्यक्ष भी रहे। राजनीति में कदम रखने से पहले वे आई आई टी दिल्ली में इकोनॉमिक्स के प्रोफेसर भी रहे। वे समय समय पर निर्मला सीतामण व अरुण जेटली जैसे वित्त मंत्रियों की नीतियों व उनकी योग्यता पर भी सवाल उठाते रहे हैं। परन्तु भाजपा ने उन्हें राज्य सभा में सांसद तो बना दिया था लेकिन उन्हें मंत्रिमंडल में स्थान देना मुनासिब नहीं समझा। बेशक इनकी काबलियत और योग्यता में कोई संदेह नहीं परन्तु पार्टी या संघ, जैसी वफादारी की उम्मीद अपने दूसरे अनेक भरोसे मंद नेताओं से करती है शायद स्वामी जैसे 'मुंह में जुबान ' रखने वाले नेता भाजपा व संघ की उस 'वफादारी' के मापदण्ड पर खरे न उतर सकें।' इसके अतिरिक्त भाजपा व संघ हिमंता विस्वा सरमा जैसे जैसे उन नेताओं को भी महत्व देती है जो संस्कारी तौर पर संघ या विद्यार्थी परिषद् से भले ही न जुड़े रहे हों परन्तु यदि वे भजपा के साम्प्रदायिक व विभाजनकारी एजेंडे के प्रति मुखरित होकर काम करने का हौसला रखते हों तो वे भी पार्टी की 'वैचारिक वफादारी' के मापदंड पर खरे उतरेंगे। यही वजह है कि संघ व भाजपा ने तीन राज्यों के मुख्यमंत्री चयन प्रक्रिया में वरिष्ठता व योग्यता को नहीं बल्कि पार्टी एजेंडे के प्रति पूरी 'वफादारी को ही पैमाना बनाया है।

## नज़रिया

# राजस्थान में नये लोगों को आगे बढ़ायें कांग्रेस



**रमेश सर्राफ धमोरा**
स्वतंत्र-पत्रकार

राजस्थान में भी कांग्रेस पार्टी को यथा शीघ्र ही नया प्रदेश अध्यक्ष व विधायक दल के नेता का चयन करना चाहिए। मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा स्वयं तो चुनाव जीत गए मगर उनसे चलते कांग्रेस पार्टी को चुनाव में बहुत नुकसान उठाना पड़ा है। उनकी विवादास्पद छवी तथा राजस्थान लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में उनके परिजनों के चयन को लेकर भी प्रदेश में बड़े विवाद उठे थे। जिसके बाद से ही कांग्रेस बचाव की मुद्रा में आ गई थी। मुख्यमंत्री रहते अशोक गहलोत ने आमजन के लिये अनेको कल्याणकारी योजनाएं चलाई थी। मगर डोटासरा जैसे लोगों के बड़बोलेपन के चलते योजनाएं अप्रभावी गोकर रह गई थी। राजस्थान में कांग्रेस पार्टी के 69 विधायक जीतकर आए हैं। जिनमे सबसे अधिक 17 विधायक जाट समाज से है। जाट समाज से 17 विधायकों के जीतने से साफ प्रतीत होता है कि जाटों ने आज भी कांग्रेस का साथ नहीं छोड़ा है। जाटों द्वारा कांग्रेस को दिए गए समर्थन के कारण ही शेखावाटी क्षेत्र की 21 सीटों में से कांग्रेस 14 सीट फिर से जीतने में सफल रही है। जबकि भाजपा को मात्र 6 सीट ही मिल पाई है। 2018 के विधानसभा चुनाव में भी इस क्षेत्र में कांग्रेस को 15 सीट मिली थी।

> **जाटों द्वारा कांग्रेस को दिए गए समर्थन के कारण ही शेखावाटी क्षेत्र की 21 सीटों में से कांग्रेस 14 सीट फिर से जीतने में सफल रही है।**

वही गंगानगर और हनुमानगढ़ जिले की कुल 11 में से 10 सीटों पर हुए चुनाव में कांग्रेस 6 सीटों पर जीती है। जबकि भाजपा को मात्र तीन सीट ही मिल पाई है। इस तरह देखें तो गंगानगर, हनुमानगढ़, चुरु झुंझुनू, सीकर की 31 में से कांग्रेस ने 20 सीट जीत ली है। वही भाजपा को मात्र 9 सीट ही मिल पाई है। ऐसे में नए प्रदेश अध्यक्ष पद पर किसी जाट विधायक की नियुक्ति से पार्टी को मजबूती मिलेगी। जाट समाज से जीतने वाले विधायकों में हरीश चौधरी व नरेंद्र बुडानिया दोनों ही निर्विवाद है तथा समाज व पार्टी में कार्यकताओं पर अच्छी पकड़ रखते हैं। बाड़मेर जिले की बायतु सीट से लगातार दूसरी बार जीते हरीश चौधरी अभी पंजाब कांग्रेस के प्रभारी है तथा गहलोत की पिछली सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। इससे पूर्व वह बाड़मेर-जैसलमेर क्षेत्र से लोकसभा के सांसद भी रह चुके हैं। हरीश चौधरी राहुल गांधी के नजदीकी लोगों में शुमार होते हैं। इसी तरह चुरू जिले की तारानगर सीट पर राजस्थान के लगातार सात बार जीतने वाले विधायक व नेता प्रतिपक्ष रहे राजेंद्र राठौड़ को हराने वाले नरेंद्र बुडानिया तीन बार लोकसभा, तीन बार राज्यसभा व तीन बार विधानसभा के सदस्य रहे हैं। यदि उनको प्रदेश अध्यक्ष बनाया जाता है तो पार्टी कार्यकताओं में अच्छा मैसेज जाएगा। इसके अलावा भी जाट समाज में कई ऐसे युवा विधायक जीत कर आए हैं जो पूर्व में भी विधायक रह चुके हैं। पार्टी को विधायक दल के नेता पद पर अनुसूचित जाति, जनजाति के किसी विधायक का चयन करना चाहिए। राजस्थान में अनुसूचित जाति, जनजाति के 25 विधायक जीत के आए हैं। जिनमें से मीणा समाज के आठ, अनुसूचित जाति के 11 व आदिवासी समुदाय के छह विधायक जीते हैं। अनुसूचित जाति जनजाति हमेशा से ही कांग्रेस का वोट बैंक रही है तथा इस बार भी उन्होंने कांग्रेस का पूरा साथ दिया हैं। ऐसे में विधायक दल के नेता पद पर मीणा समाज के मुरारी लाल मीणा, आदिवासी समाज के महेंद्रजीत मालवीय या अन्य किसी विधायक को विधायक दल का नेता बनाया जाना पार्टी के हित में रहेगा। यह दोनों ही वरिष्ठ विधायक है तथा पूर्व में मंत्री भी रह चुके हैं।

# नली का कमाल

**गतांक से आगे .. .. ..**

महाराज की बात सुनकर सभी दरबारी सोच में पड़ गए और आपस में चर्चा करने लगे कि यह कैसे संभव है, भला धुएं को नापा जा सकता है क्या? इसके बाद अपनी चतुराई साबित करने के लिए सभी दरबारियों ने अपना हाथ आजमाया, लेकिन कोई भी धुआं नाप नहीं पाया। जैसे ही कोई धुएं को नापने की कोशिश करता, धुआं उनके हाथों से निकलकर उड़ जाता।जब सभी दरबारियों ने हार मान ली, तब उनमें से एक दरबारी बोला कि, महाराज! हमारे हिसाब से धुएं को नापा नहीं जा सकता है। हां, अगर तेनाली ऐसा कर पाए, तो हम उसे अपने से भी अधिक बुद्धिमान मान लेंगे, लेकिन अगर वह ऐसा नहीं कर पाए, तो आपको उन्हें हमारे जैसा ही समझना होगा।राजा मुस्कुराते हुए बोले, क्यों तेनालीराम! क्या तुम तैयार हो? इस पर तेनालीराम ने सिर झुकाते हुए कहा, महाराज! मैंने हमेशा आपके आदेश का पालन



किया है। इस बार भी जरूर करूंगा।इसके बाद तेनालीराम ने एक सेवक को बुलाया और उसके कान में कुछ कहा। उनकी बात सुनकर सेवक तुरंत दरबार से बाहर चला गया। दरबार में चारों ओर चुप्पी छा गई। सभी यह देखने के लिए उतावले हुए जा रहे थे कि आखिर कैसे तेनालीराम राजा को दो हाथ धुंआ देता है। तभी सबकी नजर सेवक पर पड़ी, जो शीशे की बनी दो हाथ लंबी नली लेकर दरबार में वापस आया था।तेनालीराम ने उस शीशे की नली का मुंह धूपबत्ती से निकलते धुएं पर लगा दिया। थोड़ी ही देर में शीशे की पूरी नली धुएं से भर गई और तेनाली ने जल्दी से नली के मुंह पर कपड़ा लगाकर उसे बंद कर दिया और उसे महाराज की तरफ करते हुए कहा, महाराज! यह लीजिए दो हाथ धुआं। यह देख महाराज के चेहरे पर मुस्कान आ गई और उन्होंने तेनाली से नली लेकर दरबारियों की ओर देखा।सभी के सिर तेनालीराम की चतुराई देखकर शर्म से नीचे झुके हुए थे। वहां कुछ दरबारी तेनालीराम के पक्ष में भी थे। उन सब की आंखों में तेनालीराम के लिए सम्मान था। तेनालीराम की बुद्धिमानी और चतुराई देखकर, राजा बोले, अब तो आप लोग यह समझ गए होंगे कि तेनालीराम की बराबरी करना संभव नहीं है। इसके जवाब में दरबारी कुछ भी बोल न सकें और उन लोगों ने चुपचाप सिर झुका लिया।

**कहानी से सीख** :
हमें दूसरों की बुद्धिमता का सम्मान करना चाहिए और किसी की चतुराई से जलन नहीं करनी चाहिए।.. ..समाप्त।

## जानकारी

# सात झीलों का समूह



भीमताल से करीब 10 किमी की दूरी पर सात झीलों का एक समूह है। इस सात झीलों के समूह को साततााल के नाम से जाना जाता है। इन सात झीलों में राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान, नल दमयन्ती, गरुड़ और सूखाताल आदि प्रमुख है। वहीं मछलियों की जल क्रीड़ा व चाय के पौधे की नर्सरी के लिए नलदमयंती ताल काफी ज्यादा फेमस है। इसके साथ ही गरुड़ ताल तक लोगों की मौजूदगी काफी कम पायी जाती है। सातताल क्षेत्र बांज के जंगलों से आच्छादित होने के साथ विभिन्न प्रजातियों की तितलियों को देखने के लिए सबसे अच्छा स्थान है।

कैसे पहुंचे भीमताल

अगर आप फ्लाइट से भीमताल जाने का प्लान कर रहे हैं, तो बता दें कि पंतनगर एयरपोर्ट सबसे पास है। वहीं ट्रेन से भीमताल जाने के लिए आप काठगोदाम रेलवे स्टेशन पर उतरना होगा। काठगोदाम से भीमताल स्टेशन की दूरी 30 किमी है। ऐसे में आप टैक्सी या बस के जरिए भीमताल पहुंच सकते हैं। भीमताल घूमने का सबसे अच्छा समय मार्च से दिसंबर के बीच का है। भीमताल में झीलों के अलावा कई मंदिर और तालाब भी हैं।

# Nothing Phone 50MP कैमरा के साथ होगा लॉन्च!

नई दिल्ली : Nothing Phone (2a) को Nothing Phone (2) का अफॉर्डेबल वेरिएंट कहा जा रहा है जिसे कंपनी जल्द लॉन्च कर सकती है। फोन को लेकर लीक्स का सिलसिला शुरू हो चुका है जिसमें इसका डिजाइन और कुछ स्पेसिफिकेशंस बाहर आए हैं। डिवाइस में 6.7 इंच का डिस्प्ले बताया गया है। यह 120Hz रिफ्रेश रेट के साथ आ सकता है। टिप्स्टर ने फोन का प्रोडक्शन वैलिडेशन यूनिट (Production Validation Unit) शेयर किया है। जिसमें इसके डिजाइन के बारे में काफी कुछ पता चलता है।



Nothing Phone (2a) कंपनी की ओर से बजट फ्रेंडली फोन के रूप में लॉन्च किया जा सकता है जिसके बारे में कई डिटेल्स सामने आ रहे हैं। लेटेस्ट अपडेट में टिप्स्टर योगेश बरार ने फोन प्रोडक्शन वैलिडेशन यूनिट का फोटो शेयर किया है जिसमें इसका फ्रंट और रियर डिजाइन पता चलता है। टिप्स्टर के अनुसार, फोन में 120Hz OLED डिस्प्ले देखने को मिल सकता है। जो कि 6.7 इंच में बताया गया है। यह Dimensity 7200 चिपसेट से लैस स्मार्टफोन बताया है। जिसमें 8 जीबी रैम और 128 जीबी तक स्टोरेज देखने को मिल सकती है।

कैमरा की बात करें तो रियर में 50 मेगापिक्सल का मेन कैमरा देखने को मिल सकता है। साथ में अल्ट्रावाइड सेंसर भी 50 मेगापिक्सल का बताया गया है। फ्रंट में यह 16 मेगापिक्सल के सेल्फी कैमरा के साथ आ सकता है। फोन में एंड्रॉयड 14 आधारित Nothing OS 2.5 बताया गया है। एक अन्य रिपोर्ट में टिप्स्टर ने फोन का प्रोटोटाइप भी शेयर किया है। जिसमें इसका डुअल कैमरा सेटअप नजर आ रहा है। यहां पर LED फ्लैश भी दिख रहा है। कॉमन बात ये है कि कैमरा को Glyph LED ने घेरा हुआ है जैसा कि पहले आए दोनों मॉडल्स में दिया गया था। इनके साथ ऐप नोटिफिकेशन का सपोर्ट भी संभावित है।

साइबर दुनिया

## टॉप ट्वीट

"आप झिझक रहे थे कि जो लोग सत्ता में हैं, वे नाराज न हो जाएं। नेता कभी भी आपके त्योहारों में शामिल नहीं हुए। लेकिन हम एक धर्मनिरपेक्ष देश का हिस्सा हैं। हमें ऐसे त्योहारों में शामिल होना चाहिए।"

**पीएस तमांग**
सिक्किम के मुख्यमंत्री





" तुम जो मांग लोगे दिल तो ये जान देगा बंदा....वादों का इरादों का और अपने यारों का यार और एक और यार दिलजीत दोसांझ पाजी ने इस गाने में जान भर दी है। हार्डी को सभी के प्यार के लिए बंदा बनाने के लिए धन्यवाद और प्यार पाजी। इस गाने में शाहरुख और तापसी के लिए दूसरों से लड़ाई करते हुए नजर आ रहे हैं। "

**शाहरुख खान**
बॉलीवुडअभिनेता

## संपादक के नाम पत्र

### पांच सौ कोटि नोट की गड्डी

एक दिहाड़ी मजदूर एक दिन में 300 रुपये कमाता है और पूरी जिंदगी दिन भर के राशन की जुगाड़ में भी साल में कुछ खुशी के पल निकाल लेता है और कुछ लोग हैं जो घर की आलमारियों से लेकर दीवारों के भीतर नोट की गड्डियां भरकर खुशियों का सौदा करते हैं। झारखंड के तीन बार के राज्यसभा कांग्रेस सांसद धीरज साहू के विभिन्न ठिकानों पर 500 करोड़ नगद नोट की गड्डियों का आयकर विभाग द्वारा बरामदगी देश के इज्जत पर भी बट्टा है। पार्टियां एक जमीनी समाजसेवी, एक ईमानदार- कर्मठ शिक्षक, और शिक्षा का मर्म समझने वाले शिक्षाविद को राज्यसभा का सांसद नामित नहीं करती, पैसों के अम्बार सिरहाना बनाकर सोने वालों को राज्यसभा का सम्मानित सदस्य बनाती हैं और इसकी आड़ में ये तथाकथित सफेदपोश काले धन की कालिख से देश के छवि को काला करते हैं। और गरीब जनता का पैसा लूटकर अपनी झोली भरते हैऔर बेचारी जनता खून पसीना बहाकर कितनी मुश्किल से एक एकपाई इकट्ठा कर अपने बच्चे का पढ़ाई के लिए रखते है या फिर बेटी का ब्याह के लिए जुटाते है। सरकार और प्रशासन से गुजारिश है कि उस धन का एक छोटा हिस्सा उस दागी को देकर ऐसे धन को सीधे उस क्षेत्र के विकास के लिए लगा दिया जाऐ। इससे क्षेत्र का विकास जनता की नजरों के सामने हो जाऐगा और ऐसे भ्रष्ट लोगों को सबक भी मिल जाऐगा।

**देवेश कुमार देव**
**इसरी बाजार गिरिडीह**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### दिव्यांगों के बीच कंबल वितरण

**पीरटांड़ :** पीरटांड़ प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को बीडीओ मनोज कुमार मरांडी की उपस्थित में दिव्यांग जनों के बीच कंबल वितरण किया गया। यहां यह बता दें कि प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों के लगभग 200 दिव्यांग लोगों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। इस दौरान बीडीओ ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों एवं दिव्यांग जनो के बीच ठंड के बढ़ते मौसम को देखते हुए कम्बल का वितरण किया गया है।

## सिटी अपडेट्स >>

### उपायुक्त ने निष्पादित प्रपत्रों की सुपर चेकिंग

**पलामू :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर 76-डालटनगंज एवं 78-छतरपुर(अ0जा0) विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों का दौरा किया। इस दौरान उपायुक्त ने जिले के मेदिनीनगर नगर निगम,चैनपुर एवं पाटन प्रखंड के अंतर्गत अवस्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया तत्पश्चात उन्होंने इन मतदान केन्द्रों में प्राप्त दावा व आपति सम्बन्धी प्रपत्रों का निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के स्तर से निष्पादित किये गए प्रपत्रों की सुपर चेकिंग की। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर नाम जोड़ने,विलोपन एवं सुधार संबंधी प्रविष्टियो की जांच के लिये सम्बंधित स्थल पर जाकर क्षेत्र सत्यापन का कार्य भी किया। इसके साथ ही उन्होंने बीएलओ के पास उपलब्ध बीएलओ रजिस्टर की जाँच की एवं पुनरीक्षण सम्बन्धी कार्यो के सम्बन्ध में संबंधित पदाधिकारियों तथा कर्मियो को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### हवाई अड्डे के निर्माण की उठायी मांग

**हजारीबाग :** हजारीबाग झारखंड विधानसभा शीतकालीन सत्र 2023 के दौरान हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल ने उड़ान योजनांतर्गत हजारीबाग में हवाई अड्डे निर्माण की स्वीकृति से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दे पर सदन पटल पर सवाल उठाया। विधायक मनीष जायसवाल ने कहा की वर्ष 2022 में गैर सरकारी संकल्प के जवाब में सरकार द्वारा वर्णित हवाई अड्डा के निर्माण हेतु यथाशीघ्र भूमि अधिग्रहण करने की बात कही गई थी। परन्तु उक्त संबंध में सरकार के लापरवाही में अबतक भूमि अधिग्रहण से संबंधित कोई कार्रवाई नहीं की गई है। हजारीबाग में हवाई सेवा शुरू होने से सरकार को राजस्व की प्राप्ति होने के साथ-साथ स्थानीय लोगों को रोजगार के साथ हवाई सेवा हेतु अन्य हवाई अड्डे पर निर्भरता समाप्त होगी। विधायक मनीष जायसवाल ने सदन के माध्यम से हजारीबाग के सर्वांगीण विकास के लिए यह अति महत्वपूर्ण मांग सरकार के समक्ष रखा।

### पूर्व डीडीसी की धर्मपत्नी का निधन

**हजारीबाग :** हजारीबाग शहर के प्रतिष्ठित मटवारी हाउस कंपाउंड की रहने वाली सुमीरखा प्रसाद का मंगलवार को 85 साल की उम्र में परलोक गमन हो गया। सुमीरखा प्रसाद स्व.देवेंद्र प्रसाद (डीडीसी) की धर्मपत्नी थी। हृदय गति रुकने के बाद उन्हें इलाज के लिए आरोग्यम हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। जहां उन्होंने इलाज के क्रम में अंतिम सांस ली। सुमीरखा प्रसाद के तीन पुत्र और एक पुत्री हैं। उनके बड़े पुत्र विजय कुमार हजारीबाग जिले के सेवानिवृत्त ऑफिस सुप्रीटेंडेंट हैं। मंझले पुत्र संजय कुमार झारखंड पुलिस में डीएसपी के पद पर कार्यरत हैं वहीं छोटे पुत्र अजय कुमार एलआईसी में विकास अधिकारी के रूप में सेवारत हैं।

---

**धरना** स्कूल ड्रेस आपूर्ति में घोटाले को लेकर विधायक ने सदन के बाहर दिया धरना

# ड्रेस के नाम पर मची है लूट:मनीष

- मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग
- दोषियों के खिलाफ हो सख्त कार्रवाई

राष्ट्रीय खबर




**हजारीबाग:** जिले में सरकारी स्कूलों में आपूर्ति की गई स्कूल ड्रेस में शिक्षा विभाग के कारनामे इन दिनों सुर्खियों में है। मंगलवार को यह मामला तब भयावह रूप ले लिया जब हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन इसे पोशाक घोटाले का नाम देकर सदन के बाहर धरने पर बैठ गए। उन्होंने यहां अपने सामने एक डिस्प्ले भी लगा रखा था जिसमें बच्चों को आपूर्ति किए गए स्कूल ड्रेस और घटिया क्वालिटी के ड्रेस संबंधित विभिन्न अखबारों में छपी खबरों की प्रति के साथ बड़े अक्षरों पर लिखा था पोशाक घोटाला शिक्षा विभाग हजारीबाग शर्म करो। विधायक मनीष जायसवाल नासिर इस मामले विधायक मनीष जायसवाल ना सिर्फ इस मामले को लेकर सदन पटेल के बाहर धरने पर बैठे बल्कि उन्होंने अल्प सूचित प्रश्न कल के दौरान भी इस मामले को पुरजोर तरीके से सदन पटल पर रखा। हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल ने मामले के संबंध में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मंत्री से पूछा की सरकार के निर्देश के बावजूद हजारीबाग सहित पूरे राज्य में लगभग 17 लाख सरकारी स्कूलों के बच्चों को पोशाक वितरण नहीं की गई जबकि झारखंड शिक्षा परियोजना निदेशालय द्वारा राज्य के सभी स्कूलों में जुलाई 2023 में ही पोशाक मद की राशि उपलब्ध करा दी गई थी। विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग को पोशाक वितरण हेतु 12 करोड रुपए राशि का आवंटन दी गई है। परंतु उक्त जिले के संबंधित पदाधिकारी द्वारा कल 1.72 लाख उक्त बच्चों को पोशाक की राशि खाते में न देकर मनमानी तरीके से लोहरदगा के प्रगति महिला उत्पादक समूह एवं हजारीबाग के चरही- चुरचू में संचालित मार्शल प्राथमिक बुनकर सहयोग समिति को उक्त पोशाक की आपूर्ति का जिम्मा बिना निविदा/विज्ञापन के आपूर्ति आदेश के दे दी गई जो जांच का विषय है। सरकार द्वारा वर्णित राशि को कक्षा एक एवं कक्षा दो के बच्चों को छोड़कर से सभी बच्चों को उक्त राशि का भुगतान खाते में करने का आदेश दी गई है जिसका संबंधित पदाधिकारी द्वारा उल्लंघन किया गया है। उन्होंने कहा की सरकार हजारीबाग सहित राज्य के अन्य जिलों के बच्चों को पोशाक की राशि उनके खाते में देने पर विचार रखती है या नहीं।

विधायक मनीष जायसवाल के इस प्रश्न के जवाब में संबंधित विभाग के प्रभारी मंत्री द्वारा बताया गया कि समग्र शिक्षा के समग्र कक्षा 1 से 8 के कुल 3493402 के विरुद्ध 2856617 सरकारी विद्यालयों के बच्चों को पोशाक उपलब्ध कराया जा चुका है। शेष 636785 बच्चों को पोशाक उपलब्ध कराने की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है जिसे मार्च 2024 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। कक्षा तीन से आठ के लिए पोशाक की उपलब्धता निम्नांकित तीन माध्यमों से की जाती है जिसमें स्वयं सहायता समूह, सखी मंगल और डीबीटी के माध्यम शामिल हैं। जिला शिक्षा अधीक्षक हजारीबाग से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार जिला स्तरीय समिति द्वारा उक्त संकल्प के अंकित प्रावधान के अनुरूप स्वयं सहायता समूह के माध्यम से जिले के सरकारी विद्यालयों की कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों को पोशाक स्वेटर एवं जूता- मौजा उपलब्ध कराया गया है।

यद्यपि स्वयं सहायता समूह के माध्यम से पोशाक लिया जाना सरकार के संकल्प के अनुरूप है परंतु शिकायत के आलोक में स्वयं सहायता समूह के माध्यम से जिले में पोशाक के कराई में किसी तरह की विसंगति/ अनियमितता के संदर्भ में जांच कराई जा रही है। किसी तरह की विसंगति/ अनियमित पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध यथोचित कार्रवाई की जाएगी। उक्त मामले के संबंध में सदन के बाहर मीडिया से बातचीत करते हुए विधायक मनीष जायसवाल ने अपने हाथ में शिक्षा विभाग द्वारा आपूर्ति किए गए पोशाक पकड़ते हुए कहा की हेमंत सोरेन की सरकार में खराब क्वालिटी के कपड़े देकर बड़े पैमाने पर शिक्षा विभाग में लूट मचा रखा है।

## न्यूज फटाफट

### टेट पास सहायक अध्यापक ने सौंपा मुख्यमंत्री को ज्ञापन

**इचाक :** इचाक प्रखंड के बोधी बागी मैदान में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उपस्थित होकर टेट पास सहायक अध्यापकों ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में टेट पास सहायक अध्यापकों ने कहा कि झारखंड के विद्वान महाधिवक्ता के लिखित परामर्श के आधार पर एवं उच्च स्तरीय कमेटी के अनुशंसा के आधार पर एवं विगत 20 वर्षों से लगातार पारा शिक्षक के पद पर कार्य करने एवं एनईपी तथा एनसीटीई के सभी वांछित अहताओं को पूरा करने वाले 14042 टेट पास सहायक अध्यापकों को सीधे वेतनमान देने का आग्रह मुख्यमंत्री से किया है। ज्ञापन सौंपने में मुख्य रूप से कैलाश मेहता, रामलखन प्रसाद, लिलधारी प्रसाद, बालेश्वर मेहता, कमल गुप्ता, गणेश नारायण गुप्ता ,सत्येंद्र कुमार मेहता, सर्वोत्तम मेहता, राजेश मेहता, लखन मेहता, कैलाश भुइंया, सीताराम, अशोक राम ,उर्मिला कुमारी इत्यादि दर्जनों सहायक अध्यापक शामिल थे।

### मनरेगा मजदूर भुखमरी के कगार पर

**इचाक :** मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष सकेन्द्र मेहता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टाचारियों के कारण नहीं हो पा रहे हैं मनरेगा का कार्य सरकार एक तरफ कह रही है। कि मैं लोगों को प्रखंड कार्यालय का चक्कर नहीं काटना है। सभी कार्य आपके पंचायत में होगा। लेकिन जस्ट वही उल्टा तानाशाही वीडीओ पंचायत का अधिकार अपने प्रखंड कार्यालय में ले रखा है। आदि योजना का ऑनलाइन करना है। तो प्रखंड कार्यालय से होगा बिना प्रखंड में चढ़ावा चढ़ाए हुए एक कदम भी नहीं बढ़ सकते हैं आगे। आज यदि कोई लाभुक एक टीसीबी योजना करवाता है और वह योजना मात्र 40 हजार की है लेकिन मनरेगा लाभुक को प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाते लगाते थक जाना पड़ता है। वीडीओ द्वारा आदेश किया मनरेगा मजदूरों का डिमांड लगाने के लिए सोमवार को अलौंजा खुर्द पंचायत पारसी, नवाडीह, कुरहा, बरियठ बोगा मंगलवार को डाडीघागर, देवकुली, मंगुरा गोबरबंदा बुधवार को बरखा खुर्द, बरकाकाला, कारीमाटी, करियातपुर, हदारी, रोजगार सेवक के पास जाइए ,तो वह बताएंगे कि कंप्यूटर ऑपरेटर के पास जाओ ,कंप्यूटर ऑपरेटर के पास जाएंगे तो वह कहेंगे। बड़ा बाबू के पास जाओ, और बड़ा बाबू पास पहुंचते हैं, तो उनका कहना है बीपीओ से मिलो, और बीपीओ से जब मिलते हैं। तो वह कहते हैं कि वीडीओ साहब से मिलो। लाभुक ओम प्रकाश मेहता जो 15 दिनों से ब्लॉक का चक्कर काटते काटते थक गये लेकिन डिमांड नहीं लगा। वही रोजगार सेवक द्वारा पंचायत से बार-बार फाइल ब्लॉक पहुंचता है उसी का पेमेंट छूटता है जबकि सरकार द्वारा निर्गत चिट्ठी के अनुसार 5 लाख तक योजनाओं की कार्य पंचायत के मुखिया द्वारा ही किया जाएगा।

# मनरेगा में बन रहे डोभा में जेसीबी से हुई खुदाई



राष्ट्रीय खबर

**पालोजोरी:** मजदूर को अपने पंचायत में रोजगार मिल सके इसके लिए सरकार कई योजनाएं चला रही है। लेकिन अधिकारीयों की अनदेखी के कारण बिजोलिया मजदूरों का हक मारने में लगा है। पलोजोरी प्रखंड के जमुआ पंचायत में एक डोभा की खुदाई की जा रही है जिसमे मजदूर नहीं बल्कि जेसीबी से काम किया जा रहा है। जब इसकी शिकायत अधिकारीयों से किया गया तो डोभा का लाभुक कार्तिक पाल जेसिबी का दाग हटाने के लिए मजदुर को लगा दिया। जिस डोभा की लीपा पोती की जा रही है उसका योजना संख्या 12 है जो कार्य वर्ष 23/24 है। जिसका कार्य पंचायत के मजदूरों से किया जाना चाहिए था लेकीन यहां ऐसा नहीं है। उक्त पंचायत में कई अहम मनरेगा के योजनाओं में इसी तरह लिपा पोती का कार्य किया गया है। सरकार मजदूरों को पलायन न हो इसके लिए गांव के गरीब मजदूर को रोजगार देने के लिए सरकार ने मनरेगा योजना चलाई है। इसके पीछे सरकार का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगारों को मनरेगा के तहत रोजगार मिल सके लेकिन कुछ पंचायत में उनके हक पर डाका डालने के लिए बिजोलिया तत्पर रहते हैं।

# क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग में मंगलवार को क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि संत कोलंबा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विमल रेवेन उपस्थित थे। मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ व शॉल देकर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार यादव ने सम्मानित किया। दीप प्रज्वलन के साथ ही केक काटकर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में बीएड व डीएलएड के प्रशिक्षुओं ने गीत व नृत्य प्रस्तुत कर समां बांध दिया। मौके पर डॉ विमल रेवेन ने क्रिसमस की बधाई देते हुए कहा कि जब जीसस क्राइस्ट का जन्म हुआ था तब सबसे पहले समाज के सबसे निचले पायदान पर रहने वाले लोगों को सूचना दी गई थी। जबकि उस समय वहां राजतंत्र की शुरूआत हो चुकी थी। यीशु के जन्म समाज के दबे-कुचले, शोषितों की रक्षा करने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि पूर्व के देशों को यीशु तक पहुंचने के लिए ह्यतारोंह्न ने दिशा दिखाई। सात तारों में से एक ध्रुव तारा के जरिए ज्योतिषी यीशु तक पहुंच पाए। यीशु के भाईचारे का संदेश लोगों को समझना होगा। यह समय की मांग है। बताया कि यहूदी, ईसाई व इस्लाम का उदगम एक ही जगह हुआ। इसके बाद भी लोग आपस में लड़ रहे हैं। इसे इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध से बखूबी समझ जा सकता है। मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार यादव ने कहा कि जिस तरह सभी नदियां समुद्र में मिल जाती है उसी तरह सभी धर्म मानव कल्याण का संदेश देती है। मानव कल्याण ही अंतिम लक्ष्य होना चाहिए। क्रिसमस यह संदेश देता है कि आपस में प्रेम भाव, दया, सहानुभूति व मेल-मिलाप हो। सभी धर्मों के बीच परस्पर समन्वय की भावना होनी चाहिए। उन्होंने यीशु के बताए मार्ग पर चलने की सलाह दी। मंच संचालन प्रशिक्षु मुकेश कुमार मंडल व प्रीति कुमारी ने की। धन्यवाद ज्ञापन सहायक व्याख्याता कुमारी अंजलि ने की।

# मतदाता सूची प्रेक्षक ने लंबित मामलों की समीक्षा



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** मतदाता सूची प्रेक्षक सह उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त सुमन कैथरीन किस्पोट्टा की अध्यक्षता में 19 दिसंबर को प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय के सभागार कक्ष में स्पेशल समरी रिवीजन 2024 के तहत डिस्पोजल आफ क्लेम एंड इआरओ ऑब्जेक्शन के निमित आहूत समीक्षात्मक बैठक संपन्न हुई। बैठक का उद्देश्य पुर्ननिरीक्षण कार्यों में प्रगति लाना एवं चेकलिस्ट फॉर सेकंड विजिट ऑब्जर्वर के बिंदुओं का समय पर निष्पादन किया जाना से संबंधित रहा। बैठक में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल अंतर्गत आनेवाले सभी जिलों से उपस्थित अनुमंडल पदाधिकारी-सह-निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारियों ने अपने जिलों के वर्तमान रिपोर्ट आयुक्त महोदया के समझ साझा किया। जिसमें फॉर्म 6, 6अ,7 एवं 08 में प्राप्त कुल आवेदनों, उनका निराकरण एवं लंबित मामलों का जिक्र किया गया। जिन जिलों में अधिक समस्याएं लंबित है उनका 25 दिसंबर से पूर्व निराकरण करने का आदेश आयुक्त महोदया के द्वारा संबंधित अधिकारियों को दिया गया। बैठक में आयुक्त के सचिव बासुदेव प्रसाद, बोकारो, कोडरमा, रामगढ़, चतरा, धनबाद एवं हजारीबाग अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र के अपर समाहर्ता, शैलेश कुमार अनुमंडल पदाधिकारी-सह-निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी बेरमो, अनुमंडल पदाधिकारी सह-निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, संतोष गुप्ता अनुमंडल पदाधिकारी सह-निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी बगोदर-सरिया, अनुमंडल पदाधिकारी-सह-निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी गिरिडीह विशाल खलको, अनुमंडल पदाधिकारी-सह-निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी कोडरमा संदीप कुमार, सिलवंत कुमार भुट्टा अनुमंडल पदाधिकारी-सह-निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी रामगढ़ संग अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# इंटरनेशनल स्कूल में मनाया वार्षिक खेल महोत्सव

राष्ट्रीय खबर

**बरही :** बरही प्रखंड के देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव का दुसरा दिन, गोल्डन बुलेट हाउस का नाम रहा। दिन की शुरूवात महिला क्रिकेट टीम की फाइनल मैच से हुई जिसमें गोल्डन बुलेट्स हाउस ने ग्रीन एरोज को मात देकर अपनी हाउस के लिए गोल्ड मेडल पक्का किया। वहीं मेन्स क्रिकेट टीम की पहला मैच गोल्डन बुलेट्स और रेड फ्लैशेस की बीच खेला गया। रेड फ्लैशेस की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और पूरी टीम मात्र 35 रनों पर ढेर हो गई जहां गोल्डन बुलेट्स ने आसानी से रन चेस करके फाइनल के लिए क्वालीफाई की। दिन का तीसरा मैच ब्लू जेट्स और ग्रीन एरोज के बीच खेला गया जिसमें ग्रीन एरोज ने ब्लू जेट्स को मात देकर फाइनल में प्रवेश किया। मेन्स क्रिकेट टीम की फाइनल मैच में गोल्डन बुलेट्स और ग्रीन एरोज के बीच हाई वोल्टेज मैच खेला गया जिसमें गोल्डन बुलेट्स की टीम ने ग्रीन एरोज को पराजित करके गोल्ड मेडल पक्का की और अंक तालिका में टॉप पर पहुंच गई है। मेन्स वॉलीबॉल मैच में रेड फ्लैशेस ने ब्लू जेट्स को 15-14, 15 -4 से पराजित करके फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। वहीं दूसरे मैच में ग्रीन एरोज और गोल्डन बुलेट्स के बीच खेला गया जिसमें ग्रीन एरोज ने 15-10, 14-15, 15-9 से गोल्डन बुलेट्स को हराकर फाइनल के लिए प्रवेश किया। दिन के अंतिम मैच कक्षा दसवीं के छात्रों को विदाई दी गई।

**मांग** सरैया के पंस पर लगा योजनाओं से उगाही का आरोप

# प्रखंड विकास पदाधिकारी से ग्रामीणों ने की शिकायत

राष्ट्रीय खबर



**हरिहरगंज :** पिपरा प्रखंड अंतर्गत सरैया पंचायत के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने मंगलवार को प्रखंड कार्यालय पहुंचकर सरैया पंचायत के पंचायत सचिव नंदलाल गुप्ता पर सरकारी योजनाओं में अवैध तरीके से राशि वसूलने का आरोप लगाते हुए बीडीओ अनीता केरकेट्टा को लिखित आवेदन सौंपा और शख्त कार्रवाई करने की मांग की है। इस दौरान ग्रामीणों के साथ पहुंचे सरैया पंचायत के समाजसेवी मुखिया प्रतिनिधि विकास तिवारी ने बताया कि मौके पर प्रमुख विक्रांत सिंह यादव , पंसस दिनेश पासवान भी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि पंचायत सचिव पर अबुआ आवास योजना, वृद्धा पेंशन,विधवा पेंशन योजना में अवैध रूप से पैसा उगाही करने की ग्रामीणों ने शिकायत की है। कहा कि पैसा नहीं देने पर योग्य लाभुकों का नाम आवास की सूचि से काटा जा रहा है वहीं अयोग्य लाभुकों से पैसा लेकर आवास देने की बात कही जा रही है। उन्होंने कहा कि इसकी जांच के लिए मुखिया के नेतृत्व में चार सदस्यों की टीम बनाई गई है। उन्होंने पंचायत सचिव के कार्यशैली को जन विरोधी बताया। क्योंकि उनके द्वारा यह कहा जाता है कि मैं जो कहूंगा वही होगा।

इसे देखते हुए ग्रामीणों ने बीडीओ से पंचायत सचिव को कार्य मुक्त करने मांग की है। मांगे पूरी नहीं करने पर पंचायत के ग्रामीणों ने उग्र आंदोलन करने की बात कही है। इस दौरान प्रखंड प्रमुख विक्रांत सिंह यादव ने आवास के नाम पर पैसा नहीं देने की अपील की है। साथ ही कहा है कि जो भी सरकारी कर्मी ग्रामीणों से पैसा मांगेंगे उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह कहा गया कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान पूरे प्रखंड क्षेत्र में यह चर्चा जोरो पर थी कि अबुआ आवास के आवेदन भरवाने के नाम पर गरीबों से 200 से 500 रुपए की रकम वसूली करने की शिकायत मिली है। जिनके खिलाफ कार्रवाई के लिए वरीय अधिकारियों से बात करेंगे।

मौके पर दिनेश सिंह,विजय सिंह,शंकर पासवान ,नीतीश कुमार सिंह,सागर सिंह,भोला सिंह,नसीम अंसारी ,प्रमोद कुमार सिंह, संजय राम, मनोज राम,गौरव कुमार, रूपदेव भुइया,कपिल देव सिंह,जितेंद्र कुमार गुप्ता,राहुल कुमार,विशाल पाठक,रंजन कुमार सिंह, हरिवंश पासवान, दिनेश कुमार सिंह सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

# लोक सभा की तैयारी में जुटा जिला प्रशासन




राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग आसन्न लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल संचालन के मद्देनजर जिले में प्रशासनिक तैयारियां जोरों पर है। इस क्रम जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त नैन्सी सहाय के निर्देश पर सेक्टर मजिस्ट्रेटों एवं कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है। 14-हजारीबाग लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत 268 सेक्टर में प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों के लिए 21-23 दिसम्बर 2023 को जबरा स्थित प्रमण्डलीय पंचायत प्रशिक्षण संस्थान में निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने बताया कि आसन्न लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर जिले में प्रशासनिक तैयारियां जारी हैं। इसी क्रम में सेक्टर दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को प्रतिनियुक्त कर प्रशिक्षण हेतु निदेश दिया गया है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा की तिथि से मतदान प्रक्रिया पूर्ण होने की तिथि तक सम्बद्ध मतदान केन्द्रों में निर्वाचन प्रबन्धन के लिए सेक्टर दण्डाधिकारी जवाबदेह होंगे। प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को उनके कार्य एवं दायित्व से संबंधित विभिन्न निर्देश दे दिये गये हैं। उन्होंने सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को निर्धारित तिथि को होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम में निश्चित रूप से शामिल होने का निर्देश जारी किया है।

**प्रदेश >> अपडेट**

## वाहन चेकिंग अभियान चलाया

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त शशि रंजन के निदेर्शानुसार परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन ने सोमवार रात व मंगलवार को हरहिरगंज व छत्तरपुर थाना क्षेत्र में वाहन जांच अभियान चलाया .इस दौरान हरिहरगंज में 40 वाहनों की जांच की गयी व 23 वाहनों को जब्त किया गया .इसी तरह छत्तरपुर में 68 वाहनों की जांच की गयी व इन वाहनों चालकों से बतौर जुमार्ना 87 हजार रुपये की वसूली की गयी।

**शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>**

## प्रमंडलीय आयुक्त से उपायुक्त ने की शिष्टाचार मुलाकात

**पलामू :**प्रमंडलीय आयुक्त दशरथ चंद्र दास (भा.प्र.से.) से मंगलवार को पलामू उपायुक्त श्री शशि रंजन ने शिष्टाचार मुलाकात की। उपायुक्त आयुक्त कार्यालय पहुंचकर आयुक्त से मिले। इस दौरान राजस्व एवं विकास संबंधी योजनाओं को गति देने एवं उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने के संबंध में विचार-विमर्श हुआ।

## युवक की मौत के लिये जिला प्रशासन जबाबदेह : रूचिर

**पलामू :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने होमगार्ड के बहाली में मेदनीनगर स्थित पुलिस लाइन में दौड़ रहे रेड़मा निवासी अभ्यर्थी विकास तिवारी पिता मनोज तिवारी पुलिस लाइन में ही दौड़ने के क्रम में मृत्यु हो गई। आज बेरोजगारी इस कदर बढ़ गई है कि अभ्यर्थी की जान लगाकर बहाली में दौड़ लगा रहे हैं लेकिन बहाली में दौड़ लगाने से पहले उनके स्वास्थ्य की जांच जिला प्रशासन को करनी चाहिए थी। और तीसरे राउंड में दौड़ने के क्रम में ही रेड़मा निवासी मनोज तिवारी की मृत्यु हो गई वह काफी मेहनतकश तथा घर का इकलौता कमाओ व्यक्ति था जिसकी दर्दनाक मृत्यु हो गई।

**संक्षिप्त >> अपडेट्स**

## सांसदों का निलंबन लोकतंत्र की हत्या: शत्रुघ्न

**मेदिनीनगर :** झारखंड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने आज मेदिनीनगर में प्रेस बयान जारी कर पार्लियामेंट के दोनों सदनों में लोकसभा की सुरक्षा में गंभीर चूक पर प्लेकार्ड लेकर प्रदर्शन कर रहे सांसदों के बड़ी संख्या में अभूतपूर्व निलंबन की कार्रवाई की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि यह जनता के द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों की आवाज को तानाशाह मोदी सरकार द्वारा दबाने का प्रयास है,जो लोकतंत्र की जघन्य हत्या है ।जारी बयान में उन्होंने कहा है कि विपक्ष के सांसदों को निलंबित कर बिना पर्याप्त बहश के महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित कराने की कार्यवाही संसदीय लोकतंत्र की गरीमा व आचरण के खिलाफ है ।बयान में उन्होंने कहा है कि विपक्ष के सांसदों द्वारा मा०गृहमंत्री व मा०प्रधानमंत्री जी द्वारा सदन में लोकसभा के सुरक्षा चूक पर सरकारी वक्तव्य की मांग करना जायज व प्रसांगिक है,जिसको आधार बनाकर भारी संख्या में उन्हें निलंबित करना तानाशाही की निंदनीय पराकाष्ठा है ।

## असहायों लोगों के बीच कंबल वितरण

**मेदिनीनगर :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी,सदर उप प्रमुख शीतल सिंह चेरो ने सदर प्रखंड के सुआ गांव में गरीबों एवं असहायो के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर भाकपा जिला सचिव श्री तिवारी ने कहा कि ठंड काफी बढ़ गई है ऐसी स्थिति में जिला प्रशासन को अभिलंब सरकार द्वारा मिलने वाले कंबल का वितरण आम लोगों के बीच कर देनी चाहिए और जगह-जगह रिदम चौक छह मुहन सदिक चौक, स्टेशन चौक, बैरिया चौक बाजार में शाहपुर चौक के पास बड़े पैमाने पर अलाव की व्यवस्था भी जिला प्रशासन अभिलंब करें।

**कार्रवाई** माइक्रो फाइनेंस कंपनी से खौफजदा हैं लोग

# लोन देने वाले ही बन गये है जान लेने वाले

▶▶माइक्रो फाइनेंस कंपनियां लोन के लिए तगादा करती है

▶▶फाइनेंस कंपनी पर कानूनी कार्यवाही की मांग की है




राष्ट्रीय खबर

**पलामू:** छत्तरपुर में चल रहे माइक्रो फाइनेंस कम्पनियों के दहसत में जी रहे है प्रखंड के भोली भाली जनता बगइया पंचायत के तेनुडीह गांव में आज महिलाओं ने आप बीती सुनाई और छत्तरपुर थाना को लिखित रूप आवेदन देकर इन फाइनेंस कंपनी पर कानूनी कार्यवाही की मांग की है चिंता देवी पति विश्वनाथ भुइयाँ ने बताया कि एक किस्त नही देने पर कम्पनी के आलोक सिंह हमारे शॉल खिंच कर जबरन गाड़ी पर बैठा रहे थे हम गिड़गिड़ा रहे थे कि हमारे दो छोटे बच्चे हैं वो कैसे रहेंगे इसी क्रम में हम नाली में गिर गए संजू देवी पति प्रवेश भुइँया ने बताया कि हमारा एक किस्त की देर होने पर कुआं में धकेल कर जान मारने सहित किडनी निकालने की धमकी दे रहा था भारत फाइनेंस कम्पनी के अनीस यादव।

झामुमो के केंद्रीय सदस्य चन्दन प्रकाश ने बताया कि जितने भी माइक्रोफाइनेंस कंपनी है जो लोन देती है वह अपना व्यवहार और कार्यशैली को सुधार ले अन्यथा अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहें ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि जिस तरह से माइक्रो फाइनेंस कंपनियां लोन के लिए तगादा करती है बात बोलती है गाली गलौज करती है मारपीट करती है उन लोगों से बचने के लिए हम लोग कुछ दिनों के लिए घर छोड़ देते हैं कभी-कभी तो ऐसा लगता है की बेज्जती सहने से अच्छा है बात सुनने से अच्छा है की आत्महत्या कर ले जब पानी सर से ऊपर जाएगा तो आत्महत्या कर लेने में ही भलाई है मौके पर दो फाइनेंस कमी को पुलिस ने पूछताछ के लिए थाना लाया जो भी माइक्रो फाइनेंस कंपनी गरीबों को लोभ के लिए, लोन देकर कम ब्याज पर और फिर झांसे में लेने के बाद ऊंची ब्याज दर उगाही गरीबों से करने और जबरन घर में उनके कर्मी जा कर मारपीट एवम गली गलौज घरेलू उपयोग का सामान जैसे उज्वला योजना में मिला गैस टीवी चापाकल गहने बर्तन के अलावे घर का दरवाजा तोड़ देना खपड़ा तोड़ देना कुल मिलाकर एक तरह से फाइनेंस कंपनी कुर्की जब्ती करती है एवम गरीब महिलाओं को घर से उठा ले जाते है वैसे माइक्रो फाइनेंस कंपनी को चिन्हित करे जो आरबीआई के गाइडलाइन के बिना कंपनी ऑपरेट करने वालो जैसे सुगम्या माइक्रो, ग्रामीण कोटा, सगुनिया,आर बी एल, भाया, फिजन , वी एस एस, कैस पर, सिंदुरिया जैसे इन कंपनियों में जिसका भी लाइसेंस आरबीआई से नही है ऐसी कंपनियों को सरकार या प्रशासन तुरंत वैन करे इस मौके पर बगइया पंचायत के मुखिया पति मुन्ना कुमार संजू देवी चिंता देवी,सोनी देवी,रजपतिया देवी,कलावती देवी,सरिता देवी, कुंती देवी, विमली देवी सहित सैकड़ों की संख्या में महिला और पुरूष उपस्थित थे।

**न्यूज फटाफट**

## गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित




**चतरा :** डीएवी पब्लिक स्कूल चतरा में हब ऑफ लर्निंग के तत्वावधान में अंतर विद्यालय गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता मनाया गया।कार्यक्रम की शुरूआत डी ए वी चतरा के शिक्षिका श्रीमति सबा एजाज तथा विभिन्न विद्यालयों से आए हुए शिक्षकों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। ज्ञात हो कि प्रत्येक वर्ष निवास रामानुजन के जन्म दिवस के अवसर पर गणित सप्ताह का आयोजन किया जाता है। इसमें शहर के सभी प्रतिष्ठित विद्यालय भाग लेते है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यालयों में जेएनवी चतरा,नजरेथ स्कूल चतरा, साई इंटरनेशनल चतरा, एवम डी पी एस टंडवा चतरा के साथ साथ डी ए वी चतरा प्रमुख रूप से शामिल थे। प्रथम स्थान पर डीएवी चतरा दूसरे स्थान पर नजेरथ स्कूल चतरा,एवं तीसरे स्थान पर जेएनवी चतरा रहे। गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम आने वाले विद्यार्थियों में शिवम कुमार , मलय मनन गुप्ता, शशांक दीप,प्रतीक कुमार तथा राजकुमार राज है। कार्यक्रम को सफल बनाने में गणित के शिक्षक रोशन झा, प्रेम गोस्वामी, प्रदीप कुमारऔर सुरेंद्र कुमार के साथ साथ विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# 130 कार्यकर्ता दूसरे पार्टियों को छोड़ भाजपा में हुए शामिल



राष्ट्रीय खबर

**महेशपुर (पाकुड़):** मुख्यालय स्थित आदिवासी कल्याण छात्रावास परिसर में मंगलवार को भाजपा के तरफ से योगदान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त योगदान समारोह का नेतृत्व प्रदेश मंत्री सह विधानसभा संयोजक मिस्त्री सोरेन ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष अमृत पांडेय उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान दूसरे पार्टी के 130 कार्यकताओं को पार्टी का पट्टा पहनाकर योगदान किया गया। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए मिस्त्री सोरेन ने बताया कि बीते पांच दिसंबर को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में बाइक रैली के माध्यम से आदिवासी अधिकारी यात्रा का आयोजन किया गया था। आदिवासी अधिकारी यात्रा से प्रेरित होकर लोग भाजपा की ओर आ रहे हैं। इसी को लेकर आज योगदान समारोह का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम के दौरान 130 कार्यकर्ता जो दूसरे पार्टी छोड़कर भाजपा में योगदान किया। जिला अध्यक्ष अमृत पांडेय ने बताया कि भाजपा को शक्तिशाली बनाने में कार्यकत्ताओं का अहम योगदान है।

भाजपा कार्यकताओं की पार्टी है और कार्यकर्ता ही इसे चलाता है। उक्त कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुफल मरांडी, एलियन बेसरा, महेशपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष साधन ठाकुर, राजेंद्र शेखर सिंह, योगेश टुडू, तपन मंडल, विधानसभा विस्तारक संजय कुमार उर्फ पप्पू, सुकुमार मिश्रा, आशीष सिंह, गोपाल भगत, पूलक घोष, गौतम पाल, बबलू यादव के अलावे अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

जिला स्तरीय परामर्श दात्री एवं जिला स्तरीय साख समिति की बैठक

# किसानों को केसीसी का लाभ देने का दिया निर्देश



▶▶योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में बैंकों की अहम भूमिका

राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:**सहायक समाहर्ता डॉ कृष्णकांत कनवाड़िया की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्श दात्री एवं जिला स्तरीय साख समिति की बैठक हुई। समाहरणालय के सभागार में आयोजित इस बैठक में सहायक समाहर्ता ने किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री जनधन योजना,प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण योजना,सुरक्षा बीमा योजना जीवन ज्योति योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान जिले के सभी बैंक प्रबंधकों को संबोधित करते हुए सहायक समाहर्ता ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में बैंक की भूमिका काफी महत्वपूर्ण। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों को मिले इसके लिए प्रशासन के साथ-साथ बैंक को भी सक्रिय होकर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि योजनाओं के संचालन में लापरवाही नहीं बरतें निर्धारित लक्ष्य को समय पूरा करें। वार्षिक साख योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 का लक्ष्य 895 करोड़ है। द्वितीय तिमाही में 442 करोड़ प्राप्त किया गया है जो की प्रतिशत 49.37 है।

इसके अलावा सहायक समाहर्ता ने क्रेडिट कार्ड की समीक्षा की। समीक्षा क्रम में विभिन्न बैंकों में लंबित केसीसी आवेदन को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिया। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में 218 केसीसी का आवेदन लंबित है। इसी तरह से बैंक ऑफ इंडिया में 42 झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक में 86 बैंक ऑफ बड़ौदा में 42, इंडियन बैंक में 42, सेंट्रल बैंक में 2, केनरा बैंक में 6, पंजाब नेशनल बैंक में 7, इस तरह से जिला में विभिन्न बैंकों के विभिन्न शाखा में कुल 218 केसीसी के आवेदन लंबित है । जिसे स्वीकृति देने का निर्देश दिया गया। किसान क्रेडिट कार्ड के स्वीकृति में तेजी लाने हेतु एसबीआई बैंक, आफ इंडिया एवं इंडियन बैंक को विशेष तौर पर ध्यान देने की बात कही। केसीसी योजना के समीक्षा क्रम में जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जो नॉन पीएम किसान है उन्हे भी इसका लाभ मिले। साथ ही सभी बैंकों को सीडी रेश्यो को इंप्रूव करने की बात कही।

पीएमईजीपी योजना के समीक्षा क्रम में प्रखंड उद्यमी समन्वयक के द्वारा बताया गया कि पीएमईजीपी योजना वर्ष 2023-24 पाकुड़ जिले का लक्ष्य 203 है। जिसके विरूद्ध 187 आवेदन पत्र बैंकों को भेजे गए हैं बैंक के द्वारा 46 लाभुकों ऋण की स्वीकृति दी गई है। 42 आवेदन पत्र ऋण स्वीकृति हेतु विभिन्न बैंकों में लंबित है। वहीं 99 आवेदन को रिजेक्ट कर दिया गया है। सहायक समाहर्ता ने जिला उद्योग केंद्र को निर्देश दिया कि स्वीकृत आवेदन से ज्यादा लौटाए गए आवेदन है आप वैसे आवेदन को जेनरेट करवाएं जो की रिजेक्ट ना हो।

# जिला वालीबाल संघ की बैठक आयोजित

राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** जिला वालीबाल संघ के उपाध्यक्ष-सह-प्रशिक्षक संजय कुमार ओझा की अध्यक्षता में रेलवे मैदान पाकुड़ में जिला वालीबाल संघ की बैठक आयोजित किया गया। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला क्रीड़ा पदाधिकारी राहुल कौशिक झारखंड वालीबाल संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष-सह-जिला सचिव हिसाबी राय, सह सचिव अनिकेत गोस्वामी मौजूद थे। दोनों अतिथियों के मौजूदगी में संघ के सदस्य को खिलाड़ियों खिलाड़ी काफी उत्साहित दिखे। बैठक में वरिष्ठ वॉलीबॉल खिलाड़ी विजय कुमार राय, विजय कुमार भंडारी, आलमगीर आलम, सादेकुल आलम, विपिन चौधरी, सुशील साहा, लाल्टू भौमिक भी अपने उपस्थिति दर्ज कराई। बैठक में झारखंड विधान सभागार में झारखंड वालीबाल संघ द्वारा आयोजित एक दिवस सम्मेलन में दिए गए विभिन्न दिशा निर्देशों पर चर्चा की गई साथ ही पाकुड़ जिले में वॉलीबॉल के विकास पर चर्चा की गई।

युवा हृदय सम्राट स्वामी विवेकानंद और मां भारती के तस्वीर पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलकर कार्यक्रम का आयोजन का उद्घाटन किया गया। इसके उपरांत संघ के सचिव हिसाबी राय ने बैठक में विषय प्रवेश किया।श्री राय ने झारखंड वालीबाल संघ की बैठक में लिए गए विभिन्न विषय को बारी-बारी से सबके समक्ष रखा। वॉलीबॉल खिलाड़ियों की संख्या बढ़ाने और बालिकाओं के टीम बनाने को लेकर पाकुड़ जिला वालीबाल संघ सदस्यों को बधाई दी संघ के उपाध्यक्ष प्रशिक्षक संजय कुमार ओझा ने पाकुड़ में वॉलीबॉल खेल के विकास और खेल से नवयुवक कैसे जुड़े इस संबंध में सदस्यों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने वर्ष भर अन्य अन्य प्रतियोगिता के आयोजन करने की बात की ताकि इस प्रतियोगिता से अच्छे वॉलीबॉल खिलाड़ी उभर कर सामने आएंगे जो अच्छे आगे चलकर पाकुड़ का नाम राज्य और देश भर में रोशन करेंगे। मुख्य अतिथि जिला क्रीड़ा पदाधिकारी राहुल कौशिक ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि वॉलीबॉल के अच्छे खिलाड़ियों की कमी नहीं है। इस खेल में नवयुवक खिलाड़ी अपना भविष्य गढ़ सकते हैं। उन्होंने बहुत जल्द खिलाड़ियों के लिए नए वॉलीबॉल मैट उपलब्ध कराने और शीघ्र ही डे नाइट बोर्डिंग प्रारंभ करने की बात कही। जिसके साथ ही संघ के सदस्यों और खिलाड़ियों करतल ध्वनि से खेल पदाधिकारी का अभिवादन किया। श्री कौशिक ने खिलाड़ियों से खेल से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या होने पर मिलकर बात करने की बात कही, उन्होंने आश्वास्त किया कि खिलाड़ियों की समस्या व समस्या का समाधान यथाशीघ्र किया जाएगा। इसके उपरांत संघ के सह सचिव गोस्वामी ने धन्यवाद ज्ञापन कर बैठक की समाप्ति की घोषणा किया।

# राजा मेदिनी राय व नीलांबर पीतांबर की प्रतिमा लगाने की मांग



राष्ट्रीय खबर

**पलामू:** झारखंड जनक्रांति मोर्चा झारखंड प्रदेश के बैनर तले संविधान बचाओ मोर्चा मेदिनी नगर पलामू नीलांबर पीतांबर एवं राजा मेदीनी राय के अस्तित्व को बचाने के लिए मोर्चा द्वारा लगातार धरना प्रदर्शन किया गया और किया जा रहा है मोर्चा के द्वारा समाहरणालय परिसर में राजा मेदीनी राय एवं नीलांबर पीतांबर का ऐतिहासिक धरोहर का प्रतिमा मोर्चा के द्वारा लगाया गया था। जिसमें लिखित रूप से परमिशन की बात है अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा की गई थी पर ऐसा न होकर अनुमंडल पदाधिकारी सदर रातों-रात बुलडोजर लगाकर तीनों प्रतिभाओं को ध्वस्त कर समाहरणालय परिसर से हटा दिया गया। जिससे कई पार्टियों एवं संगठन मोर्चा को जबरदस्त आघात लगा और अनुमंडल पदाधिकारी प्रशासन के खिलाफ चल रहे संविधान बचाओ मोर्चा के संगठन के नेतृत्व करने वाले नेताओं एवं कार्यकताओं को आज झारखंड जनक्रांति मोर्चा जोरावर के नेताओं एवं कार्यकताओं ने संविधान बचाओ मोर्चा को जन समर्थन देकर यह कहा कि झारखंड में सरकार आदिवासियों की सरकार चल रही है जिसमें स्वयं मुख्यमंत्री एक आदिवासी हैं और आदिवासियों के विरासत को समाप्त मनुवादी अधिकारी कर रहे हैं यह सरासर गलत है।

**योजना** सरकार ने स्कूल खोले हैं ताकि नौनिहालों का भविष्य संवारा जा सके लेकिन

# अबतक नहीं बना सरकारी स्कूल में जाने का रास्ता

▶▶स्कूल जाने के लिए रास्ते का न होना गंभीर चिंता का विषय है

▶▶बच्चों को खेत के मेंड़ से होकर स्कूल जाना पड़ता है



राष्ट्रीय खबर

**हरिहरगंज :** बच्चे देश का भविष्य हैं। सरकार ने स्कूल खोले हैं ताकि नौनिहालों का भविष्य संवारा जा सके। लेकिन अभी भी ग्रामीण क्षेत्रों में नौनिहालों के स्कूल जाने के लिए रास्ते का न होना गंभीर चिंता का विषय है। हम बात कर रहे हैं जिले के सुदूरवर्ती पीपरा प्रखंड अंतर्गत तेंदुई पंचायत के टंडवा उर्फ जगदीशपुर उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय की। जहां आजादी के 76 साल बीत जाने के बाद भी छात्र छात्राओं को स्कूल तक जाने के लिए रास्ता नहीं है। जिस कारण बच्चों को खेत के मेंड़ से होकर स्कूल जाना पड़ता है। इस दौरान उन्हें खेत मालिकों का खरी खोटी सुनना विवशता बन गई है। बता दें कि जिला मुख्यालय से करीब 70 किलोमीटर दूर स्थित पीपरा प्रखंड के सबसे सुदूरवर्ती और उपेक्षित विद्यालय पर आज तक न तो किसी अधिकारी और न ही जनप्रतिनिधियों ने ध्यान दिया। इस वजह से ग्रामीणों में मायूसी के साथ ही आक्रोश भी है। कई ग्रामीणों ने बताया कि उक्त उत्क्रमित विद्यालय किसानों की रैयती खेत के बीच स्थित है। जिसमें पूरे गांव के बच्चे पढ़ते हैं। किंतु नौनिहाल मासूम बच्चों को स्कूल तक जाने के लिए रास्ता का प्रबंध नहीं है। इस वजह से स्कूली बच्चे खेत के मेंड़ से होकर गुजरते हैं। जिस दौरान उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है।उल्लेखनीय है कि टंडवा टांडी उर्फ जगदीशपुर में वर्षों पहले विद्यालय का निर्माण तो कराया गया लेकिन स्कूल तक पहुंचने के लिए अभी तक रास्ता नहीं बनवाया गया है।ग्रामीणों ने बताया कि बरसात में स्कूल के चारों ओर खेत में जब पानी भर जाता है तब बच्चों को ज्यादा परेशानी होती है। ग्रामीणों की मानें तो विभागीय अधिकारियों को भी यह जानकारी है कि स्कूल में जाने के लिए रास्ता नहीं है। बाबजूद इसके अभी तक उक्त समस्या का समाधान नहीं हो सका है। यह बताया गया कि स्कूल स्थापित करते समय विभागीय अधिकारियों की अदूरदर्शिता के कारण यह समस्या आज भी यथावत बनी हुई है। इस संबंध में स्कूल के प्रधानाध्यापक हरिशंकर सिंह ने बताया कि विद्यालय के चारों तरफ इसी गांव के किसानों की रैयती जमीन है। जबकि खेत के बीच में स्कूल स्थित है। बाबजूद इसके रास्ते का ध्यान नहीं रखा गया। उन्होंने बताया कि यहां गांव के ही बच्चे पढ़ने के लिए आते हैं,लेकिन इन बच्चों के उपयोग लायक स्कूल में शौचालय तक नहीं है। कहा कि एक शौचालय मेरे रीजन के पहले से बना हुआ है किंतु इस्तेमाल होने से पहले ही वह जर्जर हो चुका है। स्कूल में शौचालय की सुविधा नहीं होने के कारण बच्चों को बाहर मैदान में खुले में शौच के लिए जाना पड़ता है। कई प्रबुद्ध लोगों का कहना है कि स्कूल में व्यवस्थाओं को लेकर जो शिकायतें हैं,उनकी जानकारी न तो सम्बन्धित अधिकारियों और न ही जनप्रतिनिधियों द्वारा ली जाती है। जिससे उक्त समस्याओं का निराकरण नहीं हो सका है।

# डी ए वी की टीम फुटबॉल में बनी उपविजेता

राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** डी ए वी नेशनल स्पोर्ट्स, जोनल लेवल, झारखंड जोन के तत्वाधान में सत्र 2023-24 हेतु झारखंड के विभिन्न विद्यालयों में राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे अंडर 14 फुटबॉल प्रतियोगिता में डी ए वी पाकुड़ के बच्चों ने फुटबॉल स्पर्धा में उपविजेता बनकर अपने विद्यालय एवं शहर का नाम रौशन किया। डी ए वी पब्लिक स्कूल सी सी एल रजरप्पा में आयोजित इस प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के 40 टीमों ने भाग लिया जिसमे सभी को पराजय कर पाकुड़ डी ए वी की टीम फाइनल में स्थान बनाकर उपविजेता का खिताब हासिल किया। वहीं अलग अलग स्पर्धा में बोकारो में इसी विद्यालय के वर्ग बारहवीं के छात्र तनवीर आलम ने शॉर्ट पुट में प्रथम स्थान हासिल किया एवं वर्ग नवम की छात्रा सेलेमा टुडु ने हाई जंप में प्रथम स्थान पाकर विद्यालय का नाम रौशन किया। इन दोनो का चयन नेशनल लेवल के खेल जिसका शुभारंभ 4 जनवरी 2024 में उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में आयोजित होगा, के लिए किया गया है। मंगलवार को विद्यालय के प्रातः सभा में इन सभी खिलाड़ियों को विद्यालय प्राचार्य डॉ विश्वदीप चक्रवर्ती ने मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया एवं अपने संबोधन में बताया कि ये बच्चे निश्चित रूप से आगे चलकर विद्यालय, शहर एवं देश का नाम रौशन करेंगे। फुटबॉल टीम में शामिल खिलाड़ी संदीप किस्कू, मनोज सोरेन, मुकेश हेंब्रम, कौशिक सरकार, मेनल किस्कू, अमर मुर्मू, आदित हेंब्रम, आलोक हसदा, शेखर सोरेन, कानिश पांडेय, नवीन कुराडिया, प्रीतम सोरेन एवं राजकिशोर टुडु हैं। प्राचार्य ने विद्यालय के खेल शिक्षक खुशबू कुमारी एवं गोपाल विश्वास को इस उपलब्धि का श्रेय दिया।

शहर >> अपडेट

## शिक्षा विभाग की उपायुक्त ने की समीक्षा

**कोडरमा:** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग से संबंधित यथा स्थापना समिति, पुस्तक क्रय, खेल प्रतियोगिता आदि को लेकर बैठक हुई। उपायुक्त ने स्थापना समिति की बैठक करते हुए शिक्षकों के स्थानांतरण करने से संबंधित आवेदनों का जांच करने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया गया। इसके साथ ही जिले के मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, प्रखंड स्तरीय आदर्श विद्यालय, मॉडल विद्यालय, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय व झारखंड आवासीय विद्यालयों में पुस्तक क्रय करने को लेकर कहा गया। दिव्यांग बच्चों के लिए जिला स्तर पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन करने की बात कही। बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता अनिल तिर्की, निदेशक डीआरडीए गोरांग महतो, जिला शिक्षा अधीक्षक सह जिला शिक्षा पदाधिकारी नयन कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी नीली सरोज कुजुर व अन्य उपस्थित थे।

बैठक

### भाकपा अंचल कमिटि जयनगर की बैठक संपन्न

# आवेदन देने वाले हो रहे ठगी के शिकार: महादेव राम

- युवाओं का पलायन जारी
- माइका को उद्योग का दर्जा दे
- जिले में रोजगार का कोई साधन नहीं
- ढिबरा चुनकर गुजर बसर करने वाले लोगों को पुलिस करती है तगं



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** भाकपा अंचल कमिटी जयनगर की बैठक संस्कृतिक भवन जयनगर में कार्यकारिणी सदस्य पूर्व उप प्रमुख वीरेंद्र यादव की अध्यक्षता में की गई। बैठक में विगत कार्यक्रमों का कार्य रिपोर्ट अंचल मंत्री अर्जुन यादव ने प्रस्तुत किया। भाकपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में ग्रामीणों को ठगा जा रहा है। अबुआ आवास का हजारों आवेदन आ रहे हैं जबकि सरकार टारगेट तय नहीं किया है। पशुधन योजना में 245 टारगेट है जिसमें 235 आवेदन स्वीकृत हो चुके हैं इसके बावजूद भी हजारों आवेदन बकरी पालन गाय पालन सूअर पालन के आ रहे हैं जो भी आवेदन दे रहे हैं ठगी के शिकार होंगे। रोजगार सृजन योजना में नौजवान हजारों आवेदन दे रहे हैं लेकिन सारे आवेदन ऑफिस में धूल चाटते नजर आएंगे क्योंकि कोडरमा जिला में 300 से ज्यादा टारगेट नहीं है। फिर भी हजारों आवेदन लिया जा रहा है जो ठगी का शिकार होंगे। भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि कोडरमा जिले में रोजगार का कोई साधन नहीं है। युवा बाहर स्टेट पलायन करने पर मजबूर है। ढिबरा चुनकर गुजर बसर करने वाले लोगों को कोडरमा पुलिस तंग कर रही है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी झारखंड सरकार से मांग करती है कि कोडरमा जिले में माइका को उद्योग का दर्जा देकर गरीब मजदूर को रोजगार बहाल किया जाय। जिला कार्यकारिणी सदस्य पुरुषोत्तम यादव ने कहा कि जयनगर प्रखंड के अंतर्गत ग्राम डहुआटोला में मानक को दरकिनार करते हुए गैर कानूनी रूप से खनन किया जा रहा है। अंचल मंत्री अर्जुन यादव ने कहा कि जयनगर प्रखंड के कई बालू घाटों से गैर कानूनी रूप से बालू का उठाव हो रहा है। बैठक को किशोर चौधरी, काली सिंह ने भी संबोधित किया। बैठक में हरी पासवान, असर अली, विनोद पासवान, ब्रह्मदेव राणा, समीम खान, त्रिवेणी दास, सुरेन्द्र पासवान, नागेश्वर दास, नारायण ठाकुर आदि मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन किशोर चौधरी ने किया। बैठक में 26 दिसंबर को जयनगर संस्कृतिक भवन में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का स्थापना दिवस मनाने पर भी फैसला लिया गया।

## न्यूज फटाफट

### दाउद नगरी गीत लॉन्च



**कुडू:** प्रभु चरनी में जन्म ले ले रे बड़ी हलचल है दाउद नगरे इस खूबसूरत गीत की लॉन्चिंग ट्राइब कार्ड द्वारा किया गया जिसे ऑर्गनाइज किया है अनमोल टोप्पो , कुलभूषण डुंगडुंग, पवन तिर्की ,नवीन होरो एंकर आकांशा मिंज ।लॉन्चिंग के दौरान वहाँ पर मनीष आयिन्द ,रितु लांबा , नवीन होरो, सिंगर कुमार गहलोत , मौजूद थे ।इस गाने के लॉन्चिंग के दौरान भाग लिए हुए कलाकारों ने इस गीत को सुनकर खूब नाचा और सब ने बहुत तारीफ की ।

### मोती चंड यादव का आकास्मिक निधन



**लोहरदगा** :सलगी पंचायत के पूर्व सरपंच मोती चंद्र यादव के आकस्मिक निधन की सूचना प्राप्त होते ही आजसू पार्टी की केंद्रीय महासचिव सह लोहरदगा विधानसभा प्रभारी सह पूर्व विधायक स्व.कमल किशोर भगत जी की धर्मपत्नी नीरू शांति भगत शोकाकुल परिवार से मिलने पहुंची एवं उनके निवास ( सलगी,रोचो गांव )पहुंचकर शोकाकुल परिवार से मिली एवं श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा की एक अभिभावक के तौर पर इनका हमेशा मार्गदर्शन मिलता था, उनकी कमी हमें हमेशा महसूस होगी और भगवान इनकी आत्मा को शांति प्रदान करें यही हम प्रार्थना करते हैं .इस मौके पर मुख्य रूप से आजसू जिला उपाध्यक्ष पंचम लालुनाथ सहदेव, राजेंद्र लोहरा ,अमोद साहू, अमित साहू सहित सैकड़ो ग्रामीणों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### उपायुक्त ने सुनी आमजनों की समस्याएं



**कोडरमा:** उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने सभी लोगों से एक-एक कर समस्याएँ सुनी और एवं सभी शिकायतों की जाँच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान करने के लिए आश्वासन दिये। जनता दरबार में बिजली की बकाया राशि का ब्याज माफ करने, प्रतिबंधित भूमि पर स्थानीय भू-माफियाओं के द्वारा निर्माण कार्य किये जाने, भुमि का सीमांकन करने, विद्यालय के पास गलत तरीके से नाला निर्माण करने, गलत तरीके से जमीन का पंजीकरण और जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने समेत कई मामलों में आवेदन दिया। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याओं को सुनने के पश्चात उपायुक्त महोदया ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को सभी आवेदनों का जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करने का निर्देश दिये।

सिटी अपडेट्स >>

### धरना14 वां दिन भी जारी

**तेनुघाट:** अनुमंडल मुख्यालय तेनुघाट में जिला की मांग को लेकर संघर्ष समिति का संयोजक संतोष नायक का अनिश्चित कालीन धरना धरना जारी रहा ।जिला बनाओ संघर्ष समिति के बैनर तले कड़ाके की ठंड को भी मात देते हुए अपनी जान की परवाह किये बगैर 14 दिन से धरना पर डटे है। धरना का पूर्ण समर्थन दे रही जिला परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी भी धरना स्थल पर पहुंचकर एक दिवसीय धरना पर बैठ गई। और धरना को गति देने का काम कीया। भाजपा जिला ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष चितरंजन साव हुंकार भरा और कहा हर हाल में सरकार को जिला का दर्जा देना होगा । पूर्व की सरकार और वर्तमान सरकार आज तक यहां की जनता को गुमराह कर रखा है।

## बाबा अखिलेश्वर नाथ का दर्शन कर मैं धन्य हो गई :डोलमा



राष्ट्रीय खबर

**लोहरदगा:** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय नेतृत्व के द्वारा निर्धारित प्रवास कार्यक्रम के तहत अरुणाचल प्रदेश महिला मोर्चा के उपाध्यक्ष शिरिंग डोलमा का प्रवास लोहरदगा जिला में निर्धारित हुआ इसके तहत पहला कार्यक्रम के अनुसार जिले में प्रवेश करते हुए किसी मठ मंदिर में दर्शन कर कार्यक्रम का शुभारंभ करना है इसके तहत बाबा भोलेनाथ अखिलेश्वर मंदिर का दर्शन कर लोहरदगा जिला के विभिन्न प्रखंड में कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे आज के इस मंदिर दर्शनाम कार्यक्रम के बाद डोलमा जी ने कहा कि बाबा अखिलेश्वर नाथ का दर्शन कर मै धन्य हो गई, बाबा भोलेनाथ का दरबार बहुत ही रमणीय स्थल है मैं बाबा भोलेनाथ का भक्त हूं भगवान भोलेनाथ हमारे देशवासियों और हम सभी का मनोकामना पूर्ण करें आने वाले समय में फिर से भारतीय जनता पार्टी की सरकार केंद्र में बनेऔर उसके प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र दामोदरदास मोदी बने यही हम लोगों की बाबा भोलेनाथ से कामना है सिरिंग डोलमा महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अरुणाचल प्रदेश, जय श्री देवी महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष झारखंड, कलावती देवी जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा , सामेला भगत उपाध्यक्ष भाजपा बालकृष्ण सिंह जिला महामंत्री भाजपा लोहरदगा

## बाबा श्याम का अलौकिक दरबार सजा



राष्ट्रीय खबर

**झुमरीतिलैया:** श्याम शरण में आजा रे के तत्वाधान में सोमवार की रात्रि स्थानीय श्री माहुरी भवन में 20वां अरदास कीर्तन का आयोजन हुआ। इस अवसर पर बाबा श्याम का अलौकिक दरबार सजाया गया। ज्योत के साथ भजनों का कार्यक्रम शुरू हुआ। यजमान के रूप में नितेश आयुषी बरबिगहिया शामिल हुए। पूजा अर्चना पंडित अनिल मिश्रा ने कराया। सर्वप्रथम प्रदीप कंदोई ने गणेश वंदना प्रस्तुत किया। इसके बाद सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ हुआ। इसके उपरांत कड़कड़ाती ठंड में भी भजन गायकों ने भजन के माध्यम से गर्मी का एहसास कराया। इसमें बाबा श्याम के दरबार में मची रे होली, किसने तुमको सजाया बड़ा प्यारा लागे जैसे भजनों पर श्रोता झूमते नजर आए। इस दौरान हारे का सहारा श्याम बाबा हमारा का जयकारा से पूरा भवन परिसर गूंजयमान होता रहा। मौके पर पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने कहा कि कलयुग में बाबा श्याम की पूजा घर घर में हो रही है। श्याम शरण में आजा रे के द्वारा कीर्तन के माध्यम से जो भक्ति का अलख जगाया जा रहा है वो अद्वितीय है। इस दौरान बाबा श्याम के दरबार में कोडरमा के भजन गायक अमन सिन्हा ने तीन बाण के धारी तीनों बाण चलाओ नाङ्क, सीमा सहल ने दरबार सावरिया ऐसो सजोङ्क, आनंद जैन ने यह प्राथना है दिल कि बेकार नहीं होगी, पूरा भरोसा है मेरी हार नहीं होगीङ्क, यश दाहिमा ने मेरी आप की कृपा से सब काम हो रहा है, करते हो तुम कन्हैया मेरा नाम हो रहा है, राकेश राजपूत ने भावो से मन श्याम घर में बुलाले अपने हाथों से मैने ज्योति जलाईङ्क, रवि दाहिमा ने गले से लगालो ना सावरियाङ्क, संगीता जेठवा ने मेरी झोपडी के भाग आज खुल जाएंगे श्याम आएंगेङ्क जैसे भजन की प्रस्तुति से मौजूद श्रद्धालुओं को भक्ति के सागर में गोता लगवाते रहे। मंच संचालन संजय अग्रवाल व मनोज लड्ढा ने संयुक्त रूप से किया। वहीं विशाल कपसीमे, बबलू पांडेय, मिलन चक्रवर्ती आदि ने अपनी प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। अरदास कीर्तन का समापन बाबा श्याम की आरती एवं स्तुति के साथ हुआ। उमंग कंदोई, दीपेश जेठवा, विवेक सहल,प्रियंका सहित अन्य उपस्थित थे।

### पल्लवी कुमारी का चयन राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में



**झुमरीतिलैया:** 67वी एसजीएफआई राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता 2023 के लिए आकाश योग केंद्र की प्रशिक्षु पल्ल्वी कुमारी का चयन हुआ है। खेलो झारखण्ड अंतर्गत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता मे अच्छे प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के लिए झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के द्वारा कैंप का आयोजन किया गया था। इसमें राज्य प्रतियोगिता के टॉप 10 खिलाड़ियों को आमंत्रित किया गया था। जिसमे पल्ल्वी कुमारी ने टॉप 05 के खिलाड़ियों मे अपनी जगह बनाई और उनका चयन इस प्रतियोगिता के लिए किया गया है। अंडर 19 बालिका वर्ग के टीम इवेंट मे पल्लवी कुमारी झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी। पल्ल्वी सी एच प्लस टू उच्च विद्यालय की कक्षा 12वीं की छात्रा हैं। वह साधरण परिवार से है। उनके पिता विजय कुमार एचपी गैस एजेंसी मे घर- घर गैस डिलीवरी का काम करते हैं और माता रेखा देवी गृहणी है। पल्ल्वी योग का प्रशिक्षण अंतर्राष्ट्रीय योग प्रशिक्षक आकाश कुमार सेठ एवं कोडरमा जिला योगासन स्पोर्ट्स संघ की कोषाध्यक्ष ईशा कुमारी से विगत 6 वर्षों से ले रही हैं। प्रतियोगिता मे चयनित होने पर अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी शिवकुमार मलिक, योग प्रशिक्षक आकाश कुमार सेठ एवं ईशा गुप्ता, सीएच प्लस टू उच्च विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार एवं खेल शिक्षक दिनेश सिंह ने बधाई दिया है।

# डीएवी पब्लिक स्कूल के विजेता खिलाड़ी सम्मानित

राष्ट्रीय खबर

**झुमरीतिलैया:** डीएवी पब्लिक स्कूल कोडरमा में डीएवी स्पोर्ट्स क्लस्टर और राज्य स्तरीय विभिन्न खेलों के प्रतिभागियों को सम्मानित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रों के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह और अजय अग्रवाल ने मिलकर कलस्टर स्तर की रोलर स्केटिंग की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी समृद्धि सिंह को सम्मानित किया। रोलर स्केटिंग में कुल मिलाकर डीएवी पब्लिक स्कूल कोडरमा ने चार स्वर्ण पदक, चार रजत पदक और तीन कांस्य पदक जीता। ओवरऑल विजेता डीएवी पब्लिक स्कूल कोडरमा की लड़कियों को घोषित किया गया।



उरीमारी में हुई खो खो प्रतियोगिता में डीएवी कोडरमा विजेता बना। बेस्ट रनर प्लेयर का अवार्ड कक्षा सातवीं के सचिन को मिला। ताइक्वांडो अंडर 14 में लड़कों ने तीन रजत, चार कांस्य पदक प्राप्त किया। ताइक्वांडो में डीएवी कोडरमा ने 7 स्वर्ण पदक, 13 रजत पदक और 8 कांस्य पदक प्राप्त किया। ओवरऑल विजेता लड़कियों के वर्ग में डीएवी पब्लिक स्कूल कोडरमा को घोषित किया गया। कुश्ती अंडर 17 लड़कों में रितेश कुमार पंडित ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। कराटे अंडर 14 में आयुषी कश्यप ने रजत पदक, निलेश और श्रेयांश ने कांस्य पदक प्राप्त किया। कबड्डी में डीएवी पब्लिक स्कूल कोडरमा उपविजेता रहा। योग प्रतियोगिता में प्रेरणा भूषण ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया और उन्हें सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी घोषित किया गया। आराध्या राज, अनुष्का, स्पर्धा गुप्ता ने भी स्वर्ण पदक प्राप्त किया। योग प्रतियोगिता अंडर 14 में लड़कों ने चार रजत पदक प्राप्त किया। जूडो में एक रजत और एक कांस्य पदक प्राप्त हुआ। शतरंज में डीएवी स्कूल कोडरमा को पांच स्वर्ण पदक प्राप्त हुए और ओवरऑल विजेता भी डीएवी पब्लिक स्कूल कोडरमा घोषित किया गया। फुटबॉल अंडर 17 में भी डीएवी पब्लिक स्कूल कोडरमा विजेता रहा। क्रिकेट टीम ने भी अपनी विजय का पताका का लहराया और सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी का खिताब पियूष कुमार सिंह को प्राप्त हुआ। एथलेटिक्स में डीएवी कोडरमा ने अपना अद्भुत प्रदर्शन दिखाते हुए 38 स्वर्ण पदक, 35 रजत और आठ कांस्य पदक प्राप्त किया।ओवरऑल विजेता ट्रॉफी पीवीएसएस डीएवी पब्लिक स्कूल कोडरमा की लड़कियों ने प्राप्त किया और लड़के उपविजेता घोषित किए गए। फुटबॉल अंडर 17 में उपविजेता रहा। वही रोलर स्केटिंग में तीन स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक डीएवी कोडरमा को प्राप्त हुआ। रोलर स्केटिंग की विजेता ट्रॉफी भी पीवीएसएस डीएवी पब्लिक स्कूल को प्राप्त हुआ। ताइक्वांडो में पांच स्वर्ण पदक,चार रजत पदक और चार कांस्य पदक प्राप्त किया। एथलेटिक्स में तीन स्वर्ण पदक 19 रजत पदक और 9 कांस्य पदक प्राप्त किया। डीएवी कोडरमा की चार छात्राओं और एक छात्र का चयन नेशनल खेलों के लिए हुआ है। डीएवी कोडरमा की प्रीति कुमारी को सर्वश्रेष्ठ एथलीट घोषित किया गया। अंडर 17 की विजेता ट्रॉफी भी डीएवी कोडरमा की झोली में आई। अंडर-19 में ओवर ऑल चैंपियन भी डीएवी कोडरमा ही रहा। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक कुमार सतीश सिंह द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ के साथ हुआ।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

### दिग्भ्रमित हो रही जनता: आदर्श लक्ष्य

**देवघर:** आजसू पार्टी की अनुषांगिक इकाई अखिल झारखंड पिछड़ा वर्ग महासभा के बैनर तले ओबीसी देवघर जिला अध्यक्ष राजकुमार बरनवाल के नेतृत्व में एवं आजसू पार्टी देवघर जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य की मुख्य उपस्थिति में देवघर पटेल चौक पर एक दिवसीय धरना- प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री के नाम देवघर डीसी को ज्ञापन सौपा । उक्त ज्ञापन में कहा गया कि ओबीसी वर्ग (पिछड़ा वर्ग) को 27 प्रतिशत आरक्षण संशोधित अधिनियम 2022 बिल महामहिम राज्यपाल के सलाह के अनुसार संशोधित कर पुन: शीतकालीन सत्र में लाने के विषय पर गंभीरता पूर्वक सोचने के लिए निवेदन किया गया ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि आपका विज्ञापन, होडिंग और बैनर देखकर पिछले साल 2022 दिसंबर से ही बहुत से लोग दिगभ्रमित हो रहे है।

राजनीति

### छापेमारी को राजनीतिक रंग देकर धीरज साहू को बदनाम करने की साजिश

# विधानसभा में कार्यबाधित करना न्याय संगत नहीं :आलोक साहू

- भारत सरकार को इस परिवार ने हर मुसिबत में दिया है साथ
- गरीहों की हर वक्त की है मदद
- कई स्थानों पर धर्मशाला गेस्ट हाउस स्कूल कॉलेज का निमाण कराया



राष्ट्रीय खबर

**लोहरदगा:** लोकसभा कांग्रेस समन्वय समिति के सदस्य सह खिजरी विधानसभा एलडीएम कोऑर्डिनेटर आलोक कुमार साहू ने कहा कि राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने उनके परिजनों के कंपनी से मिले राशि के संदर्भ में अपनी प्रतिक्रिया में कहा था कि यह पैसा व्यक्तिगत रूप से मेरा नहीं है यह पैसा परिवार से संबंधित व्यवसाय का है और इस राशि का कांग्रेस पार्टी से कोई लेना-देना नहीं है उनके बयान देने के बावजूद भी विगत दो दिनों से झारखंड विधानसभा में भाजपा के द्वारा धीरज साहू के मामले को लेकर प्रदर्शन कर विधानसभा बाधित करने का जो कार्य किया जा रहा है यह न्याय संगत नहीं है तथा भाजपा का यह कार्य निम्न स्तरीय है। भाजपा के इस कार्य का कांग्रेस पार्टी कड़े शब्दों में निंदा करती है। श्री साहू ने कहा कि भाजपा आयकर विभाग के छापेमारी को राजनीतिक रंग देकर धीरज साहू को व्यक्तिगत रूप से बदनाम करने की जो साजिश कर रही है वह कभी सफल नहीं होगा जबकि अभी तक आयकर विभाग ने यह नहीं बतलाया है कि छापामारी में कितनी राशि मिली है। भाजपा के इस कृत्य कार्यसे इस क्षेत्र की जनता भाजपा से काफी नाराज है क्योंकि इस क्षेत्र की जनता जानती है कि विगत 100 वर्षों से साहू परिवार का शराब का कारोबार है जो कैश में होता है।

धीरज साहू के पिता स्वर्गीय बलदेव साहू स्वतंत्रता सेनानी थे। महादानवीर और समाजसेवी परिवार के रूप में इस परिवार की गिनती होती है। देश की आजादी के वक्त यह परिवार उस समय लाखों रुपया का दान दिए थे। 1966 के अकाल के समय भी भारत सरकार को इस परिवार ने सहयोग किया था ।यह परिवार झारखंड, बंगाल, बिहार, उड़ीसा में दर्जनों मंदिरों का निर्माण कराया है ।कई स्थानों पर धर्मशाला, गेस्ट हाउस, अस्पताल, स्कूल, कॉलेज ,स्टेडियम, सामाजिक भवन का निर्माण कराया है। गरीबों को सदैव मदद के लिए यह परिवार खड़ा रहता है। मदद करने का यह कार्य आज भी बदस्तूर जारी है। यह परिवार अभी तक हजारों बेटियों की शादी कर चुकीं हैं। भाजपा के दोहरे चरित्र और कुकृत्य कार्य का जवाब यहां की जनता जल्द भाजपा को देगी।

### पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**कोडरमा:** उत्क्रमित उच्च विद्यालय, बेंदी में हैंड इन हैंड इंडिया कोडरमा झारखंड के द्वारा विद्यालय के बच्चों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, साथ ही साथ विद्यालय परिसर में विजेता प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रवि रंजन, अरविंद कुमार दास प्रभारी प्रधानाध्यापक, उत्क्रमित उच्च विद्यालय बेंदी, अजय कुमार, लकेश्वर प्रसाद यादव एवं राजेश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मंच संचालन, राजन विश्वकर्मा ने किया। पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान किरण कुमारी वर्ग आठवा, द्वितीय खुशबू कुमारी वर्ग आठवां, तृतीय अनुप्रिया कुमारी सातवां एवं उर्मिला कुमारी वर्ग आठवां एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम अजय कुमार वर्ग दशम, द्वितीय रामाशीष कुमार वर्ग दशम एवं तृतीय लक्ष्मी कुमारी वर्ग नवम सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। धन्यवाद ज्ञापन रुपेश कुमार ने दिया।

## न्यूज फटाफट

### झारखंड के अनित उरांव को 80 मीटर हार्डल में गोल्ड



**रांची :** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा लखनऊ में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल 2023-24 के अंडर 14 ऐथलेटिक्स के 80 मीटर हार्डल में राज्य के अनीत उरांव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता। अनित उरांव का चयन खेलो झारखण्ड अंतर्गत राज्य स्तरीय ऐथलेटिक्स प्रतियोगिता के द्वारा राज्य टीम में किया गया था। गुमला जिला के लूथरें स्कूल का छात्र अनीत ने 11.31 सेकेंड का टाइम निकलते हुए स्वर्ण पदक जीता है। अनित ने इससे पहले इसी प्रतियोगिता 100 मीटर में ब्रॉन्ज मेडल जीता है।इस मौके पर शिक्षा सचिव के रवि कुमार, राज्य परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी, शिक्षा परियोजना के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद कोषांग के सदस्य समेत शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों ने खिलाड़ी और उनके कोच को बधाई दी है।

### नोपानी मेमोरियल अंडर 17 क्रिकेट टूनार्मेंट में विवेकानंद विद्या मंदिर की टीम विजेता बनी

**रांची :** आज विकास विद्यालय में आयोजित पांचवें श्री मोहनलाल जी नोपानी अंडर-17 क्रिकेट टूनार्मेंट के सातवें दिन फाइनल मैच का आयोजन हुआ। फाइनल मैच सरला बिरला पब्लिक स्कूल एवं विवेकानंद विद्या मंदिर धुर्वा के बीच खेला गया। सरला बिरला पब्लिक स्कूल ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरी सरला बिरला पब्लिक स्कूल की टीम निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 191 रन ही बना पाई। जवाब में उतरी विवेकानंद विद्या मंदिर की टीम 16.2 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर लक्ष्य को प्राप्त किया। विवेकानंद विद्या मंदिर के तरफ से हर्ष स्वासी ने नाबाद 104 (45) रन की पारी खेली । मैच के उपरांत बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट बांलर एवंम प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट की घोषणा की गई। बेस्ट बॉलर का खिताब सरला बिरला पब्लिक स्कूल के अदुतीय राज को दिया गया। बेस्ट बैट्समैन का खिताब विवेकानंद विद्या मंदिर के हर्ष स्वासी को दिया गया। प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट का खिताब विवेकानंद विद्या मंदिर के हर्ष स्वासी को दिया गया। पूरे मैच के दौरान खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन देखा गया । मैच के उपरांत विद्यालय प्राचार्य श्री पी. एस. कालरा ने विजेता टीम को बधाई व शुभकामनाएँ देते हुए आगे और भी अच्छा प्रदर्शन करने को कहा।

### मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल : रांची जिला की टीम नौ गोल से विजयी

**रांची :** पर्यटन ,कला ,संस्कृति ,खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड के तत्वाधान में आयोजित जोनल स्तरीय तीन दिवसीय पुरुष -महिला मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता का दूसरे दिन का मैच बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम मोरहाबादी एवं मन्दिर मैदान मोरहाबादी में खेला गया । दूसरे दिन का मैच के शुरूआत में जिला खेल पदाधिकारी, रांची सह आयोजन सचिव शिवेंद्र कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। जबकि प्रतियोगिता एवं मंच का संचालन वरिष्ठ प्रशिक्षक अजय झा एवं फुटबॉल प्रशिक्षक शाहिद अंसारी ने संयुक्त रूप से किया । दूसरे दिन के सभी मैचों का परिणाम इस प्रकार है :- महिला वर्ग में रांची जिला उपविजेता टीम ने पलामू जिला उपविजेता टीम को आसानी पूर्वक 9-0 से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। एक अन्य मैच में रांची विजेता टीम ने पलामू विजेता टीम को 2-0 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। पुरूष वर्ग के पहला क्वार्टर फाइनल में गढ़वा विजेता टीम ने रामगढ़ विजेता टीम को 04-02 गोल से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। पुरुष वर्ग के दूसरे क्वार्टर फाइनल मुकाबले में लोहरदगा विजेता ने रांची उपविजेता को 1-0 से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। महिला वर्ग के पहला क्वार्टर फाइनल मुकाबले में रामगढ़ विजेता टीम ने गढ़वा विजेता टीम को 03-00 गोल से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। महिला वर्ग के दूसरे क्वार्टर फाइनल रांची उपविजेता टीम ने लातेहार उपविजेता टीम को 02-00 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।इस अवसर पर वरिष्ठ प्रशाखा पदाधिकारी मनोज कुमार पासवान,फुटबॉल प्रशिक्षक गोपाल तिर्की ,अनमोल तिर्की, हसन अंसारी ,कालीचरण महतो ,अख्तर हुसैन , सुनील महली , कर्म सिंह मुंडा, बिरसी मुंडू ,मुकेश कुमार, हंसराज , प्रेमचंद पूर्ति एवं कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। पुरुष वर्ग के मैच में रांची ने पलामू को 2-0 से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया ।एक अन्य मैच में रामगढ़ विजेता टीम ने पलामू उप विजेता टीम को 4-0 से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया ।वहीं महिला वर्ग में रांची विजेता ने पलामू विजेता को 3-0 से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन का मैच कल प्रातः 8:00 बजे से बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम मोरहाबादी एवं मन्दिर मैदान मोरहाबादी में खेला जाएगा।

**क्रिकेट** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 का सत्र 22 मार्च से मई के आखिर में हो सकते है

# आईपीएल 2024 में प्रति ओवर दो बाउंसर की अनुमति

- अब गेंदबाजों के पास यॉर्कर, धीमी गेंद और दो बाउंसर का विकल्प होगा
- गेंदबाज को बल्लेबाजों के खिलाफ अतिरिक्त फायदा देता है



**एजेंसियां**

**दुबई :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में इस बार गेंदबाजो को प्रति ओवर दो बाउंसर डालने की अनुमति होगी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार प्रति ओवर दो बाउंसर के इस बदलाव का परीक्षण भारत की घरेलू टी-20 टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के दौरान किया गया था। सौराष्ट्र के अनुभवी तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट ने इस बदलाव का स्वागत करते हुए कहा, ''मुझे लगता है कि एक ओवर में दो बाउंसर बहुत उपयोगी होते हैं और यह उन चीज़ों में से एक है जो गेंदबाज को बल्लेबाजों के खिलाफ अतिरिक्त फायदा देता है।'' उन्होंने कहा, ''मान लीजिए कि अगर मैं पहले धीमी बाउंसर फेंकता था तो बल्लेबाज़ को उसके बाद यकीन हो जाता था कि अब कोई और बाउंसर नहीं आएगा लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। अगर हम ओवर के पहले हिस्से में ही बाउंसर डालते हैं, तब भी हमारे पास एक और बाउंसर फेंकने मौका होगा। जो बल्लेबाज बाउंसरों के खिलाफ कमजोर हैं, उन्हें इसमें बेहतर होना होगा। यह बदलाव गेंदबाज को एक अतिरिक्त विकल्प प्रदान करेगा। इसलिए मुझे लगता है कि यह एक बहुत बड़ा प्रभाव वाला छोटा बदलाव है। एक गेंदबाज़ के तौर पर मुझे लगता है कि यह बहुत ही महत्वपूर्ण नियम है।'' उन्होंने कहा, ''इसके अलावा डेथ ओवरों में भी आपके पास एक और विकल्प मिलेगा। मौजूदा समय में तेज गेंदबाजों के लिए डेथ ओवरों में यॉर्कर का ही अधिक विकल्प होता है। अब गेंदबाजों के पास यॉर्कर, धीमी गेंद और दो बाउंसर का विकल्प होगा। भले ही आप दूसरा बाउंसर न फेंकें लेकिन फिर भी बल्लेबाज को पता होगा कि गेंदबाज दूसरा बाउंसर डाल सकता है।'' पिछले आईपीएल सत्र में इम्पैक्ट प्लेयर का जो नियम आया था वह बना रहेगा। इस नियम के तहत टॉस के समय एक टीम को एकादश के अलावा चार खिलाड़ियों की विकल्प की सूची भी देनी होती है। वे उन चार खिलाड़यों में से किसी एक को अपने इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में उपयोग कर सकते हैं। वहीं दूसरी ओर आईपीएल ट्रेडिंग विंडो अभी बंद हो गई है लेकिन यह मिनी-नीलामी के एक दिन बाद 20 दिसंबर को फिर से खुलेगी और 2024 सत्र शुरू होने से एक महीने पहले बंद होगी। आईपीएल 2024 का सत्र 22 मार्च से मई के आखिर में हो सकते है, भारतीय चुनाव आयोग द्वारा आम चुनावों के लिए मतदान की तारीखों को अंतिम रूप दिए जाने के बाद इसके अंतिम कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी।

## वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड के होने वाले आखिर दो टी-20 मैचों के लिए टीम की घोषणा की




**एजेंसियां**

**एंटीगुआ:** वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड के साथ होने वाले आखिरी दो टी-20 मैच के लिए अल्जारी जोसेफ को आराम दिया है तथा शिमरोन हेटमायर को टीम से बाहर कर दिया है। हेटमायर ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टी-20 में एक और दो रन बनाये और वह फॉर्म को लेकर संघर्ष करते देखे गये। उनकी जगह अगस्त में भारत में टी-20 खेलने वाले जॉनसन चार्ल्स को टीम में शामिल किया है। इस बीच जोसेफ को अगले महीने वेस्टइंडीज के ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले आराम दिया गया है। इसमें दौरे में दो टेस्ट, तीन एकदिवसीय और तीन टी-20 मैच खेले जाने है। 17 जनवरी से एडिलेड में टेस्ट मैच शुरु होगा। जोसेफ के तीनों प्रारूपों में खेलने की संभावना है। जोसेफ ने दूसरे टी-20 में 39 रन देकर तीन विकेट लेकर महत्वपूर्ण प्रदर्शन किया। वेस्टइंडीज ने यह मुकाबला 10 रन से जीत लिया था। इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी दो टी-20 मैचों के लिए वेस्टइंडीज टीम इस प्रकार है:- रोवमैन पॉवेल (कप्तान), शाई होप, जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज़, मैथ्यू फोर्ड, जेसन होल्डर, अकील होसेन, ब्रैंडन किंग, काइल मेयर्स, गुडाकेश मोती, निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल, शेरफेन रदरफोर्ड , रोमारियो शेफर्ड और ओशाने थॉमस ।

## कमिंस 20.50 करोड़ रूपये, हर्षल पटेल 11.75 करोड़ रूपये में बिके



**एजेंसियां**

**दुबई :** ऑस्ट्रेलिया को एकदिवसीय विश्वकप जीतने वाले कप्तान पैट कमिंस को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की नीलामी में सनराइजर्स हैदराबाद ने 20.50 करोड़ रुपये में और पंजाब किंग्स ने भारतीय ऑलराउंडर हर्षल पटेल को 11 करोड़ 75 लाख रुपये में खरीदा है। आज यहां शुरु हुई नीलामी में आईपीएल की टीमों ने बढ़चढ़ कर बोली लगाई। राजस्थान रॉयल्स ने वेस्टइंडीज के बल्लेबाज रोवमन पॉवेल सात करोड़ 40 लाख रुपये में खरीदा। सनराइजर्स हैदराबाद ने ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड छह करोड़ 80 लाख में खरीदा है। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएट्ज़ी को मुंबई इंडियंस ने पांच करोड़ रुपये में खरीदकर टीम में किया शामिल। भारतीय अनुभवी खिलाड़ी शार्दुल ठाकुर चेन्नई सुपर किंग्स ने चार करोड़ रुपये देकर अपने साथ जोड़ा है। टीम ने न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रचिन रविंद्र को 1.8 करोड़ में खरीदा है। इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक को दिल्ली कैपिटल्स ने चार करोड़ रुपये में खरीदा है। श्रीलंका के ऑलराउंडर वानिंदु हसरंगा को सनराइजर्स हैदराबाद ने 1.5 करोड़ रुपये टीम में किया शामिल है। नीलामी में अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर अजमतुल्लाह ओमरजई को गुजरात टाइटंस ने 50 लाख रुपये में खरीदा है।

## खेल जगत अपडेट्स »

### फीफा प्लस पर फुटबॉल विश्वकप कतर 2022 की फिल्म




**ज्यूरिख :** फीफा प्लस पर फुटबॉल विश्वकप कतर 2022 में महानतम खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी लेकर तैयार की गई फिल्म का पहला संस्करण रिलीज किया गया है। फीफा विश्वकप कतर 2022 के एक वर्ष बाद रिलीज हो रही यह फिल्म ऐसी 32 टीमों की कहानी है जिसमें अर्जेंटीना को विश्वकप जीतने वाले और खेल के इतिहास के महानतम खिलाड़ियों में से एक लियोनेल मेस्सी भी शामिल हैं। इसके जरिए अर्जेंटीना के अब तक खेले गए सबसे अविस्मरणीय फुटबॉल मैचों को इसमें संजोया गया है। इस विश्वकप 172 गोल दागे गये। जिसे पांच अरब लोगों ने देखा। यह डॉक्यूमेंट्री दर्शकों को मैचों के पर्दे के पीछे ले जाती है। पहले अनदेखे कैमरे के कोण से सभी गतिविधियों को दिखाती है और दुनिया भर में देख रहे प्रशंसकों के परिप्रेक्ष्य के जरिए टूर्नामेंट की विशाल वैश्विक अपील को दिखाती है। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फैनटिनो ने कहा, एक साल पहले, हम सभी ऐसा ही कर रहे थे। हम फीफा विश्व कप का अब तक का सबसे अच्छा फाइनल देख रहे थे। मैं अब आपको फीफा प्लस पर उस विश्व कप और उस फाइनल की भावनाओं को फिर से जीने के लिए आमंत्रित करता हूं। जियानी ने कहा, फीफा विश्व कप कतर 2022, सीधे शब्दों में, अब तक का सबसे अच्छा विश्व कप था। खुशी, हर्ष, गौरव, तृप्ति जब आप फुटबॉल द्वारा दुनिया को दी जा सकने वाली हर चीज के बारे में सोचते हैं तो वह सब कुछ सपना देख सकते हैं जो 2022 में कतर में हो सकता है।

### दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का किया फैसला

**केबरहा :** दक्षिण अफ्रीका ने मंगलवार को दूसरे एकदिवसीय मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्करम ने आज यहां टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। दक्षिण अफ्रीका ने टीम में दो बदलाव किए हैं। एंडिले फेहलुकवायो और शम्सी बाहर किया गया हैं।

## फिल्म सैम बहादुर ने की 100 करोड़ की कमाई



**एजेंसियां**

**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल की फिल्म सैम बहादुर ने वर्ल्डवाईड 100 करोड़ की कमाई कर ली है। देश के पहले फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ पर फिल्म सैम बहादुर बनायी गयी है। इस फिल्म में सैम मानेकशॉ का किरदार विक्की कौशल ने निभाया है। सैम बहादुर का निर्देशन मेघना गुलज़ार ने किया है। इस फिल्म को रॉनी स्क्रूवाला ने प्रोड्यूस किया है।यह फिल्म 01 दिसंबर को रिलीज हुयी थी।सैम बहादुर ने दुनियाभर में 100 करोड़ क्लब में एंट्री कर ली है। विक्की कौशल, सैम बहादुर की इस सफलता के बाद बेहद खुश हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करते हुए जानकारी दी कि सैम बहादुर ने दुनियाभर में 100 करोड़ से ज्यादा का बिजनेस कर लिया है।

## प्रभास की फिल्म 'सालार' का दूसरा ट्रेलर रिलीज



**एजेंसियां**

**मुंबई:** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास की आने वाली फिल्म 'सालार; का दूसरा ट्रेलर रिलीज हो गया है। प्रशांत नील के निर्देशन में बनी फिल्म सालार के ट्रेलर में प्रभास ,जगपति बाबू और पृथ्वीराज सुकुमारन दमदार रोल में नजर आ रहे हैं।फिल्म सालार में प्रभास के अपोजिट श्रुति हासन नजर आने वाली हैं।फिल्म सालार की कहानी पर्शियन साम्राज्य के सुल्तान की है। पृथ्वीराज सुकुमारन फिल्म में सुलतान का किरदार निभा रहे हैं, जो एक विलेन है, वहीं उनके दोस्त जिगरी दोस्त के रोल में प्रभास हैं जो बाद में उनके दुश्मन बन जाते हैं। सालार का प्रोडक्शन होम्बले फिल्म्स के बैनर तले हुआ है। फिल्म सालार 22 दिसंबर को हिंदी, तमिल, तेलुगू, मलयालम और कन्नड़ भाषा में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## वरुण तेज और मानुषी छिल्लर स्टारर 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' का टीजर रिलीज

**एजेंसियां**



**मुंबई :** वरुण तेज और मानुषी छिल्लर स्टारर 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' का टीजर रिलीज कर दिया गया है। अक्षय कुमार स्टारर 'सम्राट पृथ्वीराज' से बॉलीवुड में कदम रखने वालीं मानुषी छिल्लर अब तेलुगू सिनेमा में डेब्यू कर रही हैं। उनकी फिल्म 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' का टीजर रिलीज कर दिया गया है।इस फिल्म के जरिए एयर फोर्स के जवानों द्वारा झेली जाने वाली चुनौतियों को करीब से दिखाया जाएगा। 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' में वरुण तेज आईएएफ अफसर अर्जुन देव के रोल में हैं। वहीं मानुषी छिल्लर राडार अफसर के किरदार में हैं।टीजर की शुरुआत में दिखाया गया है कि एयर फोर्स की एक टीम को किसी और देश में भेजा जा रहा है। पहले ही यह अंदेशा जता दिया जाता है कि एयर फोर्स को किसी और देश में भेजना युद्ध जैसी स्थिति पैदा करने जैसा है। आवाज आती है, 'अगर हम ऐसे ही बदला लेते रहे हो, देश नहीं बचेगा सिर्फ बॉर्डर रह जाएंगे।' वहीं एयर फोर्स पायलट बने वरुण तेज टीम से बोलते हैं, 'वक्त आ गया है कि हम दुश्मन को याद दिलाएं कि ये देश गांधी जी ही नहीं, सुभाष चंद्र बोस का भी है। 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' को तेलुगू और हिंदी भाषा में शूट किया गया है।सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शंस और संदीप मुड्डा की रेनेसां पिक्चर्स के बैनर तले बनी इस फिल्म को शक्ति प्रताप सिंह हाडा ने निर्देशित किया है।यह फिल्म 16 फरवरी 2024 को रिलीज होगी।

## शाहरूख खान की फिल्म डंकी का गाना बंदा रिलीज

**एजेंसियां**



**मुंबई:** बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान की आने वाली फिल्म डंकी का गाना बंदा रिलीज हो गया है। शाहरूख खान इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म डंकी को लेकर चर्चा में है। फिल्म डंकी का गाना 'बंदा' रिलीज कर दिया गया है।

इस गाने को दिलजीत दोसांझ ने गाया है।शाहरुख खान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर इस गाने को शेयर करते हुए लिखा, तुम जो मांग लोगे दिल तो ये जान देगा बंदा....वादों का इरादों का और अपने यारों का यार और एक और यार दिलजीत दोसांझ पाजी ने इस गाने में जान भर दी है। हार्डी को सभी के प्यार के लिए बंदा बनाने के लिए धन्यवाद और प्यार पाजी। इस गाने में शाहरुख और तापसी के लिए दूसरों से लड़ाई करते हुए नजर आ रहे हैं। राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बनी फिल्म डंकी 21 दिसंबर रिलीज होगी।

## सनी देओल की फिल्म सफर में कैमियो करेंगे सलमान खान!

**एजेंसियां**

**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान, सनी देओल की आने वाली फिल्म सफर में कैमियो करते नजर आ सकते हैं। सनी देओल इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म सफर की तैयारी कर रहे हैं।बताया जा रहा है कि सनी देओल जनवरी में फिल्म सफर की शूटिंग करेंगे।सफर एक बेहद दिल छू लेने वाली फिल्म होने वाली है, जो सनी देओल और एक चाइल्ड आर्टिस्ट की अलग-अलग मुश्किलों से भरे सफर की कहानी होगी। सनी देओल चाहते थे कि सलमान फिल्म में कैमियो करें। इसके लिए उन्होंने खुद कॉल कर उनसे कैमियो की रिक्वेस्ट की थी। सलमान खान कॉल पर ही फिल्म के लिए राजी हो गए। सलमान खान जनवरी 2024 में फिल्म सफर की शूटिंग करेंगे। उनका शूटिंग शेड्यूल महज 1 दिन का होगा। फिल्म में सलमान रियल लाइफ के सुपरस्टार सलमान खान बनकर ही नजर आएंगे।सलमान खान और सनी देओल फिल्म जीत में साथ काम कर चुके हैं।फिल्म सफर को विशाल राणा, एकलॉन प्रोडक्शन बैनर तले प्रोड्यूस कर रहे हैं।

## विद्युत जामवाल और नोरा फतेही की फिल्म क्रैक की शूटिंग पूरी



**एजेंसियां**

**मुंबई :** विद्युत जामवाल और नोरा फतेही स्टारर फिल्म क्रैक की शूटिंग पूरी हो गयी है। नोरा फतेही इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म क्रैक को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में वह अभिनेता विद्युत जामवाल के साथ नजर आयेंगी।फिल्म क्रैक की शूटिंग पूरी हो गई है। नोरा फतेही ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर रैप-अप शूट की कई तस्वीरें शेयर की हैं। सेट पर नोरा बॉडीकॉन ड्रेस और डेनिम जैकेट में हाथ में क्लिप बोर्ड लेकर पोज दे रही हैं। एक तस्वीर में वह हाथों में गुलदस्ता लिए पोज रही हैं।फोटोज शेयर करते हुए नोरा फतेही ने कैप्शन में लिखा, क्रैक की शूटिंग खत्म। पूरी टीम के साथ मेरा अनुभव बहुत ही खास रहा। मुझे एक लीड के रूप में लेने के लिए आदित्य दत्त, विद्युत जामवाल और पूरी टीम को शुक्रिया। मैंने सेट पर बहुत कुछ सीखा है और मैं दुनिया के इस फिल्म के देखने का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। फिल्म 23 फरवरी 2024 को रिलीज हो रही है।

## प्रदेश >> अपडेट

### प्याज से भरा ट्रक घाटी पर पलटा, दो घायल

**शिवपुरी:** मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले के सतनवाड़ा थाना क्षेत्र में ग्वालियर-देवास फोरलेन राष्ट्रीय राजमार्ग के खूबत घाटी पर आज एक प्याज से भरा ट्रक रेलिंग तोड़ते हुए नीचे गिरकर पलट गया, जिसमे ट्रक चालक एवं ट्रक में सवार एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कर दिया गया है तथा दुर्घटना का कारण प्रथम दृष्टया घाटी के मोड पर तेज गति से ट्रक होना बताया गया है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### हिमाचल में बारिश से 51 स्कूल भवन क्षतिग्रस्त

**धर्मशाला (तपोवन):** हिमाचल प्रदेश में हाल ही में हुए बारिश के कारण लगभग 51 स्कूल भवनों को नुकसान पहुंचा है। राज्य विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान एक सदस्य के सवाल का जवाब देते हुए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि बारिश से 1057 इमारतें क्षतिग्रस्त हो गयीं। वहीं बारिश के कारण लगभग 9530 छात्रों और 9571 छात्राओं की शिक्षा प्रभावित हुई क्योंकि खराब मौसम के कारण और परिसर में प्रभावित लोगों को आश्रय देने के लिए कई स्कूलों को बंद करना पड़ा। उन्होंने कहा कि बारिश के कारण राज्य के प्राथमिक और उच्च शिक्षण संस्थानों को 69.27 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। प्राथमिक और उच्च विद्यालयों की मरम्मत के लिए अनुमानित 21.57 करोड़ रुपये की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार तुरंत सभी स्कूलों की मरम्मत या रखरखाव नहीं कर पाएगी और धन केवल 2024-25 के बजट में प्रदान किया जा सकता है क्योंकि विभाग मानसून की बारिश के कारण भारी तबाही का सामना कर रहा है। नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर और बीजेपी विधायक बलवीर वर्मा ने कहा कि कई स्कूल जर्जर भवनों में चल रहे हैं।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### पटवारी आज करेंगे पदभार ग्रहण

**भोपाल:** मध्यप्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष जीतू पटवारी आज शाम अपना पदभार ग्रहण करेंगे। पार्टी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार पटवारी बैरागढ़ से शाम 5 बजे रैली शुरु कर राजधानी भोपाल स्थित कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय पहुंचेंगे। यहां वे वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में अध्यक्ष पद का पदभार ग्रहण करेंगे। इसके पहले आज पटवारी ने उज्जैन स्थित महाकालेश्वर मंदिर पहुंच कर दर्शन और पूजा अर्चना की। उज्जैन में उनका कई स्थानों पर पार्टी कार्यकर्ताओं की ओर से स्वागत किया गया।

### मुख्यमंत्री सिद्दारमैया प्रधानमंत्री मोदी से मिले

**नयी दिल्ली :** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने मंगलवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री के कार्यालय ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। पोस्ट में कहा गया, ''कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले।'' मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी को टोपी, शाल और माला पहनाकर उनका स्वागत किया। श्री मोदी के कार्यालय ने इस पोस्ट के साथ दोनों नेताओं की इस मुलाकात की फोटो भी जारी की है।

### विधानसभा का सत्र आज से शुरू

**जयपुर :** राजस्थान में सोलहवीं विधानसभा के प्रथम सत्र 20 दिसंबर से शुरू होगा । राज्यपाल कलराज मिश्र ने 16वीं विधानसभा के प्रथम सत्र को आहूत करने की स्वीकृति प्रदान की है जो दो दिन चलेगा। मिश्र ने बताया कि यह सत्र 20 दिसंबर से प्रारंभ होगा। उन्होंने बताया कि इस सत्र में प्रोटेम स्पीकर कालीचरण सराफ द्वारा 20 दिसंबर को नव निर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई जाएगी ।

**कोरोना** > राज्य सरकार ने केरल के साथ सीमावर्ती जिलों में निगरानी बढ़ा दी है

# कोरोना संकट के कारण कर्नाटक में मॉस्क फिर लौटा

- केंद्र ने सोमवार को राज्यों को एडवाइजरी जारी की
- दिनेश गुंडू राव ने कहा कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है

**राष्ट्रीय खबर**



**बेंगलुरु:** केरल में कोविड-19 सबवेरिएंट जेएन.1 मामलों के बढ़ते डर के बीच, सीएम सिद्धारमैया के नेतृत्व वाली कर्नाटक सरकार ने 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों और अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया है।

कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने जानकारी दी है कि उन्होंने कोविड-19 सबवेरिएंट जेएन.1 के लक्षणों की रिपोर्ट करने वाले लोगों के बीच परीक्षण बढ़ा दिए हैं। मंत्री ने यह भी बताया कि राज्य सरकार ने केरल के साथ सीमावर्ती जिलों में निगरानी बढ़ा दी है। कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने कहा कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और लोगों की आवाजाही और जमावड़े पर फिलहाल किसी प्रतिबंध की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार एक एडवाइजरी जारी करेगी।

दूसरी तरफ भारत में कोविड मामलों में बढ़ोतरी और जेएन.1 वैरिएंट का पता चलने के बीच केंद्र ने राज्यों को एडवाइजरी जारी की ।

कुछ राज्यों में कोविड-19 मामलों में हालिया बढ़ोतरी और जेएन.1 वैरिएंट के पहले मामले का पता चलने के बीच केंद्र ने सोमवार को राज्यों को एडवाइजरी जारी की। अपनी सलाह में, केंद्र ने राज्यों से आग्रह किया कि वे कोविड की स्थिति पर निरंतर निगरानी बनाए रखें और नियमित आधार पर जिलेवार इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी (आईएलआई) और गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण (एसएआरआई) की रिपोर्ट करें। हाल की वृद्धि को देखते हुए भारत में कुछ राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में कोविड-19 मामलों और देश में नए जेएन.1 वैरिएंट के पहले मामले का पता चलने पर, केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव सुधांश पंत ने राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों को एक पत्र भेजा, जिसमें रखरखाव की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा, देश में कोविड की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

स्वास्थ्य सचिव ने रेखांकित किया कि केंद्र और राज्य सरकारों के बीच लगातार और सहयोगात्मक कार्यों के कारण, हम टिकाऊ कम दरों पर प्रक्षेपवक्र को बनाए रखने में सक्षम हैं। सभी राज्यों को आरटी-पीसीआर परीक्षणों की संख्या बढ़ाने और सकारात्मक नमूने भेजने के लिए प्रोत्साहित किया गया। ताकि देश में नए वेरिएंट, यदि कोई हो, का समय पर पता लगाया जा सके।

केरल में एक महिला में कोरोना वायरस के जेएन.1 नामक नए उप-संस्करण की पहचान की गई है, जो कोविड-19 का कारण बनता है, जिससे चिंता बढ़ गई है और वायरल बीमारी के खिलाफ लड़ाई में निरंतर सतर्कता की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। केंद्र ने 16 दिसंबर को केरल के एक मरीज में कोविड-19 के जेएन.1 सबवेरिएंट की मौजूदगी की पुष्टि की, जो भारत में इस तरह का पहला मामला था। यह वायरल स्वरुप हाल ही में अमेरिका और चीन में पाया गया है। सरकार के अनुसार, चल रही नियमित निगरानी के तहत तिरुवनंतपुरम के एक कोविड पॉजिटिव मरीज का नमूना 8 दिसंबर को जेएन.1 के लिए पॉजिटिव आया था।

## न्यूज फटाफट

### इंडोनेशिया में जल-मौसम संबंधी आपदाओं में दो की मौत

**जकार्ता:** इंडोनेशिया के पश्चिम सुमात्रा प्रांत के कुछ इलाकों में जल-मौसम विज्ञान संबंधी आपदाओं के कारण दो लोगों की मौत हो गई। पश्चिम सुमात्रा के गवर्नर महयेल्दी अंशारुल्लाह ने मंगलवार को स्थानीय मीडिया को यह जानकारी दी। श्री अंशारुल्लाह ने बताया कि अगम रीजेंसी में सोमवार को हुए भूस्खलन में दबने से दो लोगों की मौत हो गई। पीड़ितों की उम्र 18 साल और 33 साल है। उन्होंने कहा कि लीमा पुलुह कोटा की एक अन्य रीजेंसी में बाढ़ और भूस्खलन हुआ, जिससे कुछ प्रमुख सड़कें टूट गईं और कई इमारतें जलमग्न हो गईं। गवर्नर ने मरापी ज्वालामुखी से बहने वाली नदियों के पास रहने वाले लोगों से ठंडी लावा बाढ़ के प्रति सचेत रहने का भी आ''ान किया, जो बारिश की तीव्रता बढ़ने पर संभावित रूप से होती है। उन्होंने सरकार के आधिकारिक आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि पहाड़ से 23 नदियां निकलती हैं। उनके अधीनस्थ वर्तमान में नदियों का निरीक्षण कर रहे हैं और आगे जनता को परिणामों के बारे में सूचित करेंगे।

### चीन के झिंजियांग में भूकंप के तेज झटके

**बीजिंग :** पश्चिमोत्तर चीन के झिंजियांग में मंगलवार को भूकंप को तेज झटके महसूस किए गए। झिंजियांग उइगुर स्वायत्त क्षेत्र में किजिलसु किर्गिज़ के एटक्स शहर में मंगलवार को स्थानीय समय के अनुसार पूर्वाह्न 9:46 बजे महसूस किए गए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.5 आंकी गयी। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र (सीईएनसी) ने बताया कि भूकंप का केंद्र धरती की सतह से 10 किलोमीटर की गहराई में 40.02 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 77.86 डिग्री पूर्वी देशांतर में था।

### मिनबस-कार की टक्कर से दो लोगों की मौत, नौ घायल

**बिश्केक :** पूर्वी किर्गिस्तान के इस्सिक-कुल क्षेत्र में एक मिनीबस और एक कार के बीच टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई और नौ घायल हो गए। स्थानीय पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना काराकोल-टायुप रोड पर उस समय हुई जब एक कार अनियंत्रित होकर मिनीबस से टकरा गयी। इसमें दोनों वाहन चालकों की मौके पर ही मौत हो गई और नौ लोग घायल हो गए। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना से संबंधित मामला दर्ज कर लिया गया है।

### विनय कुमार हिमाचल प्रदेश विधानसभा के उपाध्यक्ष होंगे

**धर्मशाला :** हिमाचल प्रदेश में सिरमौर जिले के रेणुकाजी विधानसभा क्षेत्र से तीन बार के कांग्रेस विधायक विनय कुमार के राज्य विधानसभा के नए उपाध्यक्ष होंगे। विधानसभा सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

# श्रीनगर, पहलगाम के तापमान में गिरावट



**एजेंसियां**

**श्रीनगर :** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में मंगलवार को न्यूनतम तापमान शून्य से कम 3.7 डिग्री सेल्सियस और पहलगाम में शून्य से कम 6.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम की सबसे ठंडी रात रही। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में सोमवार को पर्यटक स्थल के लिए तापमान सामान्य से 2.5 डिग्री सेल्सियस कम था जबकि मंगलवार को यहां का तापमान शून्य से कम 5.1 डिग्री सेल्सियस, पुलवामा में शून्य से कम 5.5 डिग्री सेल्सियस, शोपियां में शून्य से कम 6.8 डिग्री सेल्सियस और कुलगाम में शून्य से कम 3.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

गुलमर्ग में आज तापमान शून्य से कम 6.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जो सामान्य से 1.8 डिग्री सेल्सियस कम है। दक्षिण कश्मीर में श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर काजीगुंड में तापमान एक दिन पहले दर्ज किए गए 0.8 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले आज शून्य से कम 4.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि कोकरनाग में पिछली रात दर्ज किए गए 1.1 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले शून्य से कम 3.1 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

कुपवाड़ा में पिछली रात दर्ज किए गए 2.2 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले आज तापमान शून्य से कम 3.1 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.4 डिग्री सेल्सियस कम रहा। मौसम विभाग ने 23 दिसंबर तक मौसम मुख्य रूप से शुष्क रहने और 24-26 दिसंबर तक आम तौर पर बादल छाए रहने तथा अलग-अलग ऊंचाई वाले इलाकों में हल्का हिमपात होने की चेतावनी दी है।

# यूक्रेन के सैन्य प्रमुख के कमरे में जासूसी उपकरण



**एजेंसियां**

**कियेब:** जनरल स्टाफ, जालुजहनी, कर्मचारियों द्वारा उपयोग किए जाने वाले कार्यालयों में खोजे गए रिकॉर्डिंग उपकरणों की पुष्टि हुई है। यूक्रेन के सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ ने 18 दिसंबर को रिपोर्ट दी थी कि कमांडर-इन-चीफ वलेरी जालुजनी और उनके कर्मचारियों द्वारा उपयोग किए जाने वाले कार्यालयों में रिकॉर्डिंग उपकरण पाए गए थे। बयान में पिछली रिपोर्टों की पुष्टि की गई है कि रिकॉर्डिंग डिवाइस का पता चला है। यूक्रेनस्का प्रावदा ने 17 दिसंबर को कानून प्रवर्तन के सूत्रों का हवाला देते हुए लिखा कि जालुजनी के नए कार्यालय में एक रिकॉर्डिंग डिवाइस पाया गया था। समाचार आउटलेट ने बताया कि उनके कई कर्मचारियों के कार्यालयों में समान उपकरण पाए गए। यूक्रेनस्का प्रावदा के अनुसार, कमांडर-इन-चीफ द्वारा उपयोग के लिए इच्छित नए परिसर के नियमित निरीक्षण के दौरान इन उपकरणों का खुलासा हुआ था। यूक्रेन की सुरक्षा सेवा (एसबीयू) ने 17 दिसंबर को समाचार पर टिप्पणी करते हुए कहा, उपकरण सीधे जालुजनी के कार्यालय में नहीं बल्कि एक कमरे में पाया गया था जिसका उपयोग संभावित रूप से भविष्य में काम के लिए किया जा सकता था। एसबीयू ने कहा कि प्रारंभिक जानकारी से संकेत मिलता है कि उपकरण निष्क्रिय था और उसने कहा कि उसने मामले की आपराधिक जांच शुरू कर दी है।

दूसरी तरफ सेना की जनसंपर्क सेवा के प्रमुख वलोडिमिर फिटो ने कहा कि रूस खार्किव ओब्लास्ट में कुपियांस्क पर कब्जा करने के प्रयासों को तेज कर रहा है, भारी नुकसान की भरपाई के लिए हमले की बटालियनों को क्षेत्र में ले जा रहा है। ग्राउंड फोर्सेज कमांडर ऑलेक्जेंडर सिर्स्की ने 11 दिसंबर को रिपोर्ट दी कि रूसी सेनाएं खार्किव ओब्लास्ट के सिंकिव्का गांव पर कब्जा करने की कोशिश कर रही हैं, इस उम्मीद में कि पास के कुपियांस्क की नाकाबंदी का रास्ता साफ हो जाएगा। सितंबर 2022 में यूक्रेनी जवाबी हमले में रूसी कब्जे से मुक्त हुआ, कुपियांस्क नए सिरे से रूसी आक्रमणों के लिए एक प्रमुख लक्ष्य रहा है, क्योंकि यह दक्षिण या पश्चिम में संभावित धक्का के लिए एक प्रमुख रसद केंद्र के रूप में कार्य करता है।

# तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ जीवन कौशल प्राप्त करें छात्र : मुर्मु



**एजेंसियां**

**हैदराबाद:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ जीवन कौशल हासिल करने के महत्व पर जोर दिया है। श्रीमती मुर्मु मंगलवार को यहां बेगमपेट में हैदराबाद पब्लिक स्कूल (एचपीएस) के शताब्दी समारोह के समापन पर छात्रों और पूर्व छात्रों को संबोधित करते हुए छात्रों को जीवन की चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए मानसिक शक्ति विकसित करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में साहस का प्रदर्शन करने वाले व्यक्ति भविष्य में और अधिक प्रमुख हो जाएंगे। उन्होंने इस संबंध में पर्याप्त अवसर प्रदान करने के लिए नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) को स्वीकार करते हुए पाठ्यक्रम में समग्र विकास के एकीकरण की सिफारिश की। इसके अलावा उन्होंने खेलों के सकारात्मक प्रभाव पर प्रकाश डाला और छात्रों को सकारात्मक विचारों और खुशी को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। राष्ट्रपति ने विशिष्ट पूर्व छात्रों में शामिल माइक्रोसॉफ्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सत्या नडेला के साथ असाधारण योगदान के लिए एचपीएस की सराहना करते हुए विभिन्न क्षेत्रों, विशेष रूप से खेल में छात्रों के प्रोत्साहित करने पर खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह रचनात्मकता और महत्वपूर्ण सोच में योगदान देता है। तेलंगाना की राज्यपाल डॉ. तमिलिसाई सौंदरराजन ने एचपीएस द्वारा नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उत्साहपूर्वक कार्यान्वयन के बारे में आशावाद व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने कक्षा के बाहर छात्रों को समर्थन देने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आहान का जिक्र करते हुए उन्होंने खेल पर ध्यान देने की वकालत की।

# मध्यप्रदेश : विधानसभा में 13 विधायकों ने ली शपथ



**एजेंसियां**

**भोपाल :** मध्यप्रदेश की नवगठित सोलहवीं विधानसभा के चार दिवसीय विशेष सत्र के दूसरे दिन आज 13 सदस्यों ने विधायक पद की शपथ ग्रहण की। सदन की कार्यवाही शुरु होते ही प्रोटेम स्पीकर गोपाल भार्गव ने कहा कि जिन सदस्यों ने शपथ नहीं ली है, वे शपथ लेकर सदस्यों की नामावली में हस्ताक्षर करेंगे। इसके बाद 13 विधायकों ने शपथ ग्रहण की। भारतीय जनता पार्टी विधायक उमाकांत शर्मा ने संस्कृत में और कांग्रेस विधायक आतिफ आरिफ अकील ने उर्दू में शपथ ग्रहण की। इसके पहले कल, सत्र के पहले दिन 207 सदस्यों ने विधायक पद की शपथ ग्रहण की थी। मध्यप्रदेश विधानसभा में कुल 230 सदस्य हैं। दो दिन में कुल 220 सदस्य विधायक पद की शपथ ग्रहण कर चुके हैं।

**गाजा हादसा** > ब्रिटिश मंत्री ने इजरायल से मानवीय कानून का पालन करने का आग्रह किया

# अपने ही तीन बंधकों की मौत से सदमे में इजरायल

- इजरायली हमलों के बाद कम से कम 110 लोग मारे गए हैं
- इस घटना की पोप फ्रांसिस ने भी निंदा की

**एजेंसियां**



**तेल अवीव:** इजराइल रक्षा बलों की इस स्वीकारोक्ति से इजराइल सदमे में है कि उसने शुक्रवार को गाजा में तीन इजराइलियों की गोली मारकर हत्या कर दी। इन तीनों को हमास ने समूह के 7 अक्टूबर के आतंकवादी हमले के दौरान बंधक बना लिया था। आईडीएफ का कहना है कि गोलीबारी उसके नियमों के खिलाफ थी और इसमें शामिल सैनिकों को अनुशासनात्मक प्रक्रियाओं का सामना करना पड़ेगा। शुक्रवार को शेजैया के गाजा सिटी पड़ोस के आसपास एक आईडीएफ ऑपरेशन के दौरान तीन लोग मारे गए थे। शनिवार को, आईडीएफ के एक अधिकारी ने कहा कि तीनों इजरायली सैनिकों के एक समूह से दसियों मीटर दूर एक इमारत से निकले थे। अधिकारी के अनुसार, वे शर्टलेस थे और एक सफेद झंडा लहरा रहे थे, जिन्होंने चल रही जांच के बारे में खुलकर बात करने के लिए नाम न छापने की शर्त पर पत्रकारों से बात की। कम से कम एक सैनिक को खतरा महसूस हुआ और उसने गोली चला दी, जिससे दो लोगों की तुरंत मौत हो गई। तीसरा घायल हो गया और वापस इमारत के अंदर भाग गया। इजरायली इकाई ने हिब्रू में मदद के लिए पुकार सुनी, जिस समय ब्रिगेड कमांडर ने अपने सैनिकों को गोलीबारी रोकने का आदेश दिया। हालाँकि, फिर से गोलीबारी हुई। तीसरे बंधक की बाद में मौत हो गई। अधिकारी ने कहा कि सफेद झंडा लहराते हुए उनकी गोलीबारी आईडीएफ के नियमों का उल्लंघन है। अधिकारी ने बताया कि यह स्पष्ट नहीं है कि शुरू में कौन बंधक बच गया और कब मारा गया।

आईडीएफ के प्रवक्ता डैनियल हगारी के अनुसार, इजरायली सैनिकों को यह अनुमान नहीं था कि बंधकों द्वारा उनसे संपर्क किया जाएगा, बल्कि उन्होंने सोचा कि वे उन्हें या तो किसी इमारत में, सुरंग में या हथकड़ी लगाए हुए पाएंगे। उन्होंने शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इजराइल की सेना के पास गलती से मारे गए तीन बंधकों के बारे में कोई खुफिया जानकारी नहीं थी। आईडीएफ ने कहा, उस दुखद घटना के बाद जहां आईडीएफ सैनिकों द्वारा गलती से तीन इजरायली बंधकों को मार दिया गया था, जहां घटना हुई थी, उसके बगल की एक इमारत में तलाशी ली गई।

इस बीच हमास-नियंत्रित स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि पिछले 24 घंटों में उत्तरी गाजा में जबल्या पर इजरायली हमलों के बाद कम से कम 110 लोग मारे गए हैं और दर्जनों अन्य घायल हो गए हैं। एक वरिष्ठ रक्षा अधिकारी ने कहा कि अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन सोमवार को तेल अवीव पहुंचे, जहां उनके इजरायली अधिकारियों पर हमास के साथ युद्ध के लिए मील के पत्थर को परिभाषित करने के लिए दबाव डालने की उम्मीद है। राष्ट्रपति जो बिडेन ने इजराइल को चेतावनी दी है कि गाजा पर बमबारी के कारण वह समर्थन खो रहा है। एक इजरायली सैन्य स्नाइपर द्वारा कथित तौर पर गाजा चर्च में एक मां और बेटी की गोली मारकर हत्या करने के बाद एक ब्रिटिश मंत्री ने इजरायल से मानवीय कानून का पालन करने का आग्रह किया, इस घटना की पोप फ्रांसिस ने भी निंदा की।

## आज का इतिहास

- 1757 : क्लाइव को बंगाल का गवर्नर बनाया गया।
- 1780 : ब्रिटेन ने हालैंड के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- 1880 : ब्रिटेन, आस्ट्रिया, फ्रांस और रूस ने बेल्जियम को मान्यता प्रदान की।
- 1924 : जर्मनी में एडोल्फ हिटलर की समय से पहले जेल से रिहाई।
- 1928 : प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ मोतीलाल वोरा का जन्म।
- 1942 : कलकत्ता पर जापानियों का पहला हवाई हमला।
- 1951 : पहली बार न्यूक्लियर पावर रिएक्टर से अमेरिका में बिजली बनाई गई।
- 1951 : ओमान ब्रिटेन से स्वतंत्र हुआ।
- 1955 : भारतीय गोल्फ यूनियन की स्थापना।
- 1959 : भारतीय गेंदबाज जासू पटेल ने कानपुर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 69 रन देकर नौ विकेट लिए।
- 1960 : उत्तराखंड के आठवें मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत का जन्म।
- 1963 : जर्मनी में बर्लिन की दीवार को पहली बार पश्चिमी बर्लिन के लोगों के लिए खोला गया।
- 1971 : जनरल या'ा खां ने पाकिस्तान का राष्ट्रपति पद छोड़ा, जुल्फिकार अली भुट्टो राष्ट्रपति बने।
- 1973 : यूरोपीय देश स्पेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री एडमिरल लुईस करेरो ब्लांको की मैड्रिड में एक कार बम हमले में मौत।
- 1985 : तिरुपति में भगवान वेंकटेश्वर को रत्नजड़ित मुकुट पहनाया गया, जिसकी कीमत उस समय 5.2 करोड़ रूपए आंकी गई।
- 1988 : भारतीय संसद ने संविधान संशोधन के माध्यम से मतदान करने की आयु 21 से घटाकर 18 साल करने संबंधी विधेयक को मंजूरी दी।
- 1999 : पुर्तगाल ने मकाउ क्षेत्र चीन को सौंपा।

## 11 इंजीनियरों को मुख्य अभियंता पद पर मिला प्रमोशन

रांचीः राज्य सरकार ने 11 अधीक्षण अभियंताओं को मुख्य अभियंता पद पर प्रोन्नति प्रदान की है। राज्य में यह पहली बार है जब इतनी बड़ी संख्या मेइंजीनियरों को चीफ इंजीनियर के पद पर प्रोन्नति दी है। अधीक्षण अभियंता के पीबी-4 , 37,400-67,400, ग्रेड पे-6700 रिवाइज वेतनमान मैट्रिक्स लेबल 13 से प्रोन्नति देत हुए उन्हें पीबी 4-37400- 67000 ग्रेड पे- 8900 रुपये में प्रमोशन दिया गया है।

**उद्घाटन** गुमला में मुख्यमंत्री ने 467 करोड़ रुपये की योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया

# गांव को मजबूत किये बिना राज्य को सशक्त नहीं किया जा सकता: हेमंत सोरेन

**राष्ट्रीय खबर**

**रांचीः** सरकार गठन से पूर्व ये वादा किया था कि लोगों को प्रखंड और जिला मुख्यालय नहीं बल्कि आपकी सरकार खुद आपके द्वार पर आकर आपकी समस्याओं का समाधान करेगी। इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए हमारी सरकार तीसरे चरण का ह्लआपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वारह्व कार्यक्रम का आयोजन गांव और पंचायत में कर रही है। ये बातें मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहीं। मुख्यमंत्री गुमला के कसीरा पंचायत में आयोजित ह्लआपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वारह्व कार्यक्रम में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव को मजबूत किये बिना राज्य को सशक्त नहीं कर सकते।

यही वजह है कि आपकी सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में छात्र-छात्राओं और युवाओं को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। बेटियों की पढ़ाई नहीं छूटे, इसके लिए सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत आर्थिक सहयोग किया जा रहा है। वहीं उच्च शिक्षा के लिए गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना शुरू की गयी है। सरकार इस योजना के तहत अध्यनरत छात्र-छात्राओं को आर्थिक सहयोग करेगी। राज्य सरकार यहां के दलित, आदिवासी, पिछड़े और अल्पसंख्यक के बच्चों को विदेश में उच्च शिक्षा के लिए शत प्रतिशत छात्रवृत्ति प्रदान कर रही है। वर्तमान में गुमला के चार बच्चे विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।पूर्व में जिला स्तर पर कौशल विकास के लिए संचालित प्रशिक्षण केन्द्रों को प्रखंड स्तर पर शुरू किया गया है।

खेल के क्षेत्र में राज्य के खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। हाल ही में महिला एशियन हॉकी चैंपियन ट्रॉफी की मेजबानी झारखण्ड ने की। यहां के खिलाड़ियों को आपकी सरकार सिर्फ आर्थिक सहायता ही नहीं, बल्कि सरकारी नियुक्ति में भी आगे लाने पर विचार कर रही है।उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पात्र वंचित गरीबों के आवास को स्वीकृति नहीं दी। परंतु आपकी सरकार राज्य के जरूरतमंद आठ लाख लोगों को आवास उपलब्ध करायेगी। सरकार अबुआ आवास योजना के तहत 8 लाख गरीबों का अपना घर होने के सपने को पूरा करेगी। इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बादल पत्रलेख, गुमला विधायक भूषण तिर्की, सिसई विधायक जिगा सुसारण होरो, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



# हाइकोर्ट में वीडियो कॉफ्रेंसिंग से हाजिर हुए गृह सचिव व डीजीपी

**राष्ट्रीय खबर**

**रांचीः**झारखंड हाइकोर्ट में आज मंगलवार को 1984 के सिख दंगों के पीड़ितों को मुआवजा दिलाने एवं इससे संबंधित क्रिमिनल केस की मॉनिटरिंग की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने जमशेदपुर एसएसपी को प्रार्थी सतनाम सिंह गंभीर की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाने का निर्देश दिया। कोर्ट के पूर्व के आदेश के आलोक में आज गृह सचिव और डीजीपी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत के समक्ष उपस्थित हुए। दोनों अधिकारियों ने कोर्ट को बताया कि पीड़ितों को मुआवजा देने की प्रक्रिया जारी है। वहीं क्रिमिनल मामलों में चार्जशीट एवं फाइनल फॉर्म ट्रायल कोर्ट में जमा कर दिया गया है। सरकार इस पूरे मामले में काफी संजीदा है। जिसके बाद अदालत ने राज्य सरकार के अधिवक्ता को यह बातें शपथ पत्र के माध्यम से बताने का निर्देश दिया। इसके बाद अगली सुनवाई के लिए जनवरी का समय निर्धारित किया। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने पक्ष रखा।



# जनवरी में सुप्रीम कोर्ट में होगी पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की जमानत पर सुनवाई



**राष्ट्रीय खबर**

**रांचीः**जमीन घोटाले से जुड़े मामले के आरोपी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की जमानत याचिका पर अब अगली सुनवाई जनवरी 2024 में होगी। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 4 सप्ताह बाद की तिथि निर्धारित की गई है। जिस केस में उन्होंने जमानत अर्जी दाखिल की है, बता दें, सेना की जमीन को गलत तरीके से बेचे जाने के मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन जेल में बंद हैं। वह 4 मई 2023 से ही इस मामले में जेल में बंद हैं। बरियातू स्थित सेना की जमीन और चेशायर होम के पास करीब डेढ़ एकड़ जमीन का गलत तरीके से पेपर बनाने के मामले को लेकर ईडी की तरफ से निलंबित आईएएस छवि रंजन पर कार्रवाई की गई थी। छवि रंजन के अलावा और भी कई आरोपियों को इस मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया था। फिलहाल निलंबित आईएएस छवि रंजन रांची के होटवार जेल में बंद हैं और बेल के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

# शहरों में लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर रूल रेगुलेशन का ड्राफ्ट तैयार

**राष्ट्रीय खबर**

**रांचीः** झारखंड सरकार ने शहरों में लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर रूल रेगुलेशन का ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। अब वेस्ट डिस्पोजल से लेकर यूजर्स चार्ज तथा रीयूज पर मंथन शुरू किया गया है। जल्द ही इसे धरातल पर उतारा जायेगा। मंगलवार को होटल रेडीशन ब्लू में लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट विषय पर आयोजित एक स्टेकहोल्डर्स मीटिंग में ये बातें शहरी विकास अभिकरण के निदेशक अमित कुमार ने कहीं। उन्होंने कहा कि अधिकांश नगर निकायों में या तो सिवरेज या फिर सेप्टेज की योजनाओं पर तेजी से कार्य चल रहा है। उन्होंने देश के कई प्रतिष्ठित पीएसयू के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में कहा कि हमारी सरकार हर शहरी नागरिक के घर तक पाइपलाइन से शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए कृतसंकल्पित है और इसलिए हम सभी को निःशुल्क वाटर कनेक्शन दे रहे हैं,पर यह कार्य नगर निकायों की आंशिक जिम्मेदारी है और केवल इतना करने से हमारी जिम्मेदारियां पूरी नहीं होतीं। उन्होंने कहा कि हमें प्राकृतिक संसाधनों को सशक्त बनाना है और इसके लिए री यूज प्रणाली को अपनी जीवनशैली में अपनाना पड़ेगा। इसलिए जरूरी है कि हम उपयोग किये गये पानी को री ट्रीट करके उसका उपयोग सेकेंडरी वाटर के रूप में करें। उन्होंने भारी उद्योग में उपयोग होनेवाले फ्रेश वाटर के जगह अधिक से अधिक ट्रीटेड वाटर के इस्तेमाल का आग्रह किया। श्री कुमार ने कहा कि इससे हम अपने प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करेंगे और इस पानी से आनेवाले राजस्व से ट्रीटमेंट प्लांट का रख रखाव होगा।



# राज्य शिक्षा परियोजना परिषद के कार्यशाला का समापन



**राष्ट्रीय खबर**

**रांचीः**राज्य शिक्षा परियोजना परिषद और युनिसेफ के संयुक्त रूप से दो दिवसीय कार्यशाला का समापन मंगलवार को हुआ। यह कार्यशाला जीवन कौशन पर आधारित था। कार्यशाला के दूसरे दिन सिविल सोसाइटी के प्रतिनिधियों ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से अपनी बातों को रखा। वहीं कस्तूरबा विद्यालय के छात्राओं के लिंग भेद जीवन कौशल समेत कई विषयों पर नाटक प्रस्तुत किया। बच्चियों ने अपनी प्रस्तुतियों में बताया कि पितृसत्तात्मक समाज में अपने आत्म-सम्मान के साथ-साथ एक सकारात्मक शारीरिक आत्मविश्वास का निर्माण कैसे किया जाए।कार्यशाला में राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी, यूनिसेफ की राज्य पदाधिकारी कनीनिका मित्रा, यूनिसेफ की राज्य पदाधिकारी लक्ष्मी रंजन, यूनिसेफ की एजुकेशन स्पेशलिस्ट पारुल शर्मा, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी अभिनव कुमार और यूनिसेफ के पदाधिकारी संजीव कुमार मौजूद रहे।

# पुलिस हिरासत में मरने वाले के परिजन को मिलेगा मुआवजा, गृह विभाग ने दिया आदेश

**राष्ट्रीय खबर**

**रांचीः**झारखंड पुलिस की हिरासत में मरने वाले के परिजन को मुआवजा मिलेगा। इसको लेकर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि पुलिस हिरासत में मरने वाले जसीम अंसारी (गिरिडीह के बरवाडीह निवासी) के भाई रुस्तम अंसारी को पांच लाख की राशि मुआवजा के रूप में देने की स्वीकृति प्रदान की गयी है।जसीम अंसारी को अपनी पत्नी अफसाना परवीन की हत्या के आरोप में पुलिस ने चार जुलाई 2019 को गिरफ्तार किया था। जिसके बाद उसने मुफस्सिल थाना के हाजत में देर रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। उसके परिजनों ने मुफस्सिल थाना पुलिस पर अपने बेटे को हाजत में मार डालने का आरोप लगाया था।



# राम प्यार प्रसाद मुख्य अभियंता ग्रामीण कार्य व प्रमोद कुमार बने सीई जेएसआरआरडीए

**राष्ट्रीय खबर**

**रांचीः** राज्य सरकार ने अधीक्षण अभियंता अनुश्रवण अभियंता प्रमुख कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग प्रमोद कुमार को स्थानांतरित करते हुए उन्हें अपने वेतनमान में ही मुख्य अभियंता जेएसआरआरडीए रांची का स्वतंत्र प्रभार दिया है। अधीक्षण अभियंता ग्रामीण कार्य अंचल रांची राम प्यार प्रसाद, अतिरिक्त प्रभार ग्रामीण कार्य विभाग को स्थानांतरित करते हुए उन्हें मुख्य अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग के पद पर पदस्थापित किया है। कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल रांची बाला प्रसाद चौधरी को अपने कार्यों के साथ अधीक्षण अभियंता ग्रामीण कार्य अंचल रांची का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल हजारीबाग सुरेश प्रसाद को अपने कार्यों के अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता ग्रामीण कार्य अंचल हजारीबाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। मुख्य अभियंता के सचिव प्रावेधिक मनोहर कुमार को अपने कार्यों के साथ अतिरिक्त एसक्यूसी जेएसआरआरडीए के पद पर पदस्थापित किया गया है। प्रभारी एसई हजारीबाग, वर्मा दयाल राम को अपने कार्यों के साथ एसई कार्य अंचल गिरिडीह के पद पर पदस्थापित किया गया है। सोनेथ सोरेन, एसई कार्य अंचल दुमका को अगले आदेश तक अगले आदेश तक कार्यपालक अभियंता कार्य प्रमंडल रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है। इस संबंध में ग्रामीण कार्य विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

**तैयारी** 21 दिसम्बर को बाढ़ से निपटने के लिए की जायेगी मॉक ड्रिल

# राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण झारखंड में बाढ़ से निपटने के लिए 21 दिसंबर को करेगा मॉक ड्रिल

**राष्ट्रीय खबर**

**रांचीः** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, भारत सरकार के ब्रिगेडियर बीरेन्द्र ठाकर की अध्यक्षता में झारखंड में बाढ़ से निपटने के लिए झारखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं सभी संबंधित विभागों की तैयारियों की समीक्षा की गयी। उन्होंने कहा कि झारखंड में यदि बाढ़ आती है तो हम लोगों को रेस्क्यू कैसे करेंगे, उनके जान माल की सुरक्षा कैसे करेंगे, इसकी तैयारी पुख़्ता रखनी है। झारखंड में बाढ़ से निपटने के लिए एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया जायेगा। इसी से संबंधित आपदा प्रबंधन प्रभाग की एक टेबल टॉप एक्सरसाइज मंगलवार को धुर्वा स्थित आपदा प्रबंधन प्रभाग के सभागार में की गयी। इस अवसर पर सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं ज़िलों के पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित थे। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, भारत सरकार के ब्रिगेडियर बीरेन्द्र ठाकर ने कहा कि बाढ़ व अन्य आपदाओं के समय सभी संबंधित विभागों व पदाधिकारियों को अपने रोल व रेस्पोंसिबिलिटी की जानकारी होनी चाहिए। आपदा के समय सभी विभाग एकजुट होकर कार्य करेंगे तभी इसका परिणाम निकल कर सामने आयेगा। उन्होंने आपदा प्रबंधन के पदाधिकारियों को आईआरएस मोड्यूल को झारखंड में नोटिफाई करने का सुझाव दिया। इससे हर एक विभाग व पदाधिकारियों को अपना रोल एवम्-रेस्पोंसिबिलिटी पता होगी तो आपदा के समय रेस्क्यू करना आसान होगा।राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, भारत सरकार एवं झारखंड आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा 21 दिसंबर को धुर्वा डैम में बाढ़ से निपटने के लिए मॉक ड्रिल की जायेगी। इसी से संबंधित झारखंड आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं सभी संबंधित विभागों की तैयारियों की जानकारी ली गयी। आपदा प्रबंधन विभाग के उप सचिव राजेश कुमार ने झारखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की कार्यप्रणाली पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने झारखंड की स्थानीय आपदाओं को चिन्हित किया। भारी बारिश के कारण बाढ़ की स्थिति से अवगत कराया। बाढ़ की स्थिति को देखते हुए इसके पूर्व की तैयारियों व बाढ़ आने पर इसके बचाव के साथ रेस्क्यू, रिलीफ और रेहबिलिटेशन पर जोर दिया जाना चाहिए ताकि लोगों को समय रहते रेस्क्यू किया जा सके, रेस्क्यू किए गए लोगों को रिलीफ पहुंचायी जा सके साथ ही साथ उनका रेहबिलिटेशन भी हो सके। इसी उद्देश्य के साथ हमें काम करना है।




